सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार, 10 मार्च, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 69, पेज 12, 2.00 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## आरएंडडी को बढ़ावा देते हैं आईपीआर कानून

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि आईपीआर कानून से देश में अनुसंधान और विकास को तेजी से बढ़ावा मिला है। } 11

## भाजपा ही कर सकती है गरीबों व दलित का भला

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि पिछड़ा, अति पिछड़ा वर्ग, गरीब और दलित का अगर कोई भला कर सकता है तो केवल और केवल नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी कर सकती है। } 12



# आजादी के बाद पूर्वी भारत की हुई उपेक्षा : मोदी

## पश्चिम बंगाल में 4,500 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण

एजेंसी

सिलीगुड़ी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तरी पश्चिम बंगाल में 4,500 करोड़ रुपये से अधिक की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का शनिवार को लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री ने इस महीने राज्य की अपनी तीसरी यात्रा के दौरान क्षेत्र के सबसे बड़े शहर सिलीगुड़ी में एक कार्यक्रम में परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। कार्यक्रम में राज्यपाल सीवी आनंद बोस भी मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोदी ने आरोप लगाया कि आजादी के बाद पूर्वी भारत की उपेक्षा की गई लेकिन उनकी सरकार इसे देश का विकास इंजन मानती है। उन्होंने कहा, पिछले 10 वर्षों में, बंगाल, विशेषकर उत्तरी बंगाल का विकास हमारी सरकार की प्राथमिकता रही है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री ने रेलवे लाइन विद्युतीकरण की कई परियोजनाओं का उद्घाटन किया, जिससे उत्तरी पश्चिम बंगाल और आसपास के इलाकों के लोगों को फायदा मिलेगा। इसमें कहा गया है कि इन रेलवे लाइन में एकलाखी-बालुरघाट खंड, बारसोई-राधिकापुर खंड, रानीनगर जलपाईगुड़ी-हल्दीबाड़ी खंड, बागडोगरा के माध्यम से सिलीगुड़ी ...शेष पृष्ठ 10 पर



असम के काजीरंगा में हाथी को गन्ना खिलाते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

## प्रधानमंत्री ने की काजीरंगा की सैर राष्ट्र को समर्पित की सेला सुरंग

एजेंसी

काजीरंगा (असम)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार सुबह असम के काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान एवं बाघ अभयारण्य में हाथी और जीप सफारी की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) द्वारा घोषित विश्व धरोहर स्थल की अपनी पहली यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने सबसे पहले उद्यान के सेंट्रल कोहोरा रेंज के मिहिमुख क्षेत्र में हाथी की सवारी की और उसके बाद उसी रेंज के अंदर जीप सफारी की। उनके साथ उद्यान निदेशक सोनाली घोष और अन्य वरिष्ठ वन अधिकारी भी थे।

वहीं दूसरी ओर पूर्वोत्तर में 55,600 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन किया जिसमें सामरिक रूप से महत्वपूर्ण सेला सुरंग भी शामिल है जो अरुणाचल प्रदेश के तवांग तक हर मौसम में संपर्क सुविधा उपलब्ध कराएगी। प्रधानमंत्री ने ईटानगर में एक कार्यक्रम में मणिपुर, मेघालय, नगालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा और अरुणाचल प्रदेश की परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया। एक बयान के अनुसार, करीब 825 करोड़ रुपये की लागत से बनी सेला सुरंग इंजीनियरिंग का ...शेष पृष्ठ 10 पर

## संक्षेप

### चुनाव आयुक्त अरुण गोयल ने दिया इस्तीफा



नयी दिल्ली। चुनाव आयुक्त अरुण गोयल ने 2024 के लोकसभा चुनाव कार्यक्रम की संभावित घोषणा से कुछ दिन पहले शनिवार को पद से इस्तीफा दे दिया। गोयल का कार्यकाल दिसंबर 2027 तक था। कानून मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार, गोयल का इस्तीफा शनिवार को ...शेष पृष्ठ 10 पर

### पाक के नये राष्ट्रपति बने आसिफ अली जरदारी



इस्लामाबाद/लाहौर। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के सह-अध्यक्ष आसिफ अली जरदारी शनिवार को देश के 14वें राष्ट्रपति चुने गए। जरदारी (68) पीपीपी और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के संयुक्त उम्मीदवार थे, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी महमूद खान अचकजई सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल के प्रत्याशी थे। जरदारी को 255 वोट मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी को 119 वोट मिले। जरदारी दूसरी बार राष्ट्रपति चुने गए हैं। इससे पहले वह 2008 से 2013 तक राष्ट्रपति रहे। जरदारी दूसरी बार राष्ट्रपति चुने जाने वाले पहले असैन्य व्यक्ति हैं।

### किसान आंदोलन को लेकर खुफिया अलर्ट

नई दिल्ली। किसान आंदोलन को लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय के तहत काम करने वाली खुफिया एजेंसी को जो अलर्ट मिल रहे हैं, उससे दिल्ली की चिंता बढ़ गई है। दिल्ली सहित पांच राज्यों की पुलिस, एक ही प्लान पर काम कर रही हैं। सूत्रों के मुताबिक, राष्ट्रीय राजधानी की तरफ बढ़ रहे किसानों को जंतर-मंतर तक न पहुंचने दिया जाए, पुलिस इसी एंगल पर काम कर रही है। किसान संगठनों ने दस मार्च को चार घंटे तक रेल रोकने का आह्वान किया है। उसके बाद 14 मार्च को रामलीला मैदान में किसान महापंचायत करने की बात कही है। हालांकि इस बार किसान, ट्रैक्टर के बिना ही दिल्ली पहुंच रहे हैं। खुफिया एजेंसी के अलर्ट पर रेल, ...शेष पृष्ठ 10 पर

### लंदन में चलो इंडिया, लिविंग ब्रिज अभियान की शुरुआत

लंदन। ब्रिटेन के लंदन में भारतीय उच्चायोग ने दो प्रमुख अभियानों चलो इंडिया और लिविंग ब्रिज की शुरुआत की। चलो इंडिया अभियान पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए है जबकि लिविंग ब्रिज अभियान ब्रिटेन में भारतीय मूल के लोगों के योगदान का जश्न मनाने के लिए है। चलो इंडिया ग्लोबल डायस्पोरा अभियान की घोषणा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस सप्ताह की शुरुआत में श्रीनगर में की थी ताकि भारतीय समुदाय के लोगों को अपने गैर-भारतीय मित्रों को भारत में पर्यटन स्थलों की यात्रा के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। इस मौके पर ब्रिटेन में भारत के उच्चायुक्त विक्रम दुईस्वामी ने इंडिया हाउस में अपने संबोधन में कहा, मुझे लगता है कि वास्तव में यह आपके लिए एक राजदूत बनने और उसका जश्न मनाने का अवसर है। उन्होंने ...शेष पृष्ठ 10 पर

# विश्व की तीसरी बड़ी ताकत बन रहा भारत

## योगी ने चंदौली को दी 743 करोड़ की सौगात

जिला संवाददाता

चंदौली/जौनपुर/आजमगढ़/गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज पूर्वांचल के चंदौली, जौनपुर, वाराणसी, आजमगढ़ और जौनपुर जिले का दौरा किया और विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। मुख्यमंत्री ने चंदौली को 743 करोड़, जौनपुर को 899 करोड़ की सौगात दी, वहीं आजमगढ़ में उन्होंने प्रधानमंत्री के आगमन के मद्देनजर सुरक्षा तैयारियों का जायजा लिया। चंदौली जिले के रामपुर मचिया में 743 करोड़ रुपये की 78 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 से पहले देश में अंधकार युग का वातावरण था, चारों तरफ अविश्वास का माहौल था, भारतीयों का गिरता हुआ सम्मान, घोटालों की लंबी शृंखला, अराजकता, नक्सलवाद और उग्रवाद भारत की नियति ...शेष पृष्ठ 10 पर



विकास परियोजनाओं का लोकार्पण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

## सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है अनुशासन

जिला संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जीवन में अनुशासन के बिना कुछ भी नहीं हो सकता है। यह अनुशासन आत्मानुशासन से पैदा होता है और यह जीवन भर सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है, मंजिल तक पहुंचाने का मार्गदर्शन करता है। इस दृष्टिकोण से युवाओं को अनुशासन का व्यावहारिक ज्ञान देने में एनसीसी की महत्वपूर्ण भूमिका है। सीएम योगी शनिवार को गोरखपुर के सिक्टौर (तालकंदला) में एनसीसी ट्रेनिंग एकेडमी का भूमि पूजन और शिलान्यास करने के बाद यहां आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। एनसीसी ग्रुप मुख्यालय गोरखपुर की ट्रेनिंग एकेडमी का निर्माण 10 एकड़ क्षेत्रफल में 55 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। शिलान्यास समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि 1948 में संसद के ...शेष पृष्ठ 10 पर

## वाराणसी में पीएम मोदी ने किया भव्य रोड शो



जिला संवाददाता

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार की शाम अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी पहुंचे और भव्य रोड शो किया। इस दौरान लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वैदिक विद्वानों ने जहां मंत्रोच्चार के बीच स्वागत किया, वहीं प्रधानमंत्री ने हाथ जोड़कर काशीवासियों का अभिनंदन किया। सड़क के दोनों ओर लोग अपने प्रियनेता की एक झलक देखनेको बेताब नजर ...शेष पृष्ठ 10 पर

## एमएलसी चुनाव के लिए भाजपा ने घोषित किये सात उम्मीदवार

विशेष संवाददाता

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी ने यूपी में होने वाले विधान परिषद चुनाव के लिए प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। पार्टी ने प्रदीप उपाध्यक्षए विजय बहादुर पाठक, डॉ. महेंद्र सिंह, अशोक कटारिया को फिर से मौका दिया है। इसके अलावा, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह, डॉ. धर्मेंद्र सिंह, मोहित बेनीवाल और राम तीरथ सिंह को टिकट दिया है।

विधान परिषद के इस चुनाव में विधान सभा के सदस्य वोट देंगे। पांच मई को कुल 13 सीटें रिक्त होंगी, जिनके लिए चुनाव कराया जा रहा है। 13 सीटों पर होने वाले चुनाव में भाजपा 10 सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी। इनमें 9 सीटों पर भाजपा के प्रत्याशी होंगे। एक सीट अपना दल एस को गठबंधन में दी जाएगी। अपना दल (एस) के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष आशीष पटेल प्रत्याशी होंगे। उधर, सपा ने अपने प्रत्याशी लगभग तय कर लिए हैं। पार्टी अपने प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल, पूर्व मंत्री बलराम यादव और पूर्व विधायक शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली को विधान परिषद में भेजेगी। इन पर पार्टी में उच्चस्तर पर सहमति बन चुकी है, सिर्फ औपचारिक घोषणा होना बाकी है। भाजपा के यशवंत, विजय बहादुर पाठक, विद्यासागर सोनकर, डॉ. सरोजनी अग्रवाल, अशोक कटारिया, अशोक धवन, बुक्कल नवाब, महेंद्र कुमार सिंह, निर्मला पासवान, मोहसिन रजा, अपना दल ...शेष पृष्ठ 10 पर

# भारत ने इंग्लैंड को हराया, शृंखला 4-1 से जीती

## कुलदीप यादव को मैन आफ द मैच व यशस्वी जायसवाल को मैन ऑफ द सीरीज मिला

एजेंसी

धर्मशाला। अपना 100वां टेस्ट मैच खेल रहे रविचंद्रन अश्विन ने मैच में नौ विकेट लिए जिससे भारत ने इंग्लैंड को पांचवें और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन ही शनिवार को यहां पारी और 64 रन से करारी शिकस्त दी। भारत ने इस तरह से पांच मैच की श्रृंखला 4-1 से जीती। इंग्लैंड की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 218 रन पर आउट हो गई थी जिसके जवाब में भारत ने 477 रन बनाकर 259 रन की बढ़त हासिल की। इंग्लैंड की टीम अपनी दूसरी पारी में 195 रन पर आउट हो गई। पहली पारी में चार विकेट लेने वाले अश्विन ने दूसरी पारी में 77 रन देकर 5 विकेट लिए। इंग्लैंड की तरफ से जो रूट ने सर्वाधिक 84 रन बनाए।




**700 विकेट लेने वाले पहले तेजगेंदबा बने एंडरसन :** पांचवे और आखिरी टेस्ट के दौरान इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने एक खास उपलब्धि हासिल की। तीसरे दिन की सुबह कुलदीप यादव का विकेट लेकर एंडरसन ने टेस्ट में अपने 700 विकेट पूरे किए। (विस्तृत खबर भीतर)

विशेष खबर — 184 अधिकारी कैडेट व 36 महिला कैडेट को भारतीय सेना की विभिन्न शाखाओं व सेवाओं में किया शामिल

# भारत के सुरक्षा परिदृश्य में बहुआयामी खतरे

एजेंसी

चेन्नई। एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी ने शनिवार को कहा कि नयी प्रौद्योगिकी और पूर्णतयः नए तौर तरीकों की वजह से युद्ध क्षेत्र में मूलभूत परिवर्तन हो रहा है। उन्होंने यहां अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी (ओटीए) में विभिन्न टुकड़ियों की पासिंग आउट परेड का निरीक्षण करने के बाद ये टिप्पणियां कीं।

उन्होंने कहा भारत के सुरक्षा परिदृश्य में बहुआयामी खतरे और चुनौतियां शामिल हैं। इसके लिए हमें विभिन्न क्षेत्रों में क्षमताओं का निर्माण करने के साथ ही कम समय में अभियानों को लागू करना होगा। उन्होंने युवा अधिकारियों से तकनीकी प्रगति के साथ तालमेल स्थापित करने की अपील की। एयर मार्शल ने कहा कि ये अधिकारी ऐसे वक्त में इस पेशे को अपना रहे हैं जब देश प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में परिवर्तन से गुजर रहा है। उन्होंने कहा हमारे सशस्त्र बलों ने अगली पीढ़ी के



युद्धक उपकरणों को खरीदने में भारी निवेश किया है। इन अत्यधिक शक्तिशाली प्रणालियों के भावी संचालकों के रूप में आपको इनसे भलीभांति परिचित होने की आवश्यकता है और यह कठोर प्रशिक्षण, समर्पण और एक पेशेवर दृष्टिकोण के जरिए ही हासिल किया जा सकता है। फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ के हवाले से उन्होंने कहा कि राष्ट्र को इन अधिकारियों से असाधारण पेशेवर रवैये और निर्विवादित सत्यनिष्ठा की अपेक्षा है।

एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने कहा हम आपसे निजी आचरण और नैतिक मूल्यों के ऐसे उच्च मानकों को बनाए रखने की उम्मीद करते हैं जो सेना के पेशे की गरिमा और गौरव को दर्शाएं। चेन्नई में स्थित ओटीए में कठोर प्रशिक्षण पूरा करने के बाद 184 अधिकारी कैडेट और 36 महिला कैडेट को भारतीय सेना की विभिन्न शाखाओं और सेवाओं में शामिल किया गया। ओटीए ने बताया कि इसके अलावा मैत्रीपूर्ण देशों के तीन अधिकारी कैडेट और छह महिला कैडेट ने अपना प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया जिससे विभिन्न देशों के बीच सौहार्द और सहयोग को बढ़ावा मिला है। एयर चीफ मार्शल ने एयूओ आर्यन शाही को स्वॉर्ड ऑफ ऑनर और रजत पदक, एसीए शौर्यन थापा को ओटीए स्वर्ण पदक और बीसीए सारन्या एम. को कांस्य पदक प्रदान किया।

## होली पर गरीब महिलाओं को मिलेगा निशुल्क गैस सिलेंडर

विशेष संवाददाता

लखनऊ। यूपी की योगी सरकार दीपावली की तर्ज पर होली में भी प्रदेश की महिलाओं को त्योहार पर निशुल्क गैस सिलेंडर का तोहफा देने जा रही है। सरकार के इस प्रयास से रंगों का यह पर्व पर प्रदेश की गरीब महिलाओं और उनके परिवार वालों के लिए खास बन जाएगा। इससे प्रदेश के 1.75 करोड़ लोगों को सीधा फायदा मिलेगा। इससे पहले योगी सरकार ने दीपावली पर भी महिलाओं को मुफ्त सिलेंडर का तोहफा दिया था।

❍ उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को मिलेगा फायदा

उल्लेखनीय है कि योगी सरकार ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत साल में दो सिलेंडर मुफ्त में देने का निर्णय किया था। इसी क्रम में पहला सिलेंडर दीपावली पर और अब दूसरा सिलेंडर होली के अवसर पर मिलने जा रहा है। प्रदेश में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत लगभग 1.75 करोड़ लाभार्थियों को दो निःशुल्क सिलेंडर रिफिल वितरण कराए जाने के लिए योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 2312 करोड़ रुपए का बजट प्राविधानित किया है। योजना में प्रथम चरण के अंतर्गत दीपावली पर्व के लिए लाभार्थियों को निःशुल्क सिलेंडर वितरित कराए जाने का निर्णय लिया गया था। इसी क्रम में एक नवंबर 2023 से 15 फरवरी 2024 तक तक कुल 80.30 लाख लाभार्थियों को सिलेंडर रिफिल ...शेष पृष्ठ 10 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 21.00 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 15.00 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- यूपी बनेगा प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क का हब (पृष्ठ-02)
- लाइट हाउस प्रोजेक्ट का लोकार्पण आज करेंगे पीएम (पृष्ठ-02)
- बीसीसीआई की टेस्ट क्रिकेट प्रोत्साहन योजना (पृष्ठ-11)
- खाद्यपदार्थों की कीमतें नियंत्रित करने के होंगे उपाय (पृष्ठ-11)
- भारत मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर आज (पृष्ठ-11)


C M Y K

# पीडीए यानी परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी : भूपेंद्र

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अखिलेश यादव के विवादास्पद बयान पर करारा हमला किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रतिदिन देश को विकास की नई ऊंचाई पर ले जाने में लगे हुए हैं। वे हर देशवासी के उत्थान में जुटे हैं इसीलिए देशवासी उन्हें भाई और बेटे के रूप में देखते है। उन्होंने कहा कि उनका पीडीए यानी परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी से ज्यादा कुछ नहीं, जहां हर संस्थान पर उनके परिवारजनों का ही कब्जा रहता था। आज संस्थानों में योग्यता को देखकर नियुक्ति हो रही है। अखिलेश यादव का बयान उनकी हताशा दिखाता है। वे 2024 में भाजपा को हराने का जो सपना देख रहे हैं वो मुंगेरीलाल के सपने जैसा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने सपा को 2014, 2017, 2019 और 2022 में शर्मनाक हार दी है और यह सिलसिला 2024 ही नहीं आगे भी जारी रहने वाला है। मोदी के नेतृत्व में इस बार सपा यूपी से पूरी तरह सफा हो जाएगी।

**पिछली सरकारों में नौकरियों के लिए लगती थी बोली :** भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि जैसे-जैसे चुनाव आ रहा है, इनकी हताशा बढ़ती जा रही है। एलायंस पार्टनर एक-एक कर छोड़कर जा रहे हैं तो हताशा में मानसिक संतुलन खो गया है। प्रधानमंत्री के विषय में जो अपमानजनक टिप्पणी की है, उसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ेगा। उत्तर प्रदेश में पहले ही उनको एक भी सीट नहीं मिल रही थी और अब हार का मार्जिन और अधिक बढ़ जायेगा। उन्होंने कहा कि ये भाजपा की ही सरकार है जिसने पेपर लीक होने पर परीक्षा निरस्त कर दी, वरना पिछली सरकारों में तो परीक्षाओं में भ्रष्टाचार का बोलबाला था। नौकरियां परीक्षाओं के लिए बोली लगती थी और बोली लगाने वाले परिवार से सदस्य ही होते थे। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव ने अल्पसंख्यकों को कभी वोटबैंक से ज्यादा और कुछ नहीं समझा। हमारी सरकार हर कमजोर के साथ खड़ी है। अल्पसंख्यकों को भी इस सरकार में बिना भेदभाव हर योजना का लाभ बराबरी से मिला है और मिलता रहेगा। यही नहीं, भाजपा की सरकारों में अल्पसंख्यक सबसे ज्यादा खुश और प्रगति कर रहे हैं। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने उत्तर प्रदेश में लॉ एंड ऑर्डर के विषय पर दिए गए अखिलेश यादव के बयान पर भी मुंहतोड़ जवाब दिया। उन्होंने कहा कि योगी के नेतृत्व की भाजपा सरकार में चारों ओर अमन और चैन है। किसी भी घटना को पुलिस और सरकार पूरी गंभीरता से लेती है और कानून अपना काम करता है।

# सपा और पीडीए परिवार लगातार बढ़ रहा : अखिलेश

- सपा प्रमुख के समक्ष विभिन्न दलों के नेताओं ने सपा की ली सदस्यता

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सपा के प्रदेश मुख्यालय में शनिवार को जनता दल यूनाइटेड के नेता एवं पूर्व विधायक सुभाष चंद्र श्रीवास्तव, औरैया के पूर्व विधायक मदन गौतम, पूर्व सांसद भाल चंद्र यादव के पुत्र सुबोध यादव, बीएसपी से पूर्व विधान सभा प्रत्याशी इलियास अंसारी, पूर्व मंत्री शाकिर अली के पुत्र परवेज अली, हरदोई के बसपा नेता एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी तिलक चंद्र वर्मा, रालोद के वरिष्ठ नेता लतेश बिधूड़ी, भाजपा नेता एवं वीरांगना अवंती बाई लोधी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सीताराम राजपूत, कमलेश कुमार गौतम, पूर्व ब्लाक प्रमुख अजीतमल समेत हजारों लोग सपा में शामिल हुए। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि सपा और पीडीए परिवार लगातार बढ़ रहा है। इन सभी नेताओं और उनके समर्थकों के आने से समाजवादी आंदोलन को मजबूती मिलेगी। लोकसभा का चुनाव संविधान, लोकतंत्र, आरक्षण और सम्मान बढ़ाने का चुनाव है। उन्होंने कहा कि यह संविधान मंथन का समय है एक तरफ संविधान बचाने वाले सपा और उसके सहयोगी लोग हैं तो दूसरी तरफ संविधान को खत्म करने वाली भाजपा है। भाजपा पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों का हक और अधिकार छीन रही है। अखिलेश यादव ने भाजपा हटाओ नौकरी पाओ का नारा देते हुए कहा कि भाजपा सत्ता से हटेगी तभी नौजवानों को नौकरी और रोजगार मिलेगा। भाजपा की 10 साल की सरकार में देश में एक लाख से ज्यादा किसान आत्महत्या कर चुके हैं। भाजपा सरकार में किसी को न्याय नहीं मिल रहा है। किसान एमएसपी की मांग को लेकर आंदोलन कर रहा है, भाजपा सरकार उसे नहीं मान रही है। उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार आएगी तो किसानों को एमएसपी का कानूनी अधिकार दिया जाएगा।

# प्रधानमंत्री आज करेंगे लाइट हाउस प्रोजेक्ट का लोकार्पण

विशेष संवाददाता (vol)

- लखनऊ में 1040 गरीबों को मिलेगा उनके सपनों का घर
- नवीनतम तकनीकी से बने मकान आपदारोधी व पर्यावरण के अनुकूल

**लखनऊ।** सभी गरीबों को आवास के संकल्प के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो अभियान वर्ष 2014 में शुरू किया, उसी का परिणाम है कि आज देशभर में करोड़ों गरीबों को उनके सपनों का घर मिल सका। इसी क्रम में प्रधानमंत्री कल 10 मार्च को प्रधानमंत्री आवास योजना.शहरी के लाभार्थियों को लाइट हाउस प्रोजेक्ट का उपहार देंगे। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री अपने उत्तर प्रदेश दौरे के दौरान वर्चुअल माध्यम से लखनऊ में लाइट हाउस प्रोजेक्ट के अंतर्गत निर्मित आवासों का लोकार्पण करेंगे।

निदेशक सूडा अनिल कुमार पाठक ने बताया कि आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा ग्लोबल हाऊसिंग टेक्नोलॉजी चैलेन्ज-इण्डिया के अन्तर्गत लाइट हाऊस प्रोजेक्ट अवध विहार योजना, लखनऊ के सेक्टर-5 में निर्मित किया गया है, जिसका क्षेत्रफल दो हेक्टेयर है। लाइट हाऊस प्रोजेक्ट का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 1 जनवरी 21 को किया गया था और 4 जनवरी 21 से लाइट हाउस प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य प्रारम्भ किया गया। लाइट हाऊस प्रोजेक्ट का निर्माण नवीन तकनीक के माध्यम से किया गया है। इस तकनीकी का प्रयोग दुनिया के चुनिंदा देशों में होता है। इसके माध्यम से बेहद कम समय में भवन निर्माण का कार्य पूरा किया जाता है। उक्त तकनीकी से मकान टिकाऊ, पर्यावरण के अनुकूल एवं आपदारोधी होते हैं। इस तकनीकी का प्रयोग कनाडा जैसे देशों में किया जा रहा है। लाइट हाउस प्रोजेक्ट में 34.50 वर्ग मी. कारपेट एरिया के कुल 1040 भवन सम्मिलित हैं, जो स्टिल्ट प्लस 13 प्रकार के चार बहुमंजिला ब्लाकों में निर्मित हैं। उक्त परियोजना में आवास के साथ-साथ कम्यूनिटी सेन्टर, कॉमर्शियल सेन्टर, सीवरेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट (एसटीपी), पेयजल, ड्रेनेज, आन्तरिक सडकें, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, सोलर लाईट, खुले हरित क्षेत्र, पार्किंग आदि की सुविधाएं भी लाभार्थियों को मिलेंगी। पाठक ने बताया कि परियोजना की कुल निर्माण लागत 130.90 करोड़ रुपए है।

# पूर्व विधायक अमनमणि त्रिपाठी ने कांग्रेस की ली सदस्यता



**लखनऊ।** पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी के पुत्र पूर्व विधायक नौतनवां, महाराजगंज अमनमणि त्रिपाठी ने शनिवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी में राष्ट्रीय महासचिव प्रभारी उत्तर प्रदेश अविनाश पाण्डेय के समक्ष दिल्ली में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इसकी जानकारी देते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मीडिया विभाग के चेयरमैन पूर्व मंत्री डॉ सीपी राय ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की नीतियों एवं उसकी विचारधारा में आस्था व्यक्त करते हुए एवं कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी द्वारा देश एवं संविधान की रक्षा के लिए किये जा रहे संघर्षों से प्रेरित होकर सदस्यता ग्रहण की है।

# मजदूरों को मिले 18 हजार वेतन

**लखनऊ।** समाजवादी मजदूर सभा की बैठक आज विधायक निवास दारूलशफा के जननायक कपूर्री ठाकुर कामन हाल में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता समाजवादी मजदूर सभा के प्रदेश अध्यक्ष धनीलाल श्रमिक तथा संचालन राहुल कुमार ने किया। समाजवादी मजदूर सभा की बैठक में प्रदेश के विभिन्न जिलों के जिलाध्यक्ष व प्रदेश कमेटी के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में मजदूरों का न्यूनतम वेतन 18 हजार रूपये मासिक करने तथा बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता देने की मांग की गयी। लेबर कोड बिल रद्द करने, खेत मजदूर व घरेलू काम में लगे हुए मजदूरों को श्रम कानून के दायरे में लाने, निजीकरण पूर्णतः बंद करने, आउटसोर्सिंग बंद करने तथा पुरानी पेंशन लागू करने की मांग की गयी। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष धनीलाल श्रमिक ने कहा कि भाजपा सरकार जनविरोधी व मजदूर विरोधी है। सरकार जनता को जनहित के मुद्दों से ध्यान भटकाकर जाति व धर्म के नाम पर काम कर रही है जो असंवैधानिक है।

# यूपी बनेगा निजी औद्योगिक पार्क का हब

**लखनऊ।** औद्योगिक प्रदेश बनने की ओर अग्रसर उत्तर प्रदेश रोजगार का भी नया केंद्र बनकर उभर रहा है। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के तहत यूपी में जो निवेश धरातल पर उतरे हैं, उनमें एक बड़ा योगदान प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क्स को लेकर भी है। प्रदेश के कई जिलों में निवेशकों ने प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क में निवेश किया है। इनमें जो सबसे बड़े 13 पार्क स्थापित हो रहे हैं, उनके माध्यम से प्रदेश में 14,634 करोड़ रुपए के निवेश के साथ ही 2.70 लाख लोगों के लिए रोजगार का भी सृजन होने जा रहा है। इनमें 2.5 लाख रोजगार तो अकेले कानपुर नगर में स्थापित हो रहे इंडस्ट्रियल पार्क से मिलने जा रहे हैं। वहीं, बागपत, बाराबंकी, बरेली, चंदौली, गाजियाबाद, हापुड़, मेरठ, सहारनपुर और शाहजहांपुर में भी इंडस्ट्रियल पार्क स्थापित किए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि बीती फरवरी में ही योगी सरकार ने जीबीसी 4.0 के माध्यम से 10 लाख करोड़ से अधिक की 14 हजार से ज्यादा परियोजनाओं को प्रदेश भर में धरातल पर उतारा है, जिससे 34 लाख रोजगार मिलने की संभावना है।





विकसित भारत
विकसित उत्तर प्रदेश

₹34,700 करोड़ की 782 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास




आजमगढ़, श्रावस्ती, मुरादाबाद, चित्रकूट एवं अलीगढ़ एयरपोर्ट तथा चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट, लखनऊ के नवीन टर्मिनल का लोकार्पण
(लागत : ₹3,628 करोड़)

महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ का लोकार्पण
(लागत : ₹108 करोड़)

₹11,500 करोड़ की 5 एनएच परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास
• एनएच-11 (पैकेज-2) के किमी 39.24 से किमी 86.59 तक मेरठ-नजीबाबाद खंड • एनएच-24 बी/एनएच-30 के रायबरेली-प्रयागराज खंड का 4 लेन चौड़ीकरण • एनएच-24 को एनएच-87 से जोड़ने के लिए 4-लेन वेस्टर्न स्पर रामपुर-रुद्रपुर खंड बाईपास • एनएच-2 का चकेरी से प्रयागराज खंड का 6 लेन चौड़ीकरण • एनएच-709 एडी के पैकेज-1 के पानीपत से शामली तक का 4 लेन चौड़ीकरण

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत
59 जनपदों में ₹3,700 करोड़ से 744 सड़कों (5,342 किमी) का लोकार्पण

₹8,200 करोड़ की 12 रेल परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास
• फरिहा-आजमगढ़-सठियांव खंड का दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण • इन्दारा-फेफना-बुढ़वल खंड का दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण • रोजा-सीतापुर कैंट-बुढ़वल खंड का दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण • बनारस-झूसी खंड का दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण • बलिया-बकुल्हा खंड का दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण • भटनी-पिवकोल बाईपास लाइन • भांडई-इटावा खंड का दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण • बरहन-एटा खंड का दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण • शिकोहाबाद-मैनपुरी एवं इटावा-मैनपुरी-फर्रुखाबाद खंड का विद्युतीकरण • बहराइच-नानपारा-नेपालगंज रोड खंड का आमान परिवर्तन • गंगा नदी पर रेल पुल सहित गाजीपुर सिटी एवं गाजीपुर घाट से तारीघाट नई बड़ी लाइन • गाजीपुर सिटी-दिलदारनगर जंक्शन के मध्य रेल सेवा

नमामि गंगे के अंतर्गत ₹1,114 करोड़ की 3 सीवरेज परियोजनाओं का उद्घाटन
• प्रयागराज के झूसी में 16 एमएलडी, फाफामऊ में 14 एमएलडी एवं नैनी में 42 एमएलडी के एसटीपी प्लांट का अवरोधन, मरम्मत एवं दिशा परिवर्तन कार्य
• जौनपुर में 30 एमएलडी के एसटीपी का अवरोधन एवं दिशा परिवर्तन कार्य • इटावा में 45 एमएलडी क्षमता प्लांट के सीवर परियोजना का अवरोधन एवं दिशा परिवर्तन कार्य

लाइट हाउस परियोजना के अंतर्गत लखनऊ में 1,040 फ्लैट का लोकार्पण
(लागत : ₹131 करोड़, क्षेत्रफल : 47,827 वर्गमीटर, 13 मंजिला, 4 टावर)

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री द्वारा

गरिमामयी उपस्थिति

योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया
मंत्री, भारत सरकार

केशव प्रसाद मौर्य
उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

भूपेन्द्र सिंह चौधरी
सदस्य, विधान परिषद

सूर्य प्रताप शाही, मंत्री, उत्तर प्रदेश | ए.के. शर्मा, मंत्री, उत्तर प्रदेश | योगेन्द्र उपाध्याय, मंत्री, उत्तर प्रदेश | ओम प्रकाश राजभर, मंत्री, उत्तर प्रदेश | दारा सिंह चौहान, मंत्री, उत्तर प्रदेश | दिनेश लाल यादव 'निरहुआ', सांसद, आजमगढ़

यशवंत सिंह, सदस्य, विधान परिषद | विजय बहादुर पाठक, सदस्य, विधान परिषद | विक्रांत सिंह 'रिशु', सदस्य, विधान परिषद | ध्रुव कुमार त्रिपाठी, सदस्य, विधान परिषद | रामसूरत राजभर, सदस्य, विधान परिषद

विकास के एक्सप्रेसवे पर ग्रामीण क्षेत्र एवं छोटे शहर
• एयर, रेल एवं राष्ट्रीय राजमार्गों के नेटवर्क से विकास की तेज रफ्तार • पक्की ग्रामीण सड़कें बनीं किसानों की समृद्धि का आधार
• बीपीएल परिवारों को किफायती आवास से गरिमापूर्ण जीवन • आजमगढ़ मंडल में स्थानीय स्तर पर उच्च शिक्षा से विकास में भागीदार बने युवा

दिनांक : 10 मार्च, 2024 | समय : पूर्वाह्न 10:30 बजे | स्थान : मंदुरी एयरपोर्ट परिसर, आजमगढ़

लाइव प्रसारण DD NEWS व Youtube.com/DDNEWS Youtube.com/dduttarpradesh एवं UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

# लखनऊ आगमन पर राजनाथ सिंह का भव्य स्वागत

## लखनऊ से पुनः सांसद प्रत्याशी बनाये जाने पर कार्यकर्ताओं और जनता ने ढोल नगाड़ों की धुन पर किया अभिनंदन







● उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, भाजपा महानगर अध्यक्ष समेत पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बुकें देकर किया स्वागत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** केंद्रीय रक्षामंत्री एवं सांसद लखनऊ राजनाथ सिंह को लखनऊ लोकसभा चुनाव में पुनः भाजपा प्रत्याशी घोषित होने के बाद लखनऊ आगमन पर एयरपोर्ट पर पार्टी वरिष्ठ नेताओं और जनता ने भव्य स्वागत व अभिनंदन किया।

एयरपोर्ट पर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक डॉ. नीरज बोरा, डॉ. राजेश्वर सिंह, योगेश शुक्ला, एमएलसी रामचंद्र प्रधान, लालजी निर्मल, पूर्व महानगर अध्यक्ष मनोहर सिंह, महामंत्री त्रिलोक अधिकारी, पुष्कर शुक्ला ने पुष्प गुच्छ और अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया।

जैसे ही रक्षामंत्री का काफिला बाहर निकाला तो वहां महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में उपस्थित आम जनता, पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने फूलों की वर्षा और पुष्प गुच्छ और अंगवस्त्र भेंट करके स्वागत अभिनंदन किया। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने अपनी गाड़ी से उतरकर सभी कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार किया। वहां स्वागत में खड़े पंडितों द्वारा स्वस्तिवाचन और शंखनाद के साथ, महिलाओं मोर्चा पदाधिकारी द्वारा स्वागत मंगल गीत एवं सिख समुदाय द्वारा ढोल नगाड़ों के साथ भांगड़ा करते हुए स्वागत किया गया। आगमन से पूर्व ही हजारों की संख्या में एयरपोर्ट पर स्वागत के लिए भीड़ एकत्रित रहीं। मुस्लिम समुदाय, अल्पसंख्यक मोर्चा, पर्वतीय समाज, युवा मोर्चा पदाधिकारियों सहित महानगर उपाध्यक्ष टिंकू सोनकर, लखनऊ महानगर पदाधिकारी महामंत्री राम अवतार कनौजिया, राम शंकर त्रिपाठी, धनश्याम अग्रवाल, विवेक सिंह तोमर, सौरभ वाल्मीकि, मीडिया प्रभारी प्रवीण गर्ग, अनुराग साहू, राजेंद्र वाजपई, उमेश तिवारी, पार्षद गण, मण्डल अध्यक्ष ने जोरदार स्वागत किया। आवास पहुंचने पर वहां भी बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

### एयरपोर्ट के नवनिर्मित टर्मिनल के उद्घाटन में आज शामिल होंगे राजनाथ

**लखनऊ।** रक्षा मंत्री एवं लखनऊ सांसद राजनाथ सिंह 10 मार्च को सुबह 11:20 पर लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचेंगे, जहां एयरपोर्ट के नवनिर्मित टर्मिनल 3 के उद्घाटन समारोह में सम्मिलित होंगे। उद्घाटन समारोह के बाद दोपहर 1:00 बजे लखनऊ विश्वविद्यालय के लिए जायेंगे और विश्वविद्यालय खेल परिसर में आयोजित लखनऊ कौशल महोत्सव रोजगार मेला में सम्मिलित होंगे। दोपहर 3:00 बजे अटल कन्वेंशन सेंटर चौक में कायस्थ समाज द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में सम्मिलित होंगे। कार्यक्रम के बाद एयरपोर्ट के लिए प्रस्थान करेंगे और शाम 4:20 बजे दिल्ली रवाना हो जायेंगे।

# तीन जोनों में 1286 लाख से अधिक कार्यों का लोकार्पण

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगर निगम में महापौर सुषमा खर्कवाल के नेतृत्व में नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के निर्देशन में लगातार लखनऊ को विकसित करने के लिए कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत कार्य कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में लखनऊ को स्वच्छ एवं स्वस्थ बनाए जाने के लिए शनिवार को करोड़ो रुपयों के कार्यों का लोकार्पण किया गया। झंडे वाला पार्क में महापौर सुषमा खर्कवाल ने जोन 1, जोन 2 एवं जोन 6 में क्रमशः 622.70 लाख, 239.75 लाख एवं 424.27 लाख यानी कि कुल 1286.72 लाख रुपयों के प्रस्तावित कार्यों का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर कार्यकारणी उपाध्यक्ष गिरीश गुप्ता, उप नेता सुनील तिवारी पम्मी, पार्षदगण, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, अपर नगर आयुक्त, चीफ इंजीनियर सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। मेयर सुषमा खर्कवाल ने बताया कि आने वाले 6 महीने में शहर में कूड़ा प्रबंधन समेत सभी समस्याओं का समाधान कर लिया जाएगा। पिछले दिनों हुए सदन की बैठक में पार्षदों ने सबसे ज्यादा सफाई और कूड़ा प्रबंधन को लेकर सवाल खड़ा किया था। नगर निगम सफाई और कूड़ा प्रबंधन को लेकर सक्रिय हो गया है। ऐसे में 12 करोड़ रुपए से ज्यादा की योजनाओं का लोकार्पण किया गया है। इसमें सबसे ज्यादा खर्च जोन एक और जोन छह में किया गया है। इसमें दिखाया गया है कि जोन एक में 6 करोड़ से ज्यादा और जोन 6 में 4 करोड़ रुपए से ज्यादा का बजट खर्च किया जाएगा।




# लालकुआं वार्ड में सीवर समस्या को लेकर प्रदर्शन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लालकुआं वार्ड के लोगों ने शनिवार को जलकल और कार्यदायी संस्था सुएज इंडिया के खिलाफ प्रदर्शन किया। स्थानीय लोगों ने बताया कि सीवर का पानी घरों के अंदर भर रहा है। सीवर चोक होने से सड़क पर इसका पानी आ रहा है। इसको लेकर कई बार शिकायत की गई लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि इसको लेकर कई बार जलकल जेई से शिकायत की गई लेकिन वहां से कोई सुनवाई नहीं होती है। स्थिति यह है कि निजी कंपनी वाले किसी की सुनते नहीं है। यहां सालों पुराना पाइप पड़ा हुआ है। स्थिति यह है कि 8 इंच का पाइप पड़ा हुआ है। इसकी वजह से यह चोक रहता है। अब धीरे - धीरे लीकेज होने लगा है। स्थानीय निवासी अरविंद शर्मा ने बताया कि पीने का पाइप अब पूरी तरह से गंदा आ रहा है। उसको पीना तो दूर उससे बर्तन भी नहीं साफ कर सकते हैं। ऐसे में अब यहां से घर छोड़ने की नौबत आ गई है। एक अन्य स्थायी निवासी मुकेश ने बताया कि जलकल की तरफ से कभी कोई सुनवाई नहीं होती है। हर 15 से 20 दिन पर समस्या आ जाती है। यह दिक्कत पिछले काफी समय से है। उसके बाद भी कुछ नहीं हो पाता है। स्थानीय पार्षद से भी इसकी शिकायत की गई है। बावजूद उसके कोई काम नहीं हो पाता है। सीवर का काम देखने वाली निजी संस्था सुएज इंडिया के खिलाफ भी लोगों ने नारे लगाए। मौके पर मौजूद लोगों ने बता दिया कि अब जलकल की जगह यही कंपनी काम देख रही है। इससे नाराज लोगों ने सुएज इंडिया के खिलाफ ही नारा लगाना शुरू कर दिया।

### अभियंता संघ ने ऊर्जा मंत्री से की बहाली की मांग



लखनऊ। प्रदेश के उर्जा निगमों के विभिन्न सेवा संगठनों के प्रतिनिधियों ने ऊर्जा मंत्री के आवास पर मिले। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बातचीत करके मार्च 2023 में हुए आन्दोलन के दौरान उत्पीड़नात्माक कार्यवाहियों को समाप्त करने एवं कार्मिकों के जायज समस्याओ का निस्तारण के लिए उचित निर्देश दिए। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा के साथ बैठक में प्रतिनिधिमंडल में विभिन्न सेवा संगठनों के प्रतिनिधियों में हुए जिसमें जितेन्द्र गुर्जर महेन्द्र राय, पीके दीक्षित सहित अन्य मौजूद रहे।

# डॉ राजेश्वर सिंह ने जनसुनवाई में किया समस्याओं का निस्तारण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



● जरूरतमंदों नें आर्थिक सहायता प्राप्त कर जताया विधायक का आभार

● डॉ. राजेश्वर सिंह ने विभिन्न विकास कार्यों के लिए की 15 लाख रुपये की घोषणा

**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह अपने क्षेत्र की जनता के लिए सदैव उपलब्ध रहते हैं। क्षेत्रीय जनता से सीधे तौर पर संवाद, उनके समस्याओं को सुनने और उसके निस्तारण के लिए उनके द्वारा निरंतर पराग चौराहा स्थित कार्यालय पर जनसुनवाई शिविर का आयोजन किया जाता है।

शनिवार को पराग चौराहा, आशियाना स्थित अपने कार्यालय पर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने जनसुनवाई कर क्षेत्रीय जनता की सभी समस्याओं का तत्काल निस्तारण किया व संबंधित विभागों के समन्वय से प्रभावी दिशा-निर्देश तय किये गए। जनसुनवाई के दौरान जन आग्रह पर तत्काल एक्शन लेते हुए डॉ. राजेश्वर सिंह ने क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 15 लाख रुपये की घोषणा की। अपने विधायक की ओर से मिली मदद और सकारात्मक आश्वासन पाकर जनता संतुष्ट व प्रसन्न दिखाई दी, जनता नें अपने विधायक का आभार जताया। डॉ. राजेश्वर सिंह ने गायत्री परिवार ट्रस्ट द्वारा संचालित विद्यालय में कक्ष निर्माण के लिए विधायक 5 लाख, आशियाना जन हिताय कल्याणकारी समिति के निवेदन पर बेंच-झूले एवं ट्रैक निर्माण हेतु 2 लाख, बंगला बाजार निवासी मुकेश द्विवेदी के निवेदन पर समर्सिबल लगवाने हेतु 2 लाख तथा जिला उपाध्यक्ष रेनु सिंह के निवेदन पर मंदिर निर्माण के लिए निधि से 50 हजार रुपये देने की बात कही। खेल सुविधाओं में विस्तार के क्रम में सरोजनीनगर विधायक ने मुक्केबाजी में राष्ट्रीय पदक विजेता विजय प्रताप सिंह के निवेदन पर बाक्सिंग रिंग एवं खेल उपकरण के लिए अपने निधि से 5 लाख रुपये और बूथ अध्यक्ष मुकेश कुमार यादव के निवेदन पर खेल के मैदान में हाई मास्ट लाइट और स्पोर्ट्स किट देने के लिए भी विधायक द्वारा आश्वासन दिया गया। इसके अलावा क्षेत्र की बेटियों की शादी, बच्चों की शिक्षा समेत अन्य समस्याओं के निराकरण के लिए 20 लोगों को 1 लाख रुपये से अधिक की आर्थिक सहायता डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा प्रदान की गई। वहीं एक वृद्ध महिला को 5,100 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान कर एक आवास दिलाने का आश्वासन दिया तथा तेलीबाग निवासी दिव्यांग आनंद कुशवाहा को रोजगार के लिए लोहे की गुमटी उपलब्ध कराने का भरोसा दिया।

क्षेत्र के प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित कर 11 मार्च को साइकिल व टैबलेट देने का वादा किया। इसके साथ ही डॉ. सिंह ने क्षेत्रीय लोगों की ओपन एयर जिम की स्थापना, सोलर लाइट, सड़क निर्माण, हैंडपंप जैसी सभी आवश्यकताओं को पूर्ण करने तथा समस्याओं के शीघ्र समाधान हेतु आश्वस्त किया।

इस दौरान हर संभव मदद तथा सकारात्मक आश्वासन पाकर क्षेत्रीय जनता काफी उत्साहित और संतुष्ट दिखाई दी, सभी ने विधायक डॉ राजेश्वर सिंह का आभार व्यक्त किया, जनसुनवाई के दौरान विधायक राजेश्वर सिंह की पूरी टीम मौजूद रही।

### फिटनेस नहीं तो पकड़े जायेंगे स्कूली वाहन

**लखनऊ।** बार-बार नोटिस भेजने के बाद भी स्कूली बसें फिटनेस जांच कराने नहीं पहुंच रही हैं। तो ऐसे वाहनो को स्कूल के अन्दर से पकड़ कर सीज कराया जायेगी। ऐसे स्कूली संस्थानों के खिलाफ परिवहन विभाग अब सख्त कार्रवाई करने जा रहा है। तीन दिन पहले ही 900 से ज्यादा ऐसे स्कूली वाहनों को नोटिस भेजी गई है, जिन्होंने अपनी फिटनेस नहीं कराई है। इसमें 300 से ज्यादा ऐसे खटारा स्कूली वाहन हैं, जो कई बार नोटिस के बावजूद फिटनेस जांच के लिए नहीं पहुंचे। ऐसे वाहन स्वामियों को बार-बार नोटिस भेजे जाने के बाद भी फिटनेस नहीं करा रहे हैं। ऐसे में अनफिट वाहन में अगर एक भी बच्चा चेकिंग के दौरान मिल गया तो गाड़ी मालिक के साथ स्कूल प्रबंधन पर कार्रवाई होगी।

# एनडीए गठबंधन को मजबूत करेंगे रालोद कार्यकर्ता

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** रालोद के प्रदेश मुख्यालय में प्रदेश कार्यसमिति की महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी की उपस्थिति एवं प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

बैठक को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी ने कहा कि रालोद के कार्यकर्ता एनडीए गठबंधन को मजबूत करने का काम करेंगे। रालोद एनडीए का एक मजबूत अंग है और उत्तर प्रदेश की 80 की 80 लोकसभा सीटों को जिताने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा और भारत रत्न चौधरी चरण सिंह के सपनों का भारत बनाने के लिए एनडीए गठबंधन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करेगा। बैठक में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया गया जिससे भारत के किसानों को गौरान्वित होने का अवसर प्राप्त हुआ। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने कहा कि चौधरी चरण सिंह मुख्यमंत्री के रूप में जमीदारी उन्मूलन और किसानों को कर्ज से मुक्ति दिलाने, किसानों के उत्पादन का लाभकारी मूल्य देने का कार्य किया। राजनीति में शुचिता और ईमानदारी उनका मुख्य ध्येय था जिसके लिए रालोद आज भी कृत संकल्पित है। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे एवं मनोज चौधरी, राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा एवं डॉ. सुधाकर पाण्डेय तथा विजय श्रीवास्तव, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष खालिद मसूद, पूर्व विधायक डॉ अजय तोमर, पूर्व विधायक भगवती प्रसाद सूर्यवंशी, पूर्व विधायक संतराम कुशवाहा, पूर्व विधायक प्रमोद गौड़ ने बैठक में अपने विचार व्यक्त किये तथा बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष एवं महानगर अध्यक्ष क्षेत्रीय अध्यक्ष, प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ने भी बैठक में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुरादाबाद ठाकुरद्वारा से पूर्व ब्लाक प्रमुख डॉ बलराम सिंह, फतेहपुर के सपा नेता श्यामलाल पासवान, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रानी ने रालोद का दामन थामा। बैठक का संचालन प्रदेश प्रवक्ता अंकुर सक्सेना ने किया एवं बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष वसीम हैदर, संतोष मिश्रा, आदित्य विक्रम सिंह, सुरेश गुप्ता, रामलखन यादव, प्रदेश महासचिव रजनीकांत मिश्रा, संतोष यादव, मनोज सिंह चौहान, चौधरी भोपाल सिंह, अंबुज पटेल, आरपी सिंह चौहान, रामवती तिवारी, प्रीति श्रीवास्तव, प्रदेश कोषाध्यक्ष बीएल प्रेमी, युवा रालोद के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र पटेल, व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल, छात्रसभा के प्रदेश अध्यक्ष अमन पांडेय, युवा रालोद के राष्ट्रीय सचिव अभिषेक त्यागी, श्रम प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद पटेल सहित जिलाध्यक्षों एवं क्षेत्रीय अध्यक्षों ने बैठक में अपने विचार व्यक्त किये।

### प्रो. मधुरिमा लाल बनी युवा मंथन की समन्वयक




**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने विश्वविद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका प्रो. मधुरिमा लाल को यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन (यूजीसी) न्यू दिल्ली ने प्रदत्त युवा मंथन जी 20 के समन्वयक के पद पर नियुक्त किया। इस योजना के तहत तीन चरणों में युवाओं के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। जो युवा मंथन यूनाइटेड नेशंस जिसने बाद विवाद और स्पीच संवर्धन स्किल्स किये जायेंगे। दूसरे चरण में युवा मंथन हेचथोर्न जिसने डिजिटलाइजेशन एवं एआई स्किल्स संवर्धन होगा और तीसरे चरण में युवा मंथन पार्लियामेंट्री स्किल्स होगा जो युवाओं में नागरिकता के प्रति जागरूकतावर्धन करायेगा। प्रो मधुरिमा लाल पहले से यूनिवर्सिटी का प्लेसमेंट, सांस्कृतिक, मिशन शक्ति एवं रोजगार पीठ का बड़ी रिकॉर्ड ब्रेकिंग तरीके से उत्तरदायित्वों का निर्वहन कर रही है। प्रो. लाल ने कहा कि कुलपति द्वारा दी गयी इस ज़िम्मेदारी का निर्वहन वे पूरी निष्ठा से करेंगी एवं इस गौरवमयी पद के लिए वे कुलपति की सदैव आभारी रहेगी।

# यात्री घटे, नहीं जायेगी आगरा एक्सप्रेस पर वोल्वो बसें

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आगरा एक्सप्रेस वे पर यात्रियों के अभाव में वोल्वो समेत एसी बसों की सभी सेवाएं बंद कर दी गई हैं। बदले में दिल्ली जाने वाली यात्रियों को आलमबाग से सस्ते किराये वाली एसी जनरथ बसों की सेवाएं संचालित की जा रही हैं। ये बाते लखनऊ क्षेत्र के क्षेत्रिय प्रबंधक आरके त्रिपाठी ने बताया। लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे से दिल्ली जाने वाली रोडवेज की एसी बसों का संचालन बंद कर दिया गया है। वजह बताई जा रही है कि निजी बस ऑपरेटरों की अपेक्षा रोडवेज बसों का किराया अधिक है।

निजी बसों के मुकाबले रोडवेज बसें ज्यादा समय ले रहीं थी। लखनऊ से दिल्ली के बीच चल रही निजी बसों से टक्कर लेने के लिए रोडवेज सस्ते किराये वाली एसी जनरथ बसें चला रहा है। वर्तमान में अवध डिपो से सस्ते किराये वाली थ्री बाई टू एसी बसें आलमबाग से दिल्ली का सफर कर सकेंगे। यात्री को लखनऊ से दिल्ली के बीच करीब 800 रुपये किराया देना होगा। नतीजतन लखनऊ से दिल्ली या दिल्ली से लखनऊ का सफर करने वाले यात्री रोडवेज के बजाय निजी बसों को प्राथमिकता देने लगे। आमदनी घटने पर रोडवेज ने जनरथ, एसी स्लीपर, स्कैनिया जैसी बसों का संचालन बंद कर दिया है। यह बसें आसपास के बड़े शहरों के बीच संचालित हो रही हैं। लखनऊ-दिल्ली रूट ही नहीं, रोडवेज के अन्य रूटों पर चल रही एसी बसों में भी यात्री महंगा किराया और ज्यादा समय लगने के चलते कम सफर कर रहे हैं। एसी में यात्री लोड फैक्टर की समीक्षा में यात्रियों की कमी दर्ज तो 16 फरवरी को एसी बसों का किराया दस फीसदी कम लेने का फैसला लिया गया।

चर्चा — सीडीएफडी हैदराबाद में यूपीएसआईएफएस के छात्रों ने व्यावहारिक प्रशिक्षण किया पूर्ण, यूपीएसआईएफएस के छात्रों को सीडीएफडी ने सर्टिफिकेट देकर किया पुरस्कृत

# डीएनए, प्रिंटिंग, फिंगर प्रिंटिंग पर गहराई से हुई चर्चा: डॉ. गोस्वामी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस (यूपीएसआईएफएस) के छात्रों का एक दल (सीडीएफडी) सेंटर फॉर डीएनए फिंगर प्रिंटिंग एंड डायग्नोस्टिक हैदराबाद में एक सप्ताह का व्यावहारिक प्रशिक्षण सफलता के साथ पूर्ण किया। यूपीएसआईएफएस के इस छात्र दल में एक दर्जन से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया था, जो संस्थान के फॉरेंसिक विषयों में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। सीडीएफडी में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त करने गए छात्र दल का संस्थान के उप निदेशक चिरंजीव मुखर्जी ने अभिभावकीय नेतृत्व किया।

सीडीएफडी हैदराबाद में इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुखर्जी ने कहा कि वैश्विक प्रदर्शन और करियर में उन्नति के लिए यूपीएसआईएफएस प्रतिबद्ध है। इस सहयोगात्मक प्रयास से न केवल भाग लेने वाले छात्रों के कौशल को समृद्ध किया जा सकता है बल्कि फोरेंसिक विज्ञान के क्षेत्र में कई अवसरों के द्वारा भी खोले जा सकते हैं। उन्होंने कार्यक्रम में कहा कि 13 फरवरी को यूपीएसआईएफएस के निदेशक डॉ जीके गोस्वामी द्वारा सीडीएफडी के निदेशक डॉ. संगीता मुखोपाध्याय के बीच एमओयू साइन किया गया था, उसके परिणामस्वरूप यूपीएस आईएफएस के छात्र दल को यह पहला मौका मिला था। इस कार्यक्रम में सीडीएफडी के निदेशक डॉ. उल्लास कोलथुर-सीताराम के नेतृत्व में प्रभारी डॉ. मधुसूदन रेड्डी के साथ, फोरेंसिक विज्ञान के एक महत्वपूर्ण पहलू डीएनए फिंगर प्रिंटिंग पर गहरायी से चर्चा की गयी। कार्यक्रम का समापन एक समारोह से हुआ जिसमें यूपीएसआईएफएस के उप निदेशक चिरंजीव मुखर्जी ने भाग लिया। यूपीएसआईएफएस द्वारा दोनों संस्थानों के बीच सहयोगात्मक भावना और फोरेंसिक शिक्षा में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के लिए उनकी साझा प्रतिबद्धता पर जोर दिया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न पाठ्यक्रमों में छात्रों के लिए अद्वितीय अवसर देने के लिए यूपीएसआईएफएस के निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी के अटूट समर्पण को संबोधित किया। उन्होंने वैश्विक प्रदर्शन और करियर में उन्नति के लिए यूपीएसआईएफएस की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए विदेशी प्रशिक्षण और रोजगार की संभावनाओं को भी रेखांकित किया। यूपीएसआईएफएस के निदेशक डॉ जीके गोस्वामी ने व्यावहारिक प्रशिक्षण सफलफतापूर्वक सम्पन्न होने पर छात्रों के प्रथम दल को बधाई दी। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि सीडीएफडी में यह कार्यशाला पूरी तरह से नमूना संग्रह से लेकर डीएनए प्रोफाइल तैयार करने तक डीएनए फिंगर प्रिंटिंग की प्रक्रियाओं पर आधारित थी। सीडीएफडी में यूपीएसआईएफएस के छात्रों ने फोरेंसिक से संबंधित उन सभी आवश्यक बारीकियों को सीखा जिसे फॉरेंसिक के क्षेत्र में पहलकर साक्ष्य के रूप में संग्रह करना और उसे न्याय दिलाने में मजबूत साक्ष्य के रूप में खड़ा किया जा सकता है' डॉ. गोस्वामी ने यह भी बताया कि छात्रों ने फिनोल, क्लोरोफॉर्म और आइसो-एमाइल अल्कोहल (पीसीआई) का उपयोग करके डीएनए निष्कर्षण की विभिन्न विधियों जैसे कार्बनिक विधि को सीखा और चुंबकीय मनका आधारित तरीके और जेल इलेक्ट्रोफोरेसिस और रियल-टाईम पीसीआर द्वारा डीएनए मात्रा निर्धारण के बाद एसटीआर एम्प्लिफिकैसन और जीनोटाइपिंग द्वारा डीएनए प्रोफाइल तैयार करना भी सीखा। सीडीएफडी में कार्य कुशलता एवं दक्षता के लिए यूपीएसआईएफएस के छात्रों को निदेशक डॉ उल्लास कोलथूर सीताराम के नेतृत्व में प्रभारी डॉ मधुसूदन रेड्डी सीडीएफडी ने सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया।

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108



# शादी से लौट रहे किशोर को वाहन ने मारी टक्कर, मौत



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आलमबाग कोतवाली इलाके में शुक्रवार देर रात्रि शादी समारोह से लौट रहे किशोर को एक अनियंत्रित थार गाडी चालक ने टक्कर मार दी और मौके से गाड़ी सहित फरार हो गया।

आलमबाग कोतवाली प्रभारी शिवशंकर महादेवन ने बताया कि थाना क्षेत्र के आरती नगर गढ़ी कनौरा में रहने वाला मो0 कासिम पुत्र स्व मो0 नासिर के मुताबिक उसका 17 वर्षीय छोटा भाई मो नाजिम मोहल्ले की शादी के कार्यक्रम से घर लौट रहा था। उस दौरान तालकटोरा कादर खान मस्जिद के निकट मोड़ पर एक अनियंत्रित थार गाड़ी संख्या यूपी 32 एनसी 1716 की टक्कर मार मौके से फरार हो गया। गाड़ी की टक्कर से चोटिल किशोर को इलाज के लिए नजदीकी लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया गया जहाँ जांच के बाद चिकित्सकों ने मृत्यु ? घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार अस्पताल से आए मेमू के बाद मृतक के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज मृतक किशोर के बड़े भाई की शिकायत पर गाड़ी नंबर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर वाहन चालक की तलाश की जा रही है।

**दबंगों ने गाड़ी से टक्कर मारकर युवक को किया घायल:** आलमबाग कोतवाली इलाके स्थित 40 क्वाटर रेलवे कालोनी में रिसेप्शन पार्टी में हुई कहासुनी के बाद दबंगों ने विपक्षी युवक को गाड़ी से टक्कर मार चोटिल कर दिया। जिसकी शिकायत पीड़ित युवक ने पुलिस से नामजद की है।

आलमबाग कोतवाली प्रभारी शिव शंकर महादेवन ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित गढ़ी कनौरा निवासी शरद सिंह पुत्र शिवा सिंह के अनुसार वह बीते 8 मार्च की रात्रि करीब 11.30 बजे 40 क्वाटर रेलवे कालोनी अपने परिचित विजय राजपूत के यहाँ रिसेप्शन पार्टी में सम्मलित होने गए थे` आरोप है कि जहां पर डीजे पर डांस करते समय गाना बजाने की बात को लेकर इजराइल एजाज पुत्र पप्पू निवासी रानी लक्ष्मी बाई अस्पताल निकट राजाजीपुरम थाना तलकटोरा लखनऊ व उसके साथी समद पुत्र शकील, प्रददुमन यादव पुत्र रजनीश यादव, मोनू कनौजिया ने गाली गलौज की मना करने पर मारपीट की मौके पर पार्टी के लोग एकत्र थे बाद में वहाँ ? से जाते समय गेट के बाहर विवाद की रंजिश को लेकर इजराइल ने गाड़ी नम्बर यूपी 32 एनसी 1716 को लापरवाही ?पूर्वक तेजी चलाकर उसे टक्कर मार दी जिससे उसके पैर व अन्य जगहों पर चोटें आयी हैं। पुलिस के अनुसार पीड़ित की नामजद शिकायत पर ऋक्फदर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## घर के बाथरूम में मिला अधेड़ का शव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आशियाना क्षेत्र में शनिवार सुबह घर में बाथरूम के पास संदिग्ध परिस्थितियों में अचेत अवस्था में देख हड़कंप मच गया` बहन की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस अधेड़ लोकबंधु अस्पताल भेजा जहाँ डॉक्टरों ने जाँच के बाद मृत घोषित कर दिया।

आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर जी एलडीए कालोनी में रहने वाले 56 वर्षीय दीपक पाण्डेय पुत्र स्व कन्हैया लाल पांडे अपने मकान के निचले तल पर बने बाथरूम के पास अचानक से अचेत हो गए जिसकी सूचना बहन अर्चना ने पुलिस को दी थी जिन्हे लोकबंधु अस्पताल भेजा गया था जहाँ जाँच के बाद मृत घोषित कर दिया था` मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है` मृतक अपने मकान में अकेले ही रहता है और घर में ही स्टेशनरी की दूकान चलाता है` मृतक की पत्नी आठ वर्ष पूर्व अपने पति को छोड़ चुकी है और अपने मायके में रहती है मृतक की पुत्री भी अपनी माँ के साथ रहती है` महाराष्ट्र में रहने वाली मृतक की बहन मनीषा द्विवेदी लखनऊ शादी समारोह में सम्मलित होने आई थी और अपने भाई के ही घर पर रुकी हुई थी।

## होटल से घर में कूदे युवक ने तोड़ा ग्रिल, मुकदमा दर्ज

- सो रहे परिजनों के शोर मचाने पर जुटे कालोनीवासी दी कंट्रोल नंबर पर पुलिस को सूचना
- सूचना पर पुलिस ने कई लोगो को दबोचा, मकान मालिक की शिकायत पर मुकदमा दर्ज

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आशियाना क्षेत्र के सेक्टर जी चौराहे के निकट रिहायशी क्षेत्र में संचालित होटल सी के इन स्थानीय लोगो के लिए परेशानी का सबब बन चूका है` आरोप है कि होटल मालिक द्वारा मुनाफे की लालच में होटल में संदिग्धों को ठहराया जाता है और ठहरे हुए व्यक्तियों द्वारा गलत कृत्यों को अंजाम दिया जाता है लेकिन होटल संचालक द्वारा उन पर कोई अंकुश नहीं लगाया जाता है।

आशियाना क्षेत्र के सेक्टर जी में रहने वाले सीनियर सिटीजन नन्दलाल गुप्ता के मुताबिक उनके घर के निकट ही सी के इन नामक होटल संचालित है होटल में आये दिन ठहरे हुए लोग जुआ शराब पार्टी आदि करते रहते है जिससे कालोनीवासी काफी त्रस्त और परेशान हो चुके है। आरोप है कि गुरुवार रात भी होटल में कुछ संदिग्ध युवक ठहरे हुए थे और होटल की छत पर नशेबाजी एवं जुएबाजी कर रहे थे इसी दौरान रात्रि करीब 11:00 बजे कुछ युवक उनके छत पर कूद पड़े और लोहे का ग्रिल तोड़ दिया` आहट मिलने पर वह दौड़कर अपनी छत पर पहुंचे तो संदिग्ध भागने लगे जिसपर शोर मचाते हुए कालोनीवासियों की सहयोग से कुछ युवको को पकड़ लिया गया जबकि दो युवक भागने में सफल रहे` पकड़े गए युवको को पुलिस को सूचना दे पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया वहीं स्थानीय आशियाना थाने पर पहुंचे नन्दलाल गुप्ता ने लिखित शिकायत की` आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# चुनाव की तैयारियों को लेकर एडीजी कानून व्यवस्था ने की बैठक

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** यूपी के एडीजी कानून व्यवस्था अमिताभ यश ने आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन -2024 की तैयारियों को लेकर आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर बेहतर पुलिस प्रबंध करने के निर्देश दिए है।

एडीजी कानून व्यवस्था अमिताभ यश ने आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन - 2024 को भय मुक्त और निष्पक्ष तथा स्वतंत्र व सकुशल सम्पन्न कराने की तैयारियों की वीडियो कॉन्फेसिंग के जरिए समीक्षा करते हुए आवश्यक प्रशिक्षण व ब्रीफिंग की गई।एडीजी कानून व्यवस्था अमिताभ यश ने निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के क्रम में सभी जिलों और कमिश्नरेट के पुलिस अधिकारियों की ब्रीफिंग करते हुए उत्कृष्ट पुलिस प्रबन्धन एरिया डोमिनेशन , सीमावर्ती क्षेत्रों में नाका और चेकपोस्ट स्थापित कर चेकिंग तथा मतदान केन्द्रों और स्ट्रॉग रूम तथा मतगणना केन्द्रों की सुरक्षा और माफिया तथा अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई और अवैध शस्त्र और अवैध शराब व अवैध मादक पदार्थों की बरामदगी तथा आदर्श आचार संहिता के अनुपालन के कड़े निर्देश दिए गए।

# डीजीपी ने त्योहारों को लेकर अफसरों को किया सतर्क

## रमजान एवं ईद - उल - फितर को लेकर दिए पुख्ता सुरक्षा प्रबंध करने के निर्देश

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** यूपी के डीजीपी प्रशान्त कुमार ने रमजान एवं ईद - उल - फितर आदि त्यौहारों को लेकर अफसरों को सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखने के निर्देश दिया है।डीजीपी प्रशान्त कुमार प्रदेश के सभी एडीजी और पुलिस कमिश्नर तथा आईजी और डीआईजी व एसएसपी और एसपी को आगामी रमजान माह एवं ईद - उल - फितर त्यौहारों को लेकर कहा है कि सभी कार्यक्रम के आयोजकों पीस कमेटी एवं धर्मगुरूओं आदि के साथ हर हाल में गोष्ठी कर ली जाय ।आयोजित गोष्ठी में सम्बन्धित मजिस्ट्रेट एवं अन्य विभागों के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर त्यौहारों पर होने वाली सभी समस्याओं का समाधान समय से पहले करा लिया जाय ।डीजीपी ने कहा है कि कोई नई परम्परा की अनुमति कदापि न दी जाय तथा प्रत्येक थाने पर उपलब्ध त्यौहार रजिस्टर और रजिस्टर नं0-8 में उपलब्ध सभी प्रविष्टियों का अध्ययन कर लिया जाय ।डीजीपी ने कहा कि असामाजिक और अवांछनीय तत्वों की सूची को अद्यावधिक कर उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाये ।डीजीपी ने त्यौहारो को लेकर सभी ट्रबल स्पाट और हॉट स्पाट की सूची बनाकर वरिष्ठ अधिकारी स्तर पर भ्रमण व समीक्षा हर हाल में की जाये ।डीजीपी प्रशांत कुमार ने अफसरों से कहा कि बीते वर्षों में प्रकाश में आये सभी विवादों और घटनाओं की समीक्षा करते हुए सभी स्थानों पर कड़े पुलिस प्रबन्ध किया जाये।

डीजीपी ने कहा कि असूचना तंत्र को और अधिक सक्रिय कर चौबीसों घंटे सतर्क रखा जाय। विभिन्न असामाजिक और अवाँछनीय एवं साम्प्रदायिक तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखते हुए छोटी से छोटी सूचना को अत्यन्त गम्भीरता से लेते हुये त्वरित कार्रवाई की जाये ।डीजीपी ने कहा कि आयोजन स्थलों और संवेदनशील स्थानों तथा मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों और जुलुस के मार्गों एवं हॉट स्पाट पर प्रर्याप्त पुलिस प्रबन्ध किया जाय तथा सीसीटीवी कैमरा व ड्रोन कैमरे के जरिए कड़ी निगरानी रखी जाय ।डीजीपी ने कहा कि नियमित मोबाइल गश्त और फुट पेट्रोलिंग करायी जाय ।इसमें किसी भी प्रकार की कोताही न हो। डीजीपी ने कहा कि जिलों में पोस्टर पार्टी का गठन कर सभी धार्मिक स्थलों की नियमित चेकिंग की जाये। यूपी 112 के पीआरवी वाहनों के कर्मियों को ब्रीफ करते हुए उनका प्रभावी व्यवस्थापन किया जाये ।डीजीपी ने अफसरों से कहा है कि सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मो की निरन्तर मॉनिटरिंग की जाय तथा उन पर सतर्क दृष्टि रखी जाय। असत्य एवं भ्रामक सूचनाओं का तत्काल संज्ञान लेते हुए उनका समय से खण्डन किया जाय।

# जालसाज ने महिला समेत तीन लोगों से 23.56 लाख ऐंठे




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** साइबर जालसाज ने महिला समेत तीन लोगों से 23.56 लाख रुपये ऐंठ लिए। पीड़ितों की तहरीर पर आशियाना, पीजीआई व गोमतीनगर पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच कर रही है। आशियाना के रजनीखंड निवासी सुषमा चतुवेर्दी के मुताबिक वह सोशल मीडिया पर शेयर मार्केट में निवेश से सम्बंधित जानकारी ले रही थी। इस बीच उन्हें टू केकेआर स्टडिंग ग्रुप से एक लिंक मिला। लिंक पर क्लिक करते ही वह एक ग्रुप से जुड गई। ग्रुप के एडमिन अनुराग ठाकुर ने उन्हें शेयर में निवेश के फायदे बताए। जालसाज की बातों में आकर उन्होंने शेयर में निवेश के लिए 16.42 लाख रुपये बताए खाते में जमा कर दिए। रुपये जमा करने के बाद उन्हें न तो उन्हें मुनाफा मिला और न ही अपने रुपये निकाल पा रही हैं। वहीं पीजीआई की वृंदावन कॉलोनी सेक्टर-ए निवासी स्मृति पोरवाल से रिवॉर्ड पॉइंट के नाम पर जालसाजों ने 2.90 हजार रुपये हड़प लिए। उधर गोमतीनगर निवासी रामचंद्र पांडेय से जालसाज ने उड़ीसा में गेस्ट हाउस बुक करने के नाम पर 2.24 हजार ऐंठ लिए। वहीं राजधानी के गोमतीनगर में बुजुर्ग को कम दामों में धार्मिक यात्रा और दूसरे पीड़ित को रकम दोगुनी का लाभ का लालच देकर जालसाज ने करीब 6 लाख रुपए ऐंठ लिए जब पीड़ित को ठगी का एहसास हुआ तो उसने गोमतीनगर थाने में तहरीर देकर शनिवार को मुकदमा दर्ज कराया। पहली ठगी गोमतीनगर के 4/94,विनय खंड निवासी रामचंद्र पाण्डेय परिवार के साथ रहते है। 4 मार्च को उन्होंने पूरे परिवार के साथ उड़ीसा जगन्नाथ दर्शन पर जाने का प्रोग्राम बनाया था, और गूगल पर वेबसाइट के माध्यम से देखा जहां नीलाद्री भक्त निवास जगन्नाथ मंदिर ट्रस्ट के नाम से स्वामित्व है। जहां पंकज नाम के व्यक्ति से बातचीत हुई और खाता नंबर मांगा गया जिसमें मैंने 2 लाख 24 हजार रुपए भेज दिए और ओटीपी मांगा गया जिसके बाद कोई जवाब नहीं मिला। पुलिस के अनुसार पीड़ित की तहरीर के अनुसार धोखाधड़ी और आईटी एक्ट में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत अहिबरनपुर, वि0ख0 दोस्तपुर, जनपद-सुलतानपुर**

पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2023-24 दिनांक-09.03.2024

**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अहिबरनपुर, वि0ख0 दोस्तपुर, सुलतानपुर में पंचम वित्त/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2023-24 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक 10.03.2024 से दिनांक 15.03.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत अहिबरनपुर पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 15.03.2024 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है-

| क्रम सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | खण्डजा से मां काली स्थान तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | 4.47 लाख। | इंटरलाकिंग ईंट व अन्य निर्माण सामग्री। |
| 2 | राम चरितर के घर से नीमर के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | 3.53 लाख। | इंटरलाकिंग ईंट व अन्य निर्माण सामग्री। |

नोट- समस्त नियम व शर्तें लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रां.पं.- अहिबरनपुर, वि.ख.- दोस्तपुर
जनपद-सुलतानपुर

# दुराचार के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सआदतगंज पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक थाना सआदतगंज ब्रजेश सिंह ने बताया की पीडिता बीती 23 फरवरी को थाने पर आकर सूचना दिया कि आमिर अंसारी निवासी मौज्जमनगर नियर अय्यूबी मस्जिद ने उसे शादी करने का झांसा देकर अपने प्रेम जाल में फंसाया। उसके बाद उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। जब उसने शादी करने के लिए दबाव बनाया। तो उसने उसके साथ मारपीट करने, गाली गलौज देने व जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी कि तलाश कि गई। इस दौरान मुखबिर ने सूचना दिया कि वांछित अभियुक्त आमिर अंसारी तिल्ली मिल मैदान सआदतगंज के पास खड़ा है, और कहीं जाने की फिराक में है। जिस पर पुलिस टीम में शामिल का0 भूपेन्द्र व कार्तिकेय सिंह ने अभियुक्त मो० आमिर अंसारी को गिरफ्तार कर लिया।

**ट्रेन से यात्रियों का मोबाइल चुराने वाला दबोचा:** चलती ट्रेन में यात्रियों का मोबाइल चुराने वाला शातिर चोर शुक्रवार को चारबाग रेलवे स्टेशन पर पकड़ा गया। चारबाग जीआरपी इंस्पेक्टर संजय खरवार ने बताया कि नागेश कुमार बहराइच का रहने वाला है। चारबाग के सकुर्लेटिंग एरिया नलकूप के पास से एक मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में बताया कि बीते दिनों ट्रेन नंबर 12524 न्यू जलपाईगुडी सुपरफास्ट एक्सप्रेस के कोच संख्या बी-8 सीट नंबर 13 पर यात्रा कर रहे यात्री का मोबाइल चोरी किया था।

**नगराम पुलिस ने दो चोरों को गिरफ्तार कर भेजा जेल:** बीते बुधवार के दिन निमंत्रण में गई दूल्हा पुर हुसेनाबाद गांव निवासी महिला के घर लगी एल सी डी टी वी चोरी के मामले में नगराम पुलिस द्वारा बलसिंह खेड़ा गांव नहर पुलिया के पास से चोरी गई टी वी सहित चोरी में शामिल दो चोरों को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष नगराम के अनुसार गिरफ्तार युवकों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि बुधवार के दिन दूल्हा पुर हुसेनाबाद गांव निवासी महिला जब रिस्तेदारी गई हुई थी उसी रात चोरों ने उसके घर में लगी एल सी डी टी वी चुरा ले गए थे। उक्त चोरी के मामले में महिला सुदामा द्वारा गांव के ही सत्यनाम को नामित करते हुए मुकदमा दर्ज कराया गया था। मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश सरगर्मी से की जा रही थी शनिवार के दिन वरिष्ठ उपनिरीक्षक चंद्र भानु वर्मा उपनिरीक्षक सैय्यद हासिम अली सिपाही सुनील कुमार राय अंबिकेश तिवारी व विनोद कुमार के साथ गस्त के दौरान बलसिंह खेड़ा नहर पुलिया के पास पहुंचे ही थे कि वहां बोरी में कुछ सामान लिए पहले से खड़े दो युवक एकाएक सामने पुलिस देख सकपका कर लंबे कदम खेतों की तरफ जाने लगे शक होने पर पुलिस बल द्वारा घेर कर पकड़ लिया गया। बोरी खोल कर देखा गया तो उसमें चोरी की एल सी डी टी वी बरामद हुई। पुछताछ में घटना में नामित दूल्हा पुर हुसेनाबाद गांव निवासी सत्यनाम निकला व व दूसरा चोरी में शामिल उसका साथी गांव का ही दिनेश कुमार गोस्वामी निकला। दोनों को मय चोरी के सहित पकड़ कर थाने लाया गया जहां पहले से दर्ज मुकदमे में गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

## तीन दिन बाद भी नहीं पकड़े गये बाइक चोर

लखनऊ। राजधानी के माल इलाके में ससुराल गये युवक की मोटरसाइकिल लेकर भागे चोर को पुलिस तीन दिन बीत जाने के बाद भी नही पकड़ सकी है। जबकि चोर के बारे में पीड़ित ने पुलिस को पूरी जानकारी दे रखी है। मिलीजानकारी के अनुसार की जगदीश पुर गाव निवासी पीड़ित अनिल कुमार ने बताया की वह विगत पांच मार्च को अपनी ससुराल हीरो मोटरसाइकिल से ससुराल पतौना गांव गया था। अपने ससुर दुर्गा प्रसाद रावत के घर के बाहर मोटरसाइकिल खडीकर घर के अंदर चले गये। उसी समय हियातगंज निवासी लल्लन मोटरसाइकिल लेकर भाग गया। कई चश्मदीद लोगो ने मोटरसाइकिल ले जाते देखकर बताने आये तबतक वह भाग चुका था। हम परेशान होकर थाना पहुँचकर लिखित शिकायत की पर कोई कार्यवाई नही हुई। शुक्रवार को थाने में फिर से शिकायती पत्र दिया है पर अभीतक कुछ हुआ नही है।

# डीसीपी दक्षिणी ने निगोहां थाने का किया निरीक्षण

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** शनिवार को डीसीपी दक्षिणी तेज स्वरूप सिंह ने निगोहां थाने पर आयोजित समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायते सुनने के बाद थाने का निरीक्षण भी किया ।उन्होने थाना परिसर, महिला हेल्पडेस्क बैरक, हवालात, मालखाना का भ्रमण करते हुए शस्त्रों की सफाई और रखरखाव का जायजा लिया। थाने के अभिलेखों और लंबित विवेचनाओं तथा लंबित शिकायती पत्रो की जांच और वांछित अभियुक्तों के संबंध में गहराई से समीक्षा की।

डीसीपी ने थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी को हिस्ट्रीशीटरो की निगरानी के भी निर्देश दिये ।उन्होने सभी एसआई व पुलिसकर्मियों को डयूटी के दौरान अच्छी वर्दी धारण करने तथा रुचि लेकर कार्य करने के निर्देश दिए। इसके अलावा जनता से प्राप्त शिकायतों का समय पर निस्तारण करने के निर्देश दिये ।डीसीपी ने आगामी त्यौहारो सहित ? लोकसभा चुनाव में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिये ।निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी अनुज कुमार तिवारी समेत सभी उपनिरीक्षक व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## वासु पूज्य के जन्म तपकल्याणक पर अभिषेक

**लखनऊ।** प्रथम बाल यति 12वें तीर्थंकर वासु पूज्य के जन्म तपकल्याणक फागुन कृष्ण चतुर्दशी वीर संवत 2550 शनिवार को चौक के 1008 नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में पांडुक शिला पर भगवान का अभिषेक, शांति धारा मंत्रोच्चारण किया गया। भगवान का पालना झुलाकर धूमधाम के साथ कार्यक्रम मनाया गया। इस मौके पर अशोक जैन, दिलीप जैन, अभिनंदन जैन, विकास जैन, निरंजन जैन, रमा जैन, मीना जैन, सलोनी जैन, कुसुम जैन, अनीता जैन, रेखा जैन आदि रहे।

## तहसील और थाना दिवस पर नहीं हो रहा समस्याओं का निवारण

लखनऊ। तहसील और थाने पर आयोजित किये जाने वाले समाधान दिवस महज औपचारिकता हैं। समस्याओं के निस्तारण की आस में भटकते फरियादियों को राहत कैसे मिले। अभी इसकी कोई ठोस नीति नहीं है। तमाम विवाद और मारपीट प्रशासन के इसी लापरवाह तंत्र के कारण होते हैं।

शनिवार को थाना माल में आयोजित समाधान दिवस में पांच प्रार्थनापत्र आये। सभी राजस्व से सम्बंधित थे। सुनवाई के लिये अकेले राजस्व निरीक्षक व एक दरोगा उपस्थित थे। बिना किसी क्षेत्रीय लेखपाल मौके पर कौन जाये लिहाजा शिकायतें दर्ज कर सम्बंधित को प्रेषित किये जाने की रश्म पूरी हुई। पूछे जाने पर कि लेखपाल नहीं आये तो पता चला वह क्रॉप कटिंग करा रहे हैं। जंगी खेड़ा गांव में अयोध्या प्रसाद और हरी प्रसाद का मकान बन रहा है। पड़ोसी गंगाराम का आरोप है कि निर्माण उनकी निजी जमीन पर हो रहा है। इस बात को लेकर दोनों पक्षों ने कई बार प्रार्थनापत्र दिये लेकिन विवाद हल नहीं हुआ। शनिवार को सबेरे फिर विवाद की स्थिति आयी तो पुलिस ने दोनों पक्षों को शांतिभंग की धाराओं में चालान कर दिया। जमीनों के सैकड़ों विवाद सामने रहते हैं और जिम्मेदार आंखे मूंदे रहते हैं। निचोड़ यह है कि जब तक किसी मामले में असहज स्थिति सामने न आ जाय समस्या का निस्तारण असल में नहीं होता। जमीनों का अंश निर्धारण भी राजस्व अधिकारियों ने बिना तथ्यों को जांचे ही कर दिया। जिसके चलते तमाम किसानों की रियल टाइम में उनके हिस्से गड़बड़ा गये हैं।

## मामूली कहासुनी में दो पड़ोसियों में मार-पीट



**लखनऊ।** नगराम कस्बा के गढ़ी वार्ड लोध पुरवा मोहल्ला निवासी दो पक्ष शुक्रवार देर शाम आपसी विवाद में भिड़ गए। दोनों पक्षों में हुई कहासुनी के बाद नौबत मार पीट तक पहुंच गई। दोनों के लोगों में हुई मारपीट में कई लोग घायल हो गए। थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि एक पक्ष के राम प्रसाद द्वारा छेदा लाल के लड़के उमेश व विवेक सहित रवि के विरुद्ध मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। वहीं दूसरे पक्ष के छेदा लाल के लड़के उमेश द्वारा दी गई तहरीर पर लक्ष्मी नरायन के लड़के पप्पू संतराम राम प्रकाश के लड़के मोहित व राम सागर सहित चार लोगों के विरुद्ध दी गई तहरीर पर मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच वरिष्ठ उपनिरीक्षक चंद्र भानु वर्मा को सौंपी गई है।

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
**शुद्धिपत्र-1**
**निविदा सूचना सं. 182-Mech-CW-ERW-BSB-22**
**कार्य का नाम** : इन्सटालेशन आफ मशीन्स, कमिशनिंग, आपरेशन एण्ड मैनेजमेन्ट आफ मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) फार ड्राई वेस्ट ट्रीटमेन्ट एण्ड कम्पोस्टिंग प्लान्ट फार वेट वेस्ट ट्रीटमेन्ट ऐट वाराणसी कैन्ट रेलवे स्टेशन फार थ्री इयर्स (एक्सटेन्डबल अपटू टेन इयर्स) 1. उपरोक्त निविदा जो कि दिनांक 21.03.2024 को 15:30 बजे खुलना प्रस्तावित थी, निरस्त की जाती है।
741/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# बैकग्राउंड डांसर से लेकर वेट्रेस की नौकरी तक की : मनीषा रानी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** छोटे शहरों के कम आमदनी वाले परिवारों में खुलने वाली आंखें बड़े सपने कम ही देख पाती हैं। फिर, उन सपनों के लिए अपनों से लड़ने और घर-परिवार छोड़ने का माद्दा तो कुछ जिद के पक्के जिगरवाले ही दिखा पाते हैं। जैसा कि मुंगेर, बिहार की मनीषा रानी ने कर दिखाया है।

महज 16 साल की उम्र में मनीषा अपने सपनों का पीछा करते हुए घर से भाग निकलीं और जा पहुंची महानगरी कोलकाता। वहां रोटी, कपड़ा और छत की मूलभूत जरूरतें पूरी करने के लिए 500 रुपये की दिहाड़ी पर बैकग्राउंड डांसर से लेकर वेट्रेस की नौकरी तक की। कई बार अपनी मेहनत और हक की कमाई तक से हाथ धोया, लेकिन हिम्मत तब भी नहीं हारी। वो कहते हैं न कि तकदीर भी उसी का साथ देती है, जो अपना साथ खुद देते हैं। तो मनीषा की हिम्मत के आगे किस्मत ने हार मान ली। आज यह सोशल मीडिया स्टार अपने फैंस के बेशुमार प्यार की वजह से रिऐलिटी शो क्वीन बन चुकी है। पिछले साल



बिग बॉस ओटीटी की सेकंड रनर अप रहीं मनीषा रानी अब सिलेब्रिटी डांस रिऐलिटी शो 'झलक दिखला जा 11' की विनर बन चुकी हैं। विनर बनने के बाद मनीषा ने वॉयस ऑफ लखनऊ से अपने करियर को लेकर विस्तार से बातचीत की।

**मैंने स्ट्रगल हमेशा देखा है :** मनीषा रानी अपनी जिंदादिली और हंसमुख अंदाज के लिए जानी जाती हैं। मनीषा ने कहा, 'मेरा ये मस्तमौला अंदाज हमेशा से रहा है। मैंने स्ट्रगल हमेशा से देखा है। कोलकाता में तो इतनी मुश्किलें झेली हैं कि बहुत रोते थे, भगवान को कोसते भी थे कि क्यों ऐसी जिंदगी मिली? वहां 500 रुपये रोजाना पर काम करते थे, उस पर भी लोग काम करा लेने के बाद पैसे ही मार जाते थे। जहां हम रहते थे, उसका किराया ही 1400 रुपये था। अपनी परेशानी किसी से कह भी नहीं सकते थे। एक तो घरवालों से लड़कर आए थे। उनको सच बताते तो वे सीधे कहते कि वापस आ जा, क्यों उस चीज के पीछे परेशान है जो तुम्हारे बस की नहीं है।

**टिक टॉक विडियोज से बदली जिंदगी:** मनीषा की जिंदगी ने तब करवट बदली, जब उनके टिक टॉक विडियो वायरल होने लगे। बकौल मनीषा, 'शुरू-शुरू में मैं टिक टॉक के टैंपलेट पर विडियो बनाती थी। बाद में अपनी आवाज में बनाने लगी। एक साल के अंदर ही मेरे विडियो वायरल होने लगे। हालांकि, तब भी मैंने अपने रिश्तेदारों वगैरह से काफी ताने सुने हैं। मां-बाप को भी बातें सुननी पड़ती थी कि ये लड़की से यही सब करवाएंगे, नचनिया बनाएंगे। मुझे वो सब याद करना अब अच्छा नहीं लगता। मेरा एक ही लक्ष्य है कि मैं आज जहां पहुंची हूं, अपने फैंस के प्यार की वजह से पहुंची हूं। चाहे वह सोशल मीडिया हो या बॉलिवुड, मुझे उनको एंटरटेन करना है।'मैं इस वक्त 14वें आसमान पर हूं। हालांकि, मैं किसी को हराने में नहीं, खुद को जिताने में यकीन रखती हूं। मेरा मानना है कि शोएब, अद्रीजा, धनश्री जितने भी टॉप फाइव थे, सबने बहुत मेहनत की थी, सब विनर्स हैं।

### घर से न भागती, तो किसी की बीवी होती

महज 16 साल की उम्र में घर छोड़ने जैसा बड़ा कदम उठाने वाली मनीषा बताती हैं, 'मेरे में बचपन से ये चुल्ल था कि हमको बाहर जाना है, कुछ बनना है। हम यहां (बिहार) में नहीं रह पाएंगे, क्योंकि हम मिडिल क्लास परिवार से थे। पापा का कूरियर सर्विस का काम था। कमाई इतनी थी नहीं। तो, दो ही रास्ते थे... या तो पढ़ाई करो या शादी करके घर बसा लो। जबकि, हमको ऐसी आम जिंदगी नहीं जीनी थी। इसलिए हम कोलकाता भाग आए। वहां बहुत मुश्किल वक्त देखा। बैकग्राउंड डांसर का काम किया, कभी वेटर का भी काम किया। लेकिन, मेरी सोच यही थी कि कुछ भी हो जाए, हमको पलटकर नहीं देखना है। हार नहीं मानना है। इसलिए हम लगे रहे।

# खादी प्रदर्शनी में दिखी विविध राज्यों की कला-संस्कृति

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** देश के ग्रामीण क्षेत्र के कामगारों, हस्तशिल्पियों द्वारा उत्पादित वस्तुओं के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं विपणन का अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खादी और ग्रामोद्योग आयोग, सूक्ष्म, लघु एंव मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार लखनऊ द्वारा नेशनल इण्टर कॉलेज, राणा प्रताप मार्ग, लखनऊ में विपणन के अन्तर्गत राज्य स्तरीय खादी प्रदर्शनी का आयोजन 6 मार्च से 17 तक किया जा रहा है। प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में कारीगरों/शिल्पियों द्वारा तैयार उत्पादों को बढावा देकर ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक रोजगार के अवसर सृजित करना है। प्रदर्शनी में 75 स्टाल के माध्यम से उत्तरप्रदेश एवं देश के अन्य राज्यों से लगभग 54 खादी एवं ग्रामोद्योगी संस्था/प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अन्तर्गत स्थापित छोटी-छोटी औद्योगिक इकाईयॉ अपने उत्पादों की बिक्री/प्रदर्शनी कर रही है। प्रदर्शनी में उ.प्र. राज्य के अतिरिक्त अन्य राज्यों के खादी और ग्रामोद्योग आयोग तथा खादी ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा वित्तपोशित/प्रमाणित खादी ग्रामोद्योगी संस्थाऐं, इकाईयां, हस्तशिल्पियों, आरईजीपी/पीएमईजीपी इकाईयों तथा स्फूर्ति क्लस्टरों द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। उ.प्र. राज्य के अतिरिक्त अन्य राज्यों उत्तराखण्ड, बिहार, पश्चिम बंगाल, राजस्थान तथा जम्मू कशमीर के उद्यमियों द्वारा लगभग 75 स्टाल लगाये गये हैं। खादी ब्राण्ड के उत्पाद जैसे कि सदरी, कुर्ता, शर्ट, कोट, कम्बल एवं कोशा साड़ी, चन्देरी साड़ी, सिल्क साड़ियाँ इत्यादि कई प्रकार की खादी की साड़ियाँ प्रर्दशनी में ब्रिकी के लिये विशेष रूप से 20 प्रतिशत तक डिस्काउन्ट में उपलब्ध हैं। इसके अलावा ग्रामोद्योगी उत्पाद जैसे हर्बल टी, मसाले, अचार, ऑवला मुरब्बा, आयुर्वैदिक उत्पाद, हर्बल कास्मेटिक्स उत्पाद जैसे-साबुन, शैम्पू, सुगन्धित तेल, उबटन, मेंहदी आदि, साथ ही हैण्डीक्राफ्ट उत्पाद विशेष रूप से बंगाल के हस्त निर्मित वुड्न वाल पेन्टिंग, खिलौने इत्यादि भी प्रदशनी में विषेश आकर्षण का केन्द्र बने हुए हैं।

# 5 हजार महिलाएं आज करेंगी सामूहिक सुंदरकांड पाठ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समिति, की ओर से सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल की अगुवाई में विश्व रिकार्ड के लिए रविवार 10 मार्च को पांच हजार महिलाएं सामूहिक संदुरकांड का पाठ करेंगी। यह आयोजन झूलेलाल घाट पर होगा। इस महा अनुष्ठान के मुख्य अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद डॉ.दिनेश शर्मा को आमंत्रित किया गया है।

श्री परमान्द हरि हर मन्दिर की संस्थापिका सपना गोयल ने बताया कि देवों और संतों की भूमि-भारत को अपनी आध्यात्मिक सनातन पहचान दिलवाने के लिए आगामी 10 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 5 हजार महिलाओं द्वारा एक साथ सुंदरकांड कराने का संकल्प लिया गया है। इस दिशा में उनके द्वारा गठित 51 शक्तिपीठ द्वारा महिलाओं को कार्य सौंपे जा चुके हैं। इससे पहले फरवरी में जनजागृति के लिए ह्लरामोत्सवह्व के अंतर्गत संगोष्ठी का भी आयोजन जे.सी. गेस्ट हाउस में करवाया गया था। सत्य सनातन नारी शक्ति-लक्ष्मण पुरी की सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल ने हिन्दुओं का आवाहन किया कि हिंदू अपने अपने स्थानीय मंदिरों पर हर मंगलवार को एकत्र होकर सुंदरकांड का पाठ अवश्य करें। उन्होंने ने बताया कि उत्तर प्रदेश के 12 जिले पीलीभीत, बरेली, मुरादाबाद, नोएडा, गाजियाबाद, आगरा, लखीमपुर, रायबरेली, बनारस, सुल्तानपुर, बाराबंकी, अयोध्या नगरी सहित प्रदेश के पचास गांव और देश में मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली उड़ीसा, कर्नाटक के बेंगलुरु और महाराष्ट्र की राजधानी मुम्बई तक में यह अभियान पहुंच चुका है। विदेशों में मॉरिशस, अमेरिका, साउथ अफ्रीका और संयुक्त अरब अमीरात की राजधानी दुबई तक में यह अभियान सक्रिय हैं। सपना गोयल के अनुसार भगीरथ ने अपने पूर्वज राजा सगर के साठ हजार पुत्रों को जिस तरह मुक्ति दिलवायी थी उसी तरह उनका भी संकल्प, मानव जाति का कल्याण करना है। इसकी प्रेरणा उन्हें साल 2022 में बाबा अमरनाथ से मिली थी। सपना गोयल ने बताया कि उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ को प्रभु श्रीराम के अनुज लक्ष्मण के नाम पर बसी लक्ष्मणपुरी, के मूल नाम को लोकप्रिय करवाने और सनातन धर्म के पुनरुत्थान के लिये वह बीते कई वर्षों से मंदिर निर्माण कार्य और मंदिरों के जीर्णोद्धार की सेवा भी कर रही हैं। जनजागृति के लिए समय-समय पर वह जगह-जगह पर भंडारे करवाती हैं। इसके साथ ही उनके द्वारा तीर्थों पर भी सेवाएं और भंडारे आयोजित किये जा रहे हैं। सपना गोयल के प्रयासों से धर्म जागरण के साथ-साथ नारी सशक्तिकरण को भी बल मिल रहा है।

# मैं निर्धन तू सेठ सांवरा बता कद ताला खोलेगा...

## श्री श्याम ज्योत मंडल के 41वें श्री श्याम निशानोत्सव में नामचीन गायकों ने भजनों से बांधा समां

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** श्री श्याम ज्योत मंडल के ओर से ऐशबाग के तिलकनगर स्थित महाराजा अग्रसेन पार्क में 41वां श्री श्याम निशानोत्सव के दूसरे दिन शहनाई सांवरे की भजन संध्या सजाने के लिए फतेहाबाद की परविन्दर पलक, कानपुर के कुमार मुकेश एण्ड समूह एवं मास्टर तरंग जैसे नामचीन गायकों ने बाबा श्याम के दरबार भजनों की संतरगी छठा बिखेरी। समिति के मीडिया प्रभारी अनुपम मित्तल ने बताया कि उज्जैन, कोलकाता, महाराष्ट्र के कलाकारों ने अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के उपलक्ष्य में शनिवार को श्याम निशानोत्सव में मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम एवं राधा कृष्ण पर आधारित विभिन्न प्रसंगों को फ्यूजन नृत्यों के माध्यम अपनी मनमोहनी प्रस्तुति से समा बांध दिया। उज्जैन के सुप्रसिद्ध 50 कलाकारों ने महाआरती कर काशी की गंगा आरती की यादों तरोताजा कर दिया।





खाटू श्याम का भव्य राजमहल जो पहले दिन स्वर्णिम आभा बिखेर रहा था वो दूसरे दिन रंग बिरंगी रोशनी से जगमगा हुआ। राजमहल की दीवारों पर देवी देवताओं की एवं मेहराबों पर सुन्दर आकृतियों को उकेरा गया था। राज दरबार के ऊंच शिखर पर पंच पताका लहरा रहा थी। बाबा श्याम का शीश पर स्वर्ण मुकुट पर मोर पंख, बाबा का बाघा संतरंगी वस्त्रों में हीरा पन्ना, रंग बिरंगे बेशकीमती मोतियों से अलकृत था। बाबा का बाल घुंघराले, माथे पर भाल तिलक, आंखे अमृत की प्याली, मुख एवं ललाट पर एक अलग सा तेजपुंज के प्रकाश से सुशोभित हो रहा था। भव्य दरबार रंग बिरंगा देशी विदेशी पचरंगा फूलों से महक रहा था। 50 फुट ऊंचा, 80 फुट चौड़े भव्य राजमहल में खाटू नरेश की विराजमान थे। ऐसे बाबा की मनमोहिनी छवि भक्तों को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। किस्मत वालों को ही मिलता है बाबा श्याम का दरबार। हारे के सहारे का दर्शन करने के लिए हजारों की संख्या में श्याम भक्तों का जनसैलाब उमड़ा था।

भजन संकीर्तन में शनिवार को भजन संध्या से पूर्व सर्वप्रथम राज श्री म्यूजिकल समूह के निर्देशन में मंडल सदस्यों ने गणेश वंदना विघ्रहर्ता का गणेश आवाहन किया। शहनाई सांवरे की महफिल के दूसरे दिन भजन संध्या का शुभारंभ कानपुर के कुमार मुकेश गुप्ता ने 'रंग तूने प्रेम वाला मुझपे चढ़ाया है..., तेरा होकर देख लिया तेरा होकर रहना है अपना बनाकर रखना बाबा बनवारी का कहना...जैसे कर्णप्रिय भजनों को सुनाकर भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजन संध्या के अगले सोपान में कनकती अवाज में फतेहाबाद की परविन्दर पलक ने 'मैं निर्धन तू सेठ साँवरा बता कद ताला खोलेगा किस्मत का..., बाबा आयेगा मेरा बाबा आयेगा सच्चे दिल श्याम पुकारो रूक नहीं पायेगा... एवं 'कलयुग में बाबा तेरा जोर है पकड़ो ना हाथ ये कमजोर है... जैसे भक्तिमय भजनों को सुनाकर भक्तों को श्याम रस से सराबोर कर दिया। नामचीन गयिका परविन्दर पलक के भजनों का जादू कुछ ऐसा चला कि भक्तों को शाम से मध्य रात्रि तक का पता ही नहीं चला। कार्यक्रम के अंतिम चरण में श्याम भक्तों ने राधा कृष्ण एवं बाबा श्याम के संग रंग बिरंगे फूलों एवं रंग गुलाल की होली। कार्यक्रम समापन पर भक्तों को छप्पन भोग लगा हुआ प्रसाद बांटा गया। श्याम भक्तों के लिए 360 डिग्री का सेल्फी, सेल्फी विद श्याम का सेल्फी प्वाइंट बनाया गया था। निशानोत्सव का संजीव प्रसारण फेसबुक यूट्यूब पर किया गया। कोलकाता के आसिम मत्या और साथी कारीगरों ने बाबा श्याम का विशालकाय दरबार बनाया था। रंगबिरंगी एलईडी रोशनी से जगमगाता हुआ पंडाल तलवार टेंट के अमन तलवार तथा अग्रवाल इलेक्ट्रिकल्स के घनश्याम अग्रवाल ने कोलकाता के एलईडी पैनलों से खाटू का तोरणद्वार, समारोह स्थल मार्गों के बीच-बीच में लम्बे-लम्बे एलईडी पैनलों पर विभिन्न धार्मिक प्रसंगों एवं सुन्दर चित्रों को लाइटों के माध्यम से रोशन हो रहे थे। विद्या नंद अवस्थी के अवस्थी साउंड से शहनाई सांवरे की महफिल गुंजयमान हुई। इन सभी भक्तों ने बाबा के चरणों अपनी सेवा समर्पित की। इस अवसर पर अध्यक्ष श्रवण अग्रवाल, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र अग्रवाल, संरक्षक भारत भूषण, उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, सुरेश कंछल, सदस्य मुकेश अग्रवाल, सचिन कंछल, मोती कंछल, सक्षम, मोहित, निश्चल, श्रेयस, राजरानी अग्रवाल, साक्षी एवं श्याम भक्त मौजूद थे। 10 मार्च रविवार को प्रातः 11 बजे कार्यक्रम स्थल से श्री श्याम सतरंगी ध्वजा शोभायात्रा निकाली जाएगी। जो बीरबल साहनी मार्ग स्थित खाटू धाम मंदिर तक जाकर समाप्त होगी।

# जैन धर्म और संस्कृति की हमारी विरासत समृद्धिशाली है : विजय कुमार

- जैन दर्शन एवं कला संगोष्ठी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उप्र जैन विद्या शोध संस्थान व शशि भूषण बालिका डिग्री कॉलेज की ओर से भारतीय संस्कृति में जैन दर्शन एवं कला का योगदान विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन बाल्मीकि प्रेक्षागृह गोमतीनगर मे शनिवार को किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि भूतपूर्व पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने कहा कि उत्खनन में प्राप्त सामिग्री एवं मूर्तियों का विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि हमारे देश की कला अति प्राचीन है। देश और प्रदेश के कई जनपदों में उत्खनन का अवलोकन और अध्ययन से पता चला रहा है कि जैन धर्म और संस्कृति की हमारी विरासत समृद्धशाली है। बीज वक्ता (मुख्य वक्ता) प्रो. पियूष भार्गव ने कहा कि जैन कला का वैशिष्ट्य तीर्थंकरों कि निस्पृह योग साधना प्रमुख है। प्रो. शैलेन्द्रनाथ कपूर और प्रो अनिल कुमार ने कहा कि प्राचीन दार्शनिक शास्त्रों के अध्ययन और शोध से भारतीय संस्कृति को समझने की दिशा नये आयाम स्थापित होंगे।





विशिष्ट अतिथि दिल्ली के प्रो. ईश्वर शरण विश्वकर्मा ने बताया कि हमारी सनातन परम्परा में जैन संस्कृति का विशेष महत्व है। जैन धर्म आध्यात्म और व्यवहारिक सामाजिक जीवन को नई ऊचाई पर पहुंचाता है।

संगोष्ठी की अध्यक्षता उ.प्र. जैन विद्या शोध संस्थान के उपाध्यक्ष प्रो. अभय कुमार जैन ने कहा कि जैन धर्म संस्कृति अनादि काल चली आ रही है। निर्ग्रन्थ श्रमण परम्परा प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव (आदिनाथ) से प्रारम्भ होती है। अयोध्या राजा ऋषभदेव ने अपनी प्रजा को असि, मसि, कृषि, शिल्प, वाणिज्य , शिक्षा, लिपि और अंक विद्या का ज्ञान देकर मानव को जीवन यापन की कला में समृद्ध किया।

संगोष्ठी के संयोजक डॉ. सौरभ मिश्र ने गोष्ठी के प्रमुख विषयों और उदेश्यों पर प्रकाश डाला। अन्तर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के निदेशक डॉ. राकेश सिंह ने अतिथियों का सम्मान एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में जैन संस्थान के निदेशक अमित कुमार अग्निहोत्री, संगीत नाटक आकादमी के निदेशक डॉ. शोभित कुमार नाहर, शशिभूषण बालिका विद्यालय डिग्री कॉलेज के प्रबन्धक पंकज भट्टाचार्य और प्राचार्य प्रो. अंजुम इस्लाम मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. अंजली आस्थाना और चन्द्रकला ने किया।

डॉ. शकुन्तला मिश्रा विवि के डॉ. बृजेश रावत, जबलपुर से डॉ. रंजना जैन, नैनीताल से डॉ. रितेश शाह, और डॉ. पी.एस. अधिकारी अयोध्या से डॉ. विनय कुमार शर्मा, बरेली से डॉ. पवन सिंह, मोतीहारी से प्रो. सुनील महावर और मुकेश कुमार, सिद्धार्थनगर से डॉ. शरदेन्दु त्रिपाठी के अतिरिक्त स्थानीय शोधार्थियों कने शोध निबन्ध प्रस्तुत किये। संगोष्ठी में 24 शोध पत्रों का वाचन हुआ।

# लखनऊ के शिवांग माथुर को अनु मलिक ने दिया गाने का ऑफर

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लविवि के बोर्ड ऑफ ओरिएंटल स्टडीज इन संस्कृत विभाग की संयोजिका डॉ. प्रेरणा माथुर के बेटे शिवांग माथुर को बॉलीवुड इंडस्ट्री के मशहूर म्यूजिक डायरेक्टर अनु मलिक ने पिछले दिनों ऑफर दिया था, जिसके तहत शिवांग माथुर को दो गाने उनके साथ करने का मौका मिला। दोनों ही गाने यूट्यूब पर रिलीज हो चुके हैं और लोगों की अच्छी प्रतिक्रिया इन गानों पर मिल रही है। मुंबई में मौजूद शिवांग माथुर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अनु मलिक के साथ उन्होंने चांद आधा-आधा क्यों है... और जुदा होने तक दो गाने किए हैं। दोनों ही गाने यूट्यूब पर लोगों की अच्छी प्रतिक्रिया पा रहे हैं।



उन्होंने अपने सफर को बताते हुए कहा कि वह सिर्फ 23 साल के हैं और लखनऊ के रहने वाले हैं। उनकी मां प्रेरणा मथुर लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं जबकि पिता बैंक में हैं। वो परिवार से इकलौते हैं जो म्यूजिक इंडस्ट्री में खास तौर पर नाम कमा रहे हैं। मां प्रेरणा माथुर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उन्हें काफी गर्व होता है कि उनके बेटे ने एकदम अलग क्षेत्र को चुना और मुंबई में अपना नाम कमा रहे हैं।

12 साल से म्यूजिक को जी रहेशिवांग माथुर ने बताया कि जब वह 17 साल के थे तभी मुंबई पहुंच गए थे। उन्होंने लखनऊ से संगीत में पढ़ाई की और इसके बाद तुरंत मुंबई चले गए। 18 साल की उम्र में इन्हें पहली फिल्म मिली जिसका नाम था पाखी। इस फिल्म में इन्होंने म्यूजिक दिया जो लोगों को काफी पसंद आया। इसमें म्यूजिक देने के बाद वह युवा म्यूजिक डायरेक्टर कहलाए। इसके अलावा इन्होंने वेब सीरीज इंस्पेक्टर अविनाश में भी अपना म्यूजिक दिया। इसमें चार गाने थे जिसमें तीन इन्होंने खुद गाए और एक किसी और से गवाया।

# कवयित्रियों नें गीत गजल गाकर समां बांधा

- अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कवि सम्मेलन का आयोजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** प्रगतिशील मानव कल्याण संस्थान एवं रत्नगिरि सेवा संस्थान द्वारा राज्य खादी एग्जीबीशन नेशनल पीजी कालेज लखनऊ में हुआ।

कार्यक्रम में आमंत्रित कवि/कवयित्री आकांक्षा अवस्थी ,पलक यादव ,मोहन सिंह बिष्ट ,प्रतिभा श्रीवास्तव ,सुधा राज बोधवी , श्वेता शुक्ला, खुशबू गौतम, डा. सरिता सदा बहार , डा. रीमा सिन्हा ,कुसुम गुप्ता ,सुधा मिश्रा ,उमा लखनवी,डा॰ रश्मि श्रीवास्तव ,मंजू श्रीवास्तव ,शालिनी राय निगम ,अनीता अरोड़ा ,अनुपमा श्रीवास्तव, वर्षा जिंदल इत्यादि उच्च स्तरीय कवि कवयित्रियों नें गीत गजल गाकर समाँ बांध दिया । राज्य स्तरीय पुरस्कृत श्री मती राधा बिष्ट जी का सम्मान हुआ एवं सुभाष गुरुदेव जी , प्रमोद श्रीवास्तव जी , दिनेश गिहार जी , मीना भारती जी , ममता जिन्दल जी की गरिमामय उपस्थिति रही । कार्यक्रम की संचालनकर्ता श्रीमती प्रतिभा बाल्यान जी के संचालन पर श्रोतागण मंत्रमुग्ध हो गये । कार्यक्रम की अध्यक्षता की डा॰ राधा बिष्ट (संस्थापक : प्रगतिशील मानव कल्याण संस्थान) एवं शक्ति बाजपेयी सरल (संस्थापक : रत्नगिरि सेवा संस्थान) नें , एवं सफल नियोजनकर्ता के रूप में शिखा सिंह पटेल जी ने अपना पूर्ण सहयोग दिया ।

# जो देखा, समझा, कार्रवाई हुई वैसा ही लिखा : ब्रजलाल

- आज रवीन्द्रालय चारबाग के पुस्तक मेले का होगा समापन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अंतिम दौर में पहुंच चुके रवीन्द्रालय लान चारबाग में चल रहे लखनऊ पुस्तक मेले में आज पुस्तक प्रेमियों की भारी भीड़ रही। कल रात ये मेला समाप्त हो जायेगा। आज के आयोजनों में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा विमोचित सांसद ब्रजलाल की वास्तविक घटनाओं पर आधारित पुस्तकों की चर्चा रही। विमोचनों के क्रम में कल क्रान्ति मिश्रा के उपन्यास चीख पर वक्ता विचार रखेंगे और चयनित स्टालों को स्मृति चिह्न प्रदान किये जायेंगे।




मेले में आज नवीन शुक्ला के संचालन में पूर्व डीजीपी व वर्तमान राज्यसभा सांसद बृजलाल की छह किताबों इण्डियन मुजाहिद्दीन, सियासत का सबक, इटावा फाइल, डेढ़ बिस्वां जमीन, लखनऊ के रंग बाज और पुलिस की बारात का विमोचन वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने किया। सुरेश खन्ना ने कहा की अभावों मे पलकर पढ़ने वाले ब्रजलाल से पुलिस और समाज को सीखना चाहिए। अनेक कीर्तिमान बनाते हुए ब्रजलाल ने ये भी सिखाया कि परेशानी आयें तो भी कर्तव्य से पीछे नहीं हटना चाहिए। ऐसा सत्य लिखने का साहस कम ही लोग करते हैं। सत्य घटनाओं और राजनीतिक उठा-पटक और प्रशासनिक फैसलों पर आधारित इन किताबों में प्रदेश के अतीत के हालात का सजीव चित्रण है। बृजलाल ने के दंगों पर लिखी पहली पुस्तक टेररिज्म आफ गुजरात के जिक्र के साथ कहा कि पुलिस में रहने के कारण सभी पुस्तकें अपराध से जुड़ी है। जो देखा, समझा, कार्यवाही हुई वैसा ही लिखा। बांग्ला और गुजरात भाषा में अनुवाद बाकी है। टी पी हवेलियां ने कहा कि आभावों में भी वे हमेशा तत्परता से कार्य करते रहे।

नवसृजन के तत्वावधान में नरेन्द्र भूषण की अध्यक्षता, डा.योगेश के संचालन व कृपा शंकर श्रीवास्तव विश्वास, डा. सत्यदेव प्रसाद द्विवेदी पथिक, आरएन तिवारी, डा.शिवमंगल सिंह मंगल, विजय त्रिपाठी, त्रिवेणी प्रसाद दुबे मनीष एवं चंद्रपाल सिंह चंद्र जैसे अतिथियों की उपस्थिति में रामप्रकाश शुक्ल प्रकाश, देवेश द्विवेदी देवेश, बेअदब लखनवी, मुकेश कुमार मिश्र, शशि नारायण त्रिपाठी, मनमोहन बाराकोटी, अजय दुबे, प्रमोद श्रीवास्तव, नवीन बैसवारी, सरस्वती प्रसाद रावत, मनु बौछार, प्रेम शंकर शास्त्री, कैलाश त्रिपाठी पुंज, रामराज भारती, डा.सुधा मिश्रा, प्रतिभा श्रीवास्तव, शिवानी निगम, जया शर्मा, ऋषि श्रीवास्तव, अर्श लखनवी सहित 51 रचनाकारों ने काव्यपाठ किया। विदुषी लेखिका डा.मीरा दीक्षित के उपन्यास बुनावटें का लोकार्पण महेशचंद्र द्विवेदी, डा.राकेश चन्द्रा, रत्ना कौल, निरुपमा मल्होत्रा, अर्चना प्रकाश, डा.रुचि श्रीवास्तव, इला शर्मा, अलका अस्थाना, नीलम सिंह, शिखा सक्सेना, पुष्पा सोनवानी, निर्मला सिंह चन्द्र, अश्विन चन्द्रा आदि की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। अलका अस्थाना की वन्दना से प्रारम्भ कार्यक्रम में प्रो.उषा मालवीय ने कहा कि उपन्यास में मध्यवर्गीय जीवन में घटते बदलावों का मनोवैज्ञानिक और सूक्ष्म विश्लेषण पाठक को आकर्षित करता है।

# मुंबई, हावड़ा व आनंद विहार के बीच चलेंगी विशेष ट्रेनें

## होली पर घर आने वाले व वापसी के लिए जाने वाले यात्रियों को राहत देंगी स्पेशल ट्रेनें

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा आगामी होली त्यौहार पर यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये यात्री जनता की सुविधा हेतु 05053/05054 गोरखपुर-बांद्रा टर्मिनस-गोरखपुर होली विशेष गाड़ी का संचलन गोरखपुर से 22 एवं 29 मार्च दिन शुक्रवार को तथा बांद्रा टर्मिनस से 23 एवं 30 मार्च दिन शनिवार को दो फेरों के लिये किया जायेगा।



- **होली पर नियमित ट्रेनों में मुंबई व दिल्ली से आने वालीलोगों को नहीं मिल रही कंफर्म टिकट**

05053 गोरखपुर-बांद्रा टर्मिनस होली विशेष गाड़ी 22 एवं 29 मार्च दिन शुक्रवार को गोरखपुर से 09.30 बजे प्रस्थान कर खलीलाबाद, बस्ती,गोण्डो, बादशाहनगर से 14.02 बजे, ऐशबाग से 14.40 बजे, कानपुर सेण्ट्रल, टुण्डला, आगरा फोर्ट, बयाना, गंगापुर सिटी, दूसरे दिन कोटा, भवानी मण्डी, शामगढ़, नागदा, रतलाम, वड़ोदरा, सूरत, वलसाड, वापी, पालघर तथा बोरीवली होते हुए बांद्रा टर्मिनस 16.00 बजे पहुंचेगी ।वापसी यात्रा में 05054 बांद्रा टर्मिनस-गोरखपुर होली विशेष गाड़ी 23 एवं 30 मार्च को बांद्रा टर्मिनस से 21.45 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन ऐशबाग से 00.55 बजे, बादशाहनगर से 01.20 बजे, गोण्डा, बस्ती, तथा खलीलाबाद होते हुए गोरखपुर सुबह 06.25 बजे पहुंचेगी । इस गाड़ी में एल.एस.एल.आर.डी. का 01, जनरेटर सह लगेज यान का 01 तथा साधारण द्वितीय श्रेणी के 20 कोचों सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

जबकि 02371 हावड़ा-बनारस होली विशेष गाड़ी 23 मार्च को हावड़ा से 08.15 बजे प्रस्थान कर बर्द्धमान, दुगार्पुर, आसनसोल, चितरंजन, मधुपुर, जसीडीह, झाझा, क्यूल, मोकामा, बख्तियारपुर जं., पटना, आरा, बक्सर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जं. होते हुए वाराणसी से 21.20 बजे छूटकर बनारस 21.45 बजे पहुंचेगी ।

वापसी यात्रा में 02372 बनारस-हावड़ा होली विशेष गाड़ी 23 मार्च को बनारस से 23.05 बजे प्रस्थान कर हावड़ा 12.20 बजे पहुंचेगी ।इस गाड़ी में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 06, जनरेटर सह लगेज यान के 02, शयनयान श्रेणी के 08, साधारण द्वितीय श्रेणी के 03, वातानुकूलित प्रथम सह द्वितीय श्रेणी का 01 तथा वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 01 कोच एवं पेंट्रीकार के 01 कोच सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे ।

01123 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर साप्ताहिक होली विशेष गाड़ी 15, 22, एवं 29 मार्च को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 12.15 बजे प्रस्थान कर थाणे, कल्यान, ईगतपुरी, नासिक रोड, भुसावल, खण्डवा, दूसरे दिन इटारसी, भोपाल,बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई जं., ऊरई, कानपुर सेन्ट्रल, लखनऊ, गोण्डो, तथा बस्ती होते हुए गोरखपुर 18.55 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में 01124 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस साप्ताहिक होली विशेष गाड़ी 16, 23 एवं 30 मार्च को गोरखपुर से 21.15 बजे प्रस्थान कर तीसरे दिन लोकमान्य तिलक टर्मिनस 07.25 बजे पहुँचेगी। इस गाड़ी में जनरेटर सह लगेज यान का 01, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 06, शयनयान श्रेणी के 08, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02, एल.एस.एल.आर.डी. के 01 तथा साधारण द्वितीय श्रेणी के03 कोचों सहित कुल 21 कोच लगाये जायेंगे।

05565 सहरसा-अम्बाला साप्ताहिक होली विशेष गाड़ी 21 एवं 28 मार्च को सहरसा से 19.30 बजे प्रस्थान कर सिमरी बख्तियारपुर, मानसी, खगड़िया, हसनपुर रोड, समस्तीपुर, दरभंगा, कमतौल, दूसरे दिन जनकपुर रोड,सीतामढ़ी, बैरगनिया, रक्सौल, नरकटियागंज, बगहा, गोरखपुर, सीतापुर, मुरादाबाद तथा सहारनपुर होते हुए अम्बाला रात 23.15 बजे पहुंचेगी ।

वापसी यात्रा में 05566 अम्बाला-सहरसा साप्ताहिक होली विशेष गाड़ी 23 एवं 30 मार्च को अम्बाला से 03.40 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन सहरसा 09.45 बजे पहुंचेगी ।इस गाड़ी में एसएलआरडी के 02 तथा साधारण द्वितीय श्रेणी के 20 कोच सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

इसी क्रम में 05531 रक्सौल-आनन्द विहार टर्मिनस साप्ताहिक होली विशेष गाड़ी 24 एवं 31 मार्च को रक्सौल से 22.25 बजे प्रस्थान कर सगौली, बेतिया, नरकटियागंज, दूसरे दिन बगहा, गोरखपुर, बस्ती, गोण्डा, सीतापुर, मुरादाबाद तथा गाजियाबाद होते हुए आनन्द विहार टर्मिनस शाम 18.00 बजे पहुंचेगी ।वापसी यात्रा में 05532 आनन्द विहार टर्मिनस-रक्सौल साप्ताहिक होली विशेष गाड़ी 25 मार्च एवं 01 अप्रैल को आनन्द विहार टर्मिनस से 20.00 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन दोपहर रक्सौल 14.30 बजे पहुंचेगी । इस गाड़ी में एसएलआरडी के 02, साधारण द्वितीय श्रेणी के 08, शयनयान श्रेणी के 05, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 02 तथा वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 01 कोच सहित कुल 18 कोच लगाये जायेंगे।

## महानगरों से सभी जिलों में जायेंगी होली स्पेशल बसें

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** होली में यात्रियों को आने-जाने में कोई परेशानी न हो इसके लिए प्रदेश के सभी महानगरों से होली स्पेशल बस चलेगी। लखनऊ के कैसरबाग, अवध डिपो सहित अन्य डिपो से देवरिया, आजमगढ़, जौनपुर के लिए स्पेशल बस चलेगी।परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि किसी भी यात्री को त्योहार पर यात्रा के दौरान परेशानी नही होना चाहिए।

होली पर यात्रियों को अपने घर तक पहुंचाने के लिए परिवहन निगम सौ से अधिक अतिरिक्त वोल्वो और जनरथ बसें चलाएगा। इन बसों की समय सारणी तय करते सीटों की बुकिंग खोल दी गई है। यात्री परिवहन निगम के वेबसाइट पर एडवांस के साथ ही तत्काल में बुकिंग करा सकते हैं।क्षेत्रीय प्रबंधक आरके त्रिपाठी ने बताया कि परिवहन निगम की सभी एसी बस सेवाओं के किराये में 10 फीसदी की




छूट चल रही है।यात्री इस छूट का लाभ 31 मार्च तक ले सकेंगे।इस दौरान यात्री परिवहन निगम की वोल्वो, शताब्दी, स्लीपर, जनरथ बसों में सस्ते किराये में सफर कर सकते हैं।गोंडा में होली पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने 05023/05024 गोरखपुर-आनन्द विहार टर्मिनस-गोरखपुर विशेष गाड़ी का संचालन करने का फैसला किया है।गोंडा होकर चलने वाली विशेष ट्रेन गोरखपुर से 24 व 31 मार्च तथा आनन्द विहार टर्मिनस से 25 मार्च व 1 अप्रैल को चलाई जाएगी। 05023 गोरखपुर-आनन्द विहार टर्मिनस गोण्डा से 23.35 बजे छूटेगी, बनारस के लिए सुबह 8, दोपहर तीन और रात 10 बजे रवाना होगी, प्रयागराज के लिए शाम 6, 7, 8, और रात 10 बजे बस रवाना होगी, गोरखपुर के लिए सुबह 10:30 बजे वोल्वो आलमबाग से रवाना होगी। देवरिया डिपो से जनरथ बसों की संख्या बढ़ाने के लिए बात चल रही है। परिवहन निगम के एमडी ने कहा कि पूर्वांचल के लिए बस की संख्या ज्यादा से ज्यादा संख्या में बढ़ाई जाय।

## तीन ट्रेनो के मार्ग बदले, एक नियंत्रित की जायेगी

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री सुविधा उन्नयन एवं परिचालनिक सुगमता हेतु उत्तर रेलवे के मुरादाबाद-चन्दौसी रेल खण्ड पर स्थित पुल संख्या-9 पर रिगर्डरिंग कार्य हेतु मेगा ब्लाक दिये जाने के कारण गाड़ियों का नियंत्रण एवं मार्ग परिवर्तन निम्नवत किया जायेगा ।जिन ट्रेनों को नियंत्रण कर चलाया जायेगा उनमें टनकपुर से 14, 15 एवं 16 मार्च को चलने वाली 12035 टनकपुर-दिल्ली एक्सप्रेस मार्ग में 45 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी ।जिन ट्रेनों के मार्ग परिवर्तन किये गये हैं उनमें सहरसा से 13 मार्च को चलने वाली 15529 सहरसा-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग बरेली कैण्ट-चन्दौसी-मुरादाबाद के स्थान पर परिवर्तित मार्ग बरेली कैण्ट-बरेली-रामपुर-मुरादाबाद के रास्ते चलाई जायेगी ।कामाख्या से 14 मार्च को चलने वाली 15621 कामाख्या-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग बरेली कैण्ट-चन्दौसी-मुरादाबाद के स्थान पर परिवर्तित मार्ग बरेली कैण्ट-बरेली-रामपुर-मुरादाबाद के रास्ते चलाई जायेगी ।मार्ग परिवर्तन के कारण इन गाड़ियों का ठहराव चन्दौसी के स्थान पर बरेली में दिया जायेगा।

## खजुराहट रेलवे स्टेशन पर रुकेगी संगम एक्सप्रेस



**लखनऊ।** उत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल में शनिवार को गाड़ी संख्या14232 बस्ती- प्रयागराज संगम एक्सप्रेस का मंडल के खजुराहट रेलवे स्टेशन पर ठहराव का शुभारम्भ सांसद,लोकसभा लल्लू सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। सोमवार से यह गाड़ी दोनों दिशाओं में खजुराहट रेलवे स्टेशन पर ठहराव लेते हुए अपने गंतव्य की ओर जाएगी।इस अवसर पर सांसद ने क्षेत्र की स्थानीय जनता की बहुप्रतीक्षित मांग को पूरा करने के लिये प्रधानमंत्री एवं रेल मंत्री का आभार व्यक्त किया।उन्होने जनता की ओर से भी बहुत-बहुत आभार प्रकट करते हुये कहा कि आज हम सभी के लिये बहुत ही खुशी का पल है कि आज से हमारे क्षेत्रवासियों को इस ट्रेन से प्रयागराज संगम से होकर बस्ती तक आने-जाने के लिए किसी अन्य स्टेशन पर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। अब हमारे अपने स्टेशन पर इस ट्रेन का प्रायोगिक ठहराव आज से प्रारम्भ हो गया है ।उन्होंने जनमानस से यह अपील भी की कि इस ट्रेन की सुविधाओं का भरपूर लाभ उठायें।इस सुअवसर पर अपर मण्डल रेल प्रबंधक अयोध्या सचिन वर्मा , अन्य अधिकारीगण, नगर के गणमान्य अतिथि, जनप्रतिनिधि तथा आम नागरिक उपस्थित रहे।

- **सांसद,लोकसभा लल्लू सिंह ने किया शुभारंभ**

## महिलाओं के लिए लगाया स्वास्थ्य परीक्षण शिविर



**लखनऊ।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अनुपालन में उत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल द्वारा आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों के तहत शनिवार को लखनऊ स्थित मंडलीय चिकित्सालय में अध्यक्षा उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन लखनऊ मोहिता गंगवार शर्मा की उपस्थिति में महिला चिकित्सा परीक्षण शिविर लगाया गया।जिसमें महिलाओं में होने वाले सर्वाइकल एवं ब्रेस्ट कैंसर पर आधारित एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें डॉक्टर अनंता गुप्ता ने इस विषय में जागरूक करते हुए इस संबंध में बरती जाने वाली सावधानियों एवं सुझावों की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए अपना व्याख्यान दिया। इसके अतिरिक्त इस अवसर पर डॉक्टर ऋतु सिंह द्वारा एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, महिला सशक्तिकरण पर आधारित पोस्टर प्रतियोगिता तथा रंगोली रचना का आयोजन किया गया तथा इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को अध्यक्षा उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन लखनऊ मोहिता गंगवार शर्मा द्वारा पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम के अंत में सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, डॉ.संगीता सागर सहित अन्य चिकित्साधिकारी,महिला कल्याण संगठन की अनेक पदाधिकारीगण, पैरामेडिकल स्टॉफ एवं अन्य रेलकर्मी एवं उनके परिजन उपस्थित रहे।

- **कैंसर जागरूकता पर कार्यशाला तथा प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन**

# राजधानी में हुई कौशल महोत्सव की शुरुआत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राष्ट्रीय कौशल विकास निगम ( एनएसडीसी ) के तत्वावधान में दो दिवसीय मेगा रिक्रूटमेंट ड्राइव कौशल महोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत शनिवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के परिसर में हुआ।यह कौशल महोत्सव 84 इम्प्लॉयर्स और विभिन्न एजुकेशनल बैकग्राउंड से आये हजारों जॉब सीकर्स को एक ही छत के नीचे लाया है।

- **पहले दिन 8500 से अधिक युवाओं ने लिया भाग**



लखनऊ कौशल महोत्सव का पहला दिन उत्साह से भरा हुआ था।इस महोत्सव में8500 से अधिक लोग शामिल हुए और 5541 से अधिक उम्मीदवार विभिन्न सेक्टर्स के 84 से अधिक इम्प्लॉयर्स के साथ जुड़े।इस कौशल महोत्सव में आये स्थानीय युवा जॉब और ट्रेनिंग के अवसर पाकर उत्सुक दिखाए दिये। पहले दिन 2748 से अधिक उम्मीदवारों को इम्प्लॉयर्स द्वारा शॉर्टलिस्ट किया गया।

लखनऊ कौशल महोत्सव एक ऐसे प्लेटफॉर्म का प्रतिनिधित्व करता है जिसका उद्देश्य इम्प्लॉयर्स और उम्मीदवारों को एक प्लेटफॉर्म पर लाना है, जिसमें विभिन्न सेक्टर्स के इम्प्लॉयर उम्मीदवारों को जॉब के अवसर देते हैं।यह मेगा जॉब मेला मजबूत संबंधों को बढ़ावा देता है, इम्प्लॉयर्स और युवाओं दोनों को जुड़ने के लिए एक यूनिफाइड प्लेटफॉर्म प्रदान करता है।लखनऊ विश्वविद्यालय में देखा गया उत्साह कौशल महोत्सव की सफलता का प्रमाण है और देश के युवाओं को न केवल कौशल से सुसज्जित करने, बल्कि उन्हें प्रासंगिक जॉब सुरक्षित करने में सहायता करने के लिए एनएसडीसी की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। इसके अलावा इच्छुक उम्मीदवार जो इस कौशल महोत्सव के दूसरे दिन भाग लेना चाहते हैं, वे एनएसडीसी जॉब पोर्टल "ttps://www.nsdcjobx.co पर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। इस आयोजन के लिए एमबीए, आईटीआई, डिप्लोमा होल्डर्स, ग्रेजुएट, इंटरमीडिएट और मैट्रिकुलेंट सहित विभिन्न शैक्षिक योग्यता वाले युवाओं ने पंजीकरण कराया है। यह पीएमकेके, पीएमकेवीवाई, अप्रेंटिसशिप और कई कौशल विकास योजनाओं से संबंधित उम्मीदवारों के लिए भी खुला रहेगा।

# एसी बस की मांग बढ़ी, साधारण बस की घटी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गर्मी का पारा बढ़ते देख बस से यात्रा करने वाले यात्री एसी बस से चलने के लिए ज्यादा पसंद कर रहे है। यात्री घण्टो एसी बस का इंतजार करके सफर करने को तैयार है जबकी साधारण बस यात्रियों की राह देख रही है। एसी बस में चलने के लिए लोग परिवहन निगम के एसी बस में यात्रा करने के लिए टोल फ्री नम्बर से लेकर पुछताछ कार्यालय पर बसो की जानकारी ले रहे है।

अवध डिपो पर पूर्वाचंल के लिए जाने वाली सैकड़ो की संख्या में यात्री प्रतिदिन पुछताछ कर रहे है। वहीं दिल्ली जाने के लिए भी बड़ी संख्या में यात्री एसी बस से जाने के लिए दो दिन पहले ही बुकिंग करा रहे है।उल्लेखनीय हो कि इन दिनों मौसम में परिवर्तन के साथ दिन में गर्मी का पारा भी धीरे-धीरे चढ़ रहा है।ऐसे में अब एक बार फिर से यात्रियों में एसी जनरथ व वोल्वो बसों की डिमांड बढ़ने लगी है। खासकर होली से पहले पूर्वांचल व प्रयागराज जाने वाले यात्रियों को अब साधारण बसों की जगह बस स्टेशन के काउंटर पर एसी बसों के बारे में पूछंताछ करते हैं।जबकि परिवहन निगम यात्रियों के डिमांड के अनुरुप अब एसी बसों की संख्या बढ़ाने की कवायद शुरु कर दी है। हालांकि होली पर्व पर परिवहन निगम अतिरिक्तों बसों की खेप उतारने की तैयारी कर रही है।

# प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों को मिलेगा प्रशिक्षण

**लखनऊ।** 11 से 20 मार्च तक उद्यमिता विकास संस्थान, सरोजनी नगर, लखनऊ में माध्यमिक शिक्षा विभाग एवं राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, उ0प्र0 के संयुक्त तत्वाधान में प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 11 मार्च को पूर्वान्ह 10:00 बजे प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ कंचन वर्मा महानिदेशक स्कूल शिक्षा उप्र द्वारा किया जायेगा। निदेशक माध्यमिक शिक्षा डॉ. महेन्द्र देव ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण, ख्याति प्राप्त शैक्षिक संस्थान में कार्यरत शिक्षाविद् द्वारा प्रदेश के प्रत्येक जनपद से राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत 01 प्रधानाध्यापक 01 प्रवक्ता एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में कार्यरत 01 प्रवक्ता को प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन के लिए मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया जायेगा।जनपद स्तर पर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर द्वारा जनपद के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत प्रधानाचार्य/प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जायेगा।उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन से जहाँ राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को गुणत्तापरक शिक्षा दी जायेगी, वहीं दूसरी ओर माध्यमिक शिक्षा की गुणवत्ता का संवर्द्धन होगा।

- **प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में देंगे प्रशिक्षण**
- **माध्यमिक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा**

# पटना से लखनऊ के लिए चलेगी वंदे भारत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ से वाया अयोध्या, वाराणसी होते हुए पटना तक वंदे भारत ट्रेन अगले हफ्ते किसी भी दिन चलाने की घोषणा की जा सकती है। ये वंदे भारत ट्रेन पटना से अयोध्या होकर लखनऊ आयेगी। इसके लिए ट्रायल हो चुका है।ट्रेन का संचालन 12 मार्च से शुरू किये जाने की संभावना है।

- **वंदे भारत का हो चुका सफल ट्रायल, 12 मार्च को दिखायी जा सकती है हरी झंडी**



लखनऊ को तीसरी वंदे भारत की सौगात मिलने जा रही है।इससे पहले गोरखपुर-लखनऊ वंदे भारत ट्रेन, दूसरी अयोध्या कैंट वाया लखनऊ होते हुए आनंद विहार वंदे भारत ट्रेन पहले से चल रही है। अब 12 मार्च को अयोध्या से दूसरी व लखनऊवासियों के लिए तीसरी वंदे भारत की सेवाएं शुरू हो जाएंगी। इसके लिए शुक्रवार दोपहर अयोध्या कैंट स्टेशन से इसका ट्रॉयल भी हुआ।दोपहर करीब यह ट्रेन यहां से गुजरी।रेलवे ने बीते दिनों पटना से वाराणसी व अयोध्या होते हुए लखनऊ तक वंदे भारत एक्सप्रेस चलाने का निर्णय लिया।

160 किलोमीटर प्रतिघंटे के रफ्तार से चलने वाली यह वंदे भारत एक्सप्रेस सुबह पटना से चलकर अयोध्या होते हुए लखनऊ पहुंचेगी।इसके बाद उसी दिन वहां से चलकर रात में वापस पटना पहुंच जाएगी।पटना से यह ट्रेन सुबह 6 बजकर 5 मिनट पर चलेगी।

पटना से चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस अयोध्या में दोपहर में 12 बजकर 25 मिनट पर पहुंचेगी।इस ट्रेन का विधिवत शुभारंभ 12 मार्च को होना है।इसी के लिए ट्रायल रन के रूप में यह ट्रेन शुक्रवार दोपहर करीब अकबरपुर से होकर गुजरी।उल्लेखनीय हो कि अयोध्या से आनंद विहार होकर अमृत भारत ट्रेन का भी संचालन किया जा रहा है। जानकारों का कहना है कि बाराबंकी से लेकर जौनपुर के बीच रेल लाइन दोहरीकरण का कार्य अंतिम चरण में है। अब रेल लाइन दोहरीकरण का कार्य लगभग पूरा होने के साथ ही इस रूट पर महत्वपूर्ण ट्रेनों के संचालन की उम्मीद जगने लगी है।

# अन्य दलों के नेताओं ने ली भाजपा की सदस्यता

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भाजपा सदस्यता अभियान के तहत लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की अध्यक्षता में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक की उपस्थित में बड़ी संख्या में शनिवार को अन्य पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

- **भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी और उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की उपस्थिति में सदस्यता ग्रहण की**



जिसमें पूर्व प्रदेश महासचिव सपा बीनू शुक्ला बड़ी सख्या में अपने सहयोगियों के साथ पूर्व प्रदेश प्रवक्ता प्रसपा विनोद मिश्रा, पूर्व महानगर अध्यक्ष लखनऊ कल्पेश द्विवेदी, पूर्व महासचिव महेंद्र गौड, पूर्व महासचिव युवा जनसभा शुभम मिश्रा राम, पूर्व उपाध्यक्ष अभिजोत सिंह, विजय यादव, सर्वेश चौहान, हरीश मिश्रा, याकूब अंसारी, सत्येंद्र सिंह, दिनेश यादव, धर्मेंद्र सिंह यादव, राजू यादव, जुमा खान, मृदुल वाजपई,नगर सचिव मनोज वाजपई, हनुमन पाल, ओम प्रकाश मिश्रा, गौरी शंकर गुप्ता, अनमोल मिश्रा, राकेश यादव, नदीम खान, उदय प्रताप मिश्रा, काशीराम रावत, प्रेमवती रावत, कल्पना शुक्ला, अनुज शुक्ला, वंदना शर्मा, रामनरेश चौरसिया, इम्तियाज अहमद के साथ दो हजार से अधिक कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ली। वही कैंट विधानसभा के रामजीलाल सरदार पटेल नगर वार्ड के पूर्व बसपा पार्षद प्रत्याशी प्रशांत कुमार साहू, उत्तर विधानसभा से मनीष श्रीवास्तव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सदस्यता ग्रहण की।

## गाजीपुर सिटी-दिलदारनगर के बीच चलेगी नयी ट्रेन

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु गाजीपुर सिटी-दिलदारनगर के मध्य 05479/05480 गाजीपुर सिटी-दिलदारनगर-गाजीपुर सिटी विशेष गाड़ी का संचालन गाजीपुर सिटी से एवं दिलदारनगर से 11 मार्च से नियमित रूप से चलाई जायेगी। 10 मार्च को गाजीपुर सिटी से 05481 गाजीपुर सिटी-दिलदारनगर उद्घाटन विशेष गाड़ी चलाई जायेगी ।05481 उद्घाटन विशेष गाड़ी 10 मार्च को गाजीपुर सिटी से 12.30 बजे प्रस्थान कर तारीघाट से 12.47 बजे, नगसार से 13.02 बजे तथा सराहुला से 13.17 बजे छूटकर दिलदारनगर 13.40 बजे पहुंचेगी ।नियमित रूप से, 05479 गाजीपुर सिटी-दिलदारनगर मेमू विशेष गाड़ी 11 मार्च सेगाजीपुर सिटी से 12.00 प्रस्थान कर तारीघाट से 12.25 बजे, नगसार से 12.40 बजे तथा सराहुला से12.55 बजे छूटकर दिलदारनगर 13.15 बजे पहुंचेगी। इसी प्रकार, 05480 दिलदारनगर-गाजीपुर सिटी मेमू विशेष गाड़ी 11 मार्च से दिलदारनगर से 13.25 बजे प्रस्थान कर सराहुला से 13.40 बजे, नगसार से 13.54 बजे तथा तारीघाट से 14.20 बजे छूटकर गाजीपर सिटी 14.35 बजे पहुंचेगी।

# 45 अचीवर्स महिलाओं को किया सम्मानित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नारी शिक्षा निकेतन स्नातकोत्तर महाविद्यालय में इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल और इंडियन ओवरसीज बैंक, एनएसएन शाखा, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस-2024 पर वीमेन अचीवर रूप में मनाया गया।कार्यक्रम की शुरूआत सुमन पुरी प्रेसिडेंट, नारी सेवा समिति, प्राचार्य प्रो. सपना वर्मा और दीपशिखा बादोलिया, मुख्य प्रबंधक, आईओबी द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई।

- **नारी शिक्षा निकेतन कॉलेज में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस**



आईआईसी की अध्यक्ष प्राचार्या प्रो सपना वर्मा ने कहा कि शक्ति भारतीय संस्कृति में पूजा का स्त्री रूप है, लेकिन व्यवहार में जीवन के सभी क्षेत्रों में महिलाओं को समानता अभी भी नहीं है। आईओबी के मुख्य महाप्रबंधक दीपशिखा बादोलिया ने लड़कियों को अपनी जीवन यात्रा साझा करके और कठिन समय में लेट-गो के सिद्धांत का पालन करने और बाद में काम जारी रखने के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के प्रवक्ताओं ने अपने जीवन के उन कठिनाइयों को साझा किया जिनका उन्हें सामना करना पड़ा और आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली। छात्राओं ने अपने पैतृक गांवों से निकलकर एनएसएनपीजी कॉलेज में पढ़ने के लिए आने में आने वाली कठिनाइयों और कॉलेज से मिलने वाले समर्थन के बारे में भी बताया।नारी सेवा समिति की अध्यक्ष सुमन पुरी ने 45 'अचीवर्स महिलाओं' को सम्मानित किया, जिनमें प्राचार्या, शिक्षिकायें, शिक्षकेत्तर कर्मचारी और आईओबी के चार अधिकारी शामिल रहे। कार्यक्रम का समापन छात्रा जैरी खान ने 'बेखौफ आजाद' पर एक प्रेरक नृत्य प्रदर्शन के साथ हुआ।कार्यक्रम का संचालन डॉ. अंतिमा चौधरी, सहायक प्रो. हिंदी विभाग, आदर्श गुप्ता हिंदी अधिकारी आईओबी एवं छात्रा शिवांशी ने किया। ब्रह्मांड के लिए एक अद्वितीय उपहार के रूप में महिला का जश्न छात्राओं और सभी महिला कर्मचारियों द्वारा न्याय, गरिमा और स्थानीयता के प्रतीक बैंगनी रंग के कपड़े पहनकर मनाया गया। मनोरंजन के लिए सेल्फी प्वाइंट बनाये गये, एक-दूसरे पर नेल-आर्ट, मेहंदी और मेकअप लगाने के लिए लड़कियों की स्वेच्छा से समावेशिता और नारीत्व पर जोर दिया कार्यक्रम की संकल्पना एवं समन्वयन प्रो. रुचि सक्सेना, संयोजिका आईआईसी द्वारा सफलतापूर्वक किया गया।यह सम्मान ललित पंत प्रबंधक आईओबी, एनएसएन शाखा, लखनऊ ने प्रायोजित किया था।

# लेसा जर्जर खंभे बदलने के लिए आज दोपहर में करेगा कटौती

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लेसा के सेस-चतुर्थ डिवीजन के अंतर्गत काकोरी उपकेंद्र सुबह 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक बंद रहेगा। एसडीओ ऐतबार अहमद सिद्दीकी ने बताया कि 33 केवी लाइन में अनुरक्षण किया जाएगा।

एफसीआई उपकेंद्र सुबह 11 बजे से शाम पांच बजे तक बंद रहेगा। इससे काकोरी टाउन, पहिया आजमपुर, दुगार्गंज, गुरुदीनखेड़ा, मंडौली, गोलाकुंआ, टिकैतगंज, बहरू, बसरैला, शाहपुर, सैदपुर सहित कई इलाके प्रभावित रहेंगे। शहर में रविवार को कल्याणपुर, बांसमंडी, काकोरी समेत कई इलाकों की बिजली सप्लाई ठप रहेगी। आरडीएसएस योजना के तहत लेसा बिजली के जर्जर खंभे और तार बदलेगा। इस दौरान करीब डेढ़ लाख आबादी प्रभावित रहेगी। कल्याणपुर उपकेंद्र सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक बंद रहेगा।इससे गायत्रीपुरम, बेनीगंज, बहादुरपुर, रामा अस्पताल, वृंदावन विहार, फूलबाग, सुषमा नगर सहित कई इलाके प्रभावित रहेंगे।बांसमंडी जीटीआई उपकेंद्र सुबह 11 बजे से शाम पांच बजे तक बंद रहेगा।इससे गौतमबुद्ध मार्ग से लाटूश रोड, कटरा, मकबूलगंज, आर्य समाज मंदिर के पास, संतोषी माता मंदिर सहित कई इलाके प्रभावित रहेंगे। उपखंड अधिकारी श्रीनिवास राम ने बताया कि स्मार्ट सिटी के अंतर्गत पीडब्ल्यूडी अनुरक्षण कार्य करेगी। इंदिरा भवन उपकेंद्र सुबह 11 बजे से शाम चार बजे तक बंद रहेगा। इससे गौरी अपार्टमेंट, सुराजदीप कॉम्पलेक्स, राज अपार्टमेंट, आनंद लोक कॉलोनी, जॉपलिंग रोड, पिकअप कॉलोनी, गोखले मार्ग सहित कई इलाके प्रभावित रहेंगे।

संक्षेप

## कलाकारों ने भी टेका बाबा को मत्था

प्रतापगढ़। उन्तीसवें राष्ट्रीय एकता महोत्सव मे धमाल मचाने वाले कलाकारों ने कार्यक्रम की प्रस्तुतियों के बाद बाबा के सामने मत्था टेका। मुम्बई व प्रयागराज तथा लखनऊ आदि से आये कलाकारों को बाबा धाम मे पैदल यात्री सेतु, गंगा सागर तथा परिक्रमा मार्ग बेहद भाया। कलाकारों ने बाबा धाम मे अपने फोटो सेंशन भी कराये। सुपरस्टार अक्षरा सिंह रवि त्रिपाठी आदि ने विधायक मोना के साथ घुइसरनाथ बाबा का पूजन-अर्चन किया। बाबा का दर्शन पूजन करते हुए भोजपुरी सिनेस्टॉर अक्षरा सिंह ने कहा कि यह धाम हमारी संस्कृति की मजबूती का आधार केन्द्र है।

## रोडवेज बस ने जीप को मारी टक्कर, दो घायल

प्रयागराज। जिले में शनिवार को एक रोडवेज की बस अनियंत्रित होकर स्कूली बच्चों को लेकर जा रही एक जीप से टकरा गयी जिससे जीप में सवार पांच बच्चों को मामूली चोटें आयीं जबकि चालक और एक शिक्षिका गंभीर रूप से घायल हो गयी। यमुनानगर करछना थाने के सहायक पुलिस आयुक्त संजय सिंह ने बताया कि शनिवार को सुबह रोजवेज की बस प्रयागराज से मिर्जापुर जा रही थी। तभी भीरपुर पुलिस चौकी के पास बने ब्रेकर पर बस अनियंत्रित होकर पचदेवरा स्थित पीबीआर एकेडमी स्कूल जा रही जीप से टकरा गई। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना में जीप में सवार पांच बच्चों को मामूली चोटें आईं और पास ही स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार कराने के बाद उनके अभिभावक उन्हें अपने साथ ले गए। इस दुर्घटना में जीप का चालक अनिल कुमार और शिक्षिका सरिता को गंभीर चोटें आईं हैं और उन्हें एसआरएन अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनका उपचार हो रहा है।

## बहन के प्रेम विवाह से नाराज युवक ने जीजा की जान ली

बिजनौर। जिले में चांदपुर थाना क्षेत्र के मीरपुर खादर गांव में अपनी बहन के प्रेम विवाह से नाराज एक युवक ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर जीजा की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। बिजनौर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) नीरज कुमार जादौन ने बताया कि मीरपुर खादर गांव में अनुसूचित जाति के ब्रजेश (26) ने करीब एक साल पहले सैनी (पिछड़ी) जाति की दिव्या से शादी की थी, जिसके कारण उनके परिवारों में तनाव था। एसपी ने बताया कि शुक्रवार की रात दिव्या के भाई लवसीत और उसके दोस्तों ने ब्रजेश की गोली मारकर हत्या कर दी। उनके अनुसार इस मामले में सात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है और दिव्या के भाई लवसीत को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि बाकी आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## छात्र-छात्राओं ने महाविद्यालय का नाम रोशन किया

इटावा। नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एंड आर्ट्स में अध्ययनरत बीसीए तृतीय व पंचम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने हमेशा की तरह अपने शानदार परिणाम से महाविद्यालय को गौरवान्वित किया। संस्था के वाइस चेयरमैन इं. अंकित तिवारी ने उनके उत्कृष्ट परिणाम के लिये उन्हें बधाई दी। एवं उन्हें प्रगति के पथ पर अग्रसर रहने के लिये शुभकामनायें दी। आज हमें यह सूचित करते हुये बडा हर्ष हो रहा है कि हमारे महाविद्यालय के तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त करके महाविद्यालय का नाम रोशन किया। यह भी अवगत कराया हमेशा की तरह महाविद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। बीसीए पंचम सेमेस्टर में काव्या सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, ओम ठाकुर ने द्वितीय व रितिका सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तृतीय सेमेस्टर में अनीश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, कोशाम्बी व उत्कर्ष ने सयुक्त रूप से द्वितीय आदित्य मिश्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्थान के प्राचार्य योगेश कुमार ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि इस परिणाम को प्राप्त करने में हमारे महाविद्यालय के प्रवक्ताओं की सच्ची लगन से शिक्षण कराना है। यदि आप निरन्तर प्रयासरत रहेंगे तो निश्चित ही आप जीवन के किसी भी मोड पर असफलता प्राप्त नहीं करेंगे और अनवरत रूप से प्रगति के पथ पर बढते जायेंगे।

# आज शुरू होगा अमौसी एयरपोर्ट का नया टर्मिनल

- आजमगढ़ से रिमोट के जरिए पीएम मोदी करेंगे आगाज
- जर्मनी के फ्रैंकफर्ट एयरपोर्ट जैसा होगा लुक
- 10,400 करोड़ रुपये से बनेगा टी-4



लखनऊ/आजमगढ़। लखनऊ के अमौसी एयरपोर्ट के नए टर्मिनल टी-3 का पीएम नरेंद्र मोदी रविवार को आजमगढ़ से रिमोट से शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर अमौसी एयरपोर्ट पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह उपस्थित रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को आजमगढ़ में होंगे। वह आजमगढ़ एयरपोर्ट सहित देश के 14 एयरपोर्टों का शुभारंभ करेंगे। पीएम दो नए टर्मिनलों का भी उद्घाटन करेंगे। इसमें अमौसी एयरपोर्ट का नया टर्मिनल टी-3 भी शामिल है। इस अवसर पर अमौसी एयरपोर्ट पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रक्षामंत्री व लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह, नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह व निदेशक जीत अदाणी उपस्थित रहेंगे।

अमौसी एयरपोर्ट प्रशासन ने बताया कि नए टर्मिनल का निर्माण कार्य कोविड के पहले शुरू हुआ था, पर कोरोनाकाल की वजह से सुस्त हो गया था। इसका निर्माण कार्य 1400 करोड़ से शुरू हुआ था, जिसकी लागत बढ़कर 3900 करोड़ रुपये पहुंच गई है। टर्मिनल का एक हिस्सा बनकर तैयार हो गया है। शेष कार्य पूरा होने में समय लगेगा। ऐसे में टर्मिनल के तैयार हो चुके हिस्से का शुभारंभ किया जाएगा। अमौसी एयरपोर्ट के नए टर्मिनल को जर्मनी के फ्रैंकफर्ट एयरपोर्ट की तर्ज पर बनाया जा रहा है। इसका लुक बेहद खास है। हाल ही टर्मिनल का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जो यात्रियों को बहुत पसंद आई। इंटीरियर से लेकर यात्री सुविधाओं तक पर विशेष रूप से कार्य किया गया है। नए टर्मिनल टी-3 के पूरी तरह तैयार हो जाने के बाद अमौसी एयरपोर्ट की क्षमता बढ़ जाएगी। इस टर्मिनल को 1,15,000 वर्गमीटर जमीन पर बनाया जा रहा है। इसके तैयार होने पर सालाना 1.30 करोड़ यात्रियों की आवाजाही हो सकेगी। यह टर्मिनल एक साथ 4000 यात्रियों को होल्ड कर सकेगा। इतना ही नहीं टर्मिनल पर 14 एयरोब्रिज, 30 लिफ्ट होंगी। यहां से 3200 घरेलू व 800 अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का संचालन हो सकेगा। टर्मिनल के बाहर 1500 वाहनों के लिए मल्टीलेवल पार्किंग भी बन रही है। भविष्य की जरूरतों को देखते हुए अमौसी एयरपोर्ट प्रशासन एक और टर्मिनल की रूपरेखा तैयार कर चुका है। टी-3 के बन जाने के बाद चौथे टर्मिनल को बनाया जाएगा, जो और भी भव्य व सुविधाओं से लैस होगा। इस टर्मिनल को बनाने पर कुल 10,400 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

# छात्रावास में व्रत का भोजन खाकर 76 विद्यार्थी बीमार

जिला संवाददाता (vol)

**नोएडा।** गौतम बुद्ध नगर जिले में ग्रेटर नोएडा के एक निजी छात्रावास में महाशिवरात्रि के मौके पर व्रत का भोजन खाने के बाद 76 छात्र बीमार हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि अलग-अलग कॉलेज में पढ़ने वाले ये छात्र नॉलेज पार्क क्षेत्र की आर्यन रेजीडेंसी में रहते हैं और शुक्रवार रात भोजन करने के बाद कई विद्यार्थियों ने बेचैनी, चक्कर आने और उल्टी की शिकायत की।

पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि छात्रावास में महाशिवरात्रि के अवसर पर व्रत रखने वालों के लिए बनाई गई कुटू के आटे की पूरियां खाने के बाद 76 विद्यार्थियों की तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद सभी को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया हालांकि फिलहाल उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। मामले की जांच की जा रही है।

वहीं विद्यार्थियों ने बताया कि उन्होंने रात को व्रत रखने वाले के लिए अलग से पकाया गया भोजन खाया था। एक निजी अस्पताल में उपचार करा रहे छात्र पीयूष ने कहा कि हमने रात करीब साढ़े नौ बजे भोजन किया था। रात करीब साढ़े दस बजे मुझे चक्कर आने लगे और फिर मैं सो गया। कुछ दोस्तों ने देखा कि बहुत से अन्य विद्यार्थियों को चक्कर आने, बेचैनी, उल्टी की दिक्कत हो रही है।

कैलाश अस्पताल में भर्ती एक अन्य छात्र कुशल ने कहा, आधी रात के आसपास मेरा शरीर कांपने लगा और मुझे बुखार व चक्कर आने लगे। फिर मुझे और मेरे साथ कमरे में रहने वाले दो सहयोगियों को यहां आपातकालीन विभाग में लाया गया। अन्य विद्यार्थियों को भी उल्टी हो रही थी। इस बीच, स्थानीय खाद्य सुरक्षा विभाग की एक टीम निरीक्षण के लिए घटनास्थल पर पहुंची।

एक अधिकारी ने बताया कि टीम भोजन तैयार करने के लिए उपयोग किए गये खाद्य पदार्थों और कच्चे माल के नमूने एकत्र करेगी। नमूनों की जांच की जाएगी और रिपोर्ट के आधार पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# गाजे-बाजे के साथ निकली हाटेश्वर नाथ मंदिर से शिव बारात

मझगांवा, गोरखपुर। हाटा बाजार में स्थित प्रसिद्ध हाटकेश्वर नाथ शिव-मंदिर से गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर गांजे-बाजे के साथ

501 कन्याओं ने 11 नदियों का जल कलश में भरकर पूरे गांव व चौराहे का परिक्रमा किया। परिक्रमा मंदिर प्रागंण में पहुंच कर पुनः समाप्त हुआ। कलशयात्रा के आगे चल रहे वाराणसी से आए श्री महाकाल डमरू दल के कलाकारों ने अपने-अपने डमरू से अलग-अलग आवाज निकाल कर पूरे गांव व क्षेत्र को भक्तिमय कर दिया।

शुक्रवार की शाम हाटा बाजार गांव के हाटेश्वर नाथ मंदिर से शिवजी के विवाह की बारात निकली। बारात की अलौकिक शोभा को देखकर सभी



श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। नई-दिल्ली से आए श्री महाकाल झांकी के सदस्यों ने शिव पार्वती के अद्भुत रुप व बारातियों के साथ चल रहे कलाकार भिन्न भिन्न कलाएं दिखा कर ग्रामीणों का दिल जीत लिया। बारात में शामिल मुखौटा लगाए भूत प्रेत सहित सभी श्रद्धालुओं के हर-हर महादेव के स्वरों से पूरा गांव और क्षेत्र शिवमय हो गया। बारात को लोग अपने घरों की छतों पर खड़े होकर देख फूलों की वर्षा कर रहे थे। अंत में शिव-पार्वती विवाह के पश्चात महाआरती व प्रसाद वितरण कार्यक्रम के पश्चात श्री महाकाल झांकी ग्रूप नई दिल्ली द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री विभ्राट चन्द कौशिक, जिला पंचायत सदस्य माया शंकर शुक्ल, अमोद श्रीवास्तव, मदन पांडेय, संतोष वर्मा, डॉ. ईश्वर गुप्त, विक्की वर्मा, कृष्णा गोस्वामी, डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव, टून्नू वर्मा, प्रमीत चन्द कौशिक, राधेश्याम विश्वकर्मा, कृष्ण मोहन, रामदयाल गुप्त, जय राम सेठ, डॉ. मोतीलाल, श्याम गुप्त, काजू निगम, गिरिजेश मद्धेशिया, गणेश जयसवाल सहित बड़ी संख्या ग्रामवासी मौजूद थे।

## अयोध्या जाकर रामलला के दर्शन करने का उत्साह

इटावा। अयोध्या में श्रीराम मूर्ति के बाल रूप की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद से ही देशवासियों में अयोध्या जाकर रामलला के दर्शन करने का उत्साह चरम पर है। हर कोई अयोध्या जाकर रामलला के दर्शन करना चाहता है। देश भर से प्रतिदिन लगभग तीन लाख भक्त श्रीराम के दर्शन करने के लिए अयोध्या पहुंच रहे है। प्रदेश संगठन द्वारा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जनपद इटावा के पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को राम लला के दर्शन हेतु 9 मार्च की तारीख तय की गई थी। पार्टी की ओर से क्षेत्रीय पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, मंडल, शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर तक के कार्यकताओं को अयोध्या में नव निर्मित भगवान श्रीराम मंदिर के दर्शन कराने के लिए बसों की व्यवस्था की गई थी।

# सौहार्द की मजबूती का संदेश है एकता महोत्सवः जिलाधिकारी



प्रतापगढ़। बाबा घुइसरनाथ धाम मे उन्तीसवें राष्ट्रीय एकता महोत्सव में शुक्रवार की देर शाम जिलाधिकारी संजीव रंजन तथा एसपी सतपाल अंतिल ने राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी एवं क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के साथ दीप प्रज्वलन कर भव्य शुभारंभ किया। वरिष्ठ साहित्यकार विशालमूर्ति मिश्र एवं भागवत भूषण पं. विनय शुक्ल के संयोजन मे श्रीकान्त वर्मा ने सुमधुर आवाज मे स्वागत गान की अनुपम प्रस्तुति दी। समारोह को बतौर मुख्यअतिथि संबोधित करते डीएम संजीव रंजन ने कहा कि एकता महोत्सव मिलजुलकर विकास तथा सौहार्द की मजबूती का संदेश है। उन्होनें राष्ट्रीय एकता को मजबूत बनाए रखने में बाबा धाम में एकता महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी के संकल्पों को भी सराहा। जिलाधिकारी ने कहा कि महोत्सव को लेकर यहां लगने वाली विकास प्रदर्शनी के माध्यम से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को भी जागरूकता मिला करती है। विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने कहा कि समाज और देश की खूबसूरत संरचना बनाए रखने के लिए इस समय सबसे बडी आवश्यकता सौहार्द और एकता है। उन्होने महोत्सव में शांतिपूर्ण मनोरंजन की व्यवस्था को बड़े आयोजनों के लिए घुइसरनाथ धाम का अद्वितीय उदाहरण ठहराया।

राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि हमारा देश लोकतांत्रिक परिवेश में शांति और सौहार्द तथा विविधता में एकता के लिए दुनिया के लिए प्रेरणा की शक्ति प्रदान करने वाला देश है। उन्होनें बाबा घुइसरनाथ धाम को लोक मंगल के संकल्प का केंद्र ठहराते हुए यह भी संकल्प जताया कि विधायक मोना के प्रयास से केंद्र एवं राज्य के पर्यटन के मानक पर बाबा धाम सर्वश्रेष्ठ धाम के सभी मानक को पूरा करेगा।

अध्यक्षता करते हुए कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता क्षेत्रीय विधायक एवं आयोजन समिति की संयोजिका आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि बाबा धाम मे एकता महोत्सव का भव्य आयोजन हमारे विकास पथ का मार्गदर्शन किया करता है। विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि विकास के वातावरण को इस महोत्सव के जरिए सामूहिक संकल्प की ऊर्जा भी मिला करती है। उदघाटन समारोह मे आयोजन समिति की ओर से विधायक आराधना मिश्रा ने जिलाधिकारी संजीव रंजन, एसपी सतपाल अंतिल को बाबा घुइसरनाथ धाम का सम्मान चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं उन्होने एएसपी पश्चिमी संजय राय व एसडीएम प्रवीण द्विवेदी, सीओ रामसूरत सोनकर, तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह को भी महोत्सव का मोमेण्टो एवं शॉल तथा बुकें भेंटकर सम्मानित किया। सांस्कृतिक संध्या के उदघाटन सत्र का संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। विधायक आराधना मिश्रा मोना के पुत्र राघव मिश्र ने अतिथियों का स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि प्रो. डा. विजयश्री सोना व पार्श्वगायक रवि त्रिपाठी रहे। आभार प्रदर्शन प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी ने किया। संयोजन समिति के सदस्य ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बब्लू व लालगंज प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज तथा चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने समारोह का सफल संयोजन किया। इस मौके पर बीडीओ इंदुप्रकाश श्रीवास्तव, डा. अमिताभ शुक्ला, आशीष उपाध्याय, दृगपाल यादव, सुधाकर पाण्डेय, रामकृपाल पासी, लाल अभिषेक प्रताप सिंह, रामबोध शुक्ल, आशुतोष मिश्र, धर्मेन्द्र शुक्ल, लल्लन सिंह, अशोकधर द्विवेदी आदि रहे।

# अक्षरा सिंह व रवि त्रिपाठी के गायन से महोत्सव की बंधी समां

## भोजपुरी तड़के, शिव-तांडव तथा देश भक्ति के तरानों के बीच झूम उठा महोत्सव

**प्रतापगढ़।** भोजपुरी की जानी मानी सुपरस्टार अक्षरा सिंह ने उन्तीसवें महोत्सव में भक्ति तथा मनोरंजन से जुड़े भोजपुरिया सुरों को खूबसूरती के साथ आगाज दिया तो पूरा का पूरा महोत्सव लोगों के दिलों में उतरता गया। वहीं मशहूर पार्श्वगायक रवि त्रिपाठी की भजन श्रृंखला व वालीबुड से जुडे गीतों की बौछार से भी हर तरफ से उमड़े श्रोताओं को दिल थामकर महोत्सव का रात भर आनन्द उठाते देखा गया।

अक्षरा और रवि की जोड़ी ने भी जब सुरों का संगम प्रवहमान बनाया तो पास में बह रही सई की तरंगे भी मानो झूम उठी हो। अक्षरा का जादू महिला एवं पुरूष आडीटोरियम से लेकर अति विशिष्ट दीर्घा तक इस तरह कयामत मे दिखा कि तिल रखने की जगह न होने के हालात मे दर्शको को एक पल के लिए तो संभालना मुश्किल हो गया। वहीं सांस्कृतिक रंगमंच पर गणेश वंदना, मयूर नृत्य, गुजरात के गरबा डांडिया, शिव-पार्वती नृत्य, राजस्थान का घूमर नृत्य और महाराष्ट्र







का लोक नाट्य संगीत भी दर्शकों मे अमिट छाप छोड गया दिखा। शुक्रवार की रात सांस्कृतिक रंगमंच पर तिरंगी इठलाती रोशनियों के बीच सुप्रसिद्ध भोजपुरी सुपरस्टार अक्षरा सिंह की अदा तथा गीतों को देख सुनकर महिला आडीटोरियम से लेकर भूतल एवं प्रथम तल के खचाखच भरे आडीटोरियम को तालियों की गडगडाहट से मंत्रमुग्ध देखा गया। अक्षरा को मंच पर लेकर विधायक आराधना मिश्रा मोना जैसे ही पहुंची दर्शक दीर्घा से बज रही तालियां भोजपुरी सिनेस्टार का ग्लैमर बयां करने लगी। अक्षरा सिंह ने अपनी शानदार प्रस्तुति की शुरूआत ऊँ नमः शिवाय के भजन तथा का दइके शिव का मनाई से भक्ति तरंगों की खुशबू दिखी। वहीं अक्षरा के लटके झटके के बीच जइसन सोचले रहनी वइसे पियवा मोर बानी .. तथा कातिल जवानी फरेबी अदा बा देख सुन महोत्सव का जोश चरम पर आ पहुंचा। गीत की दुनिया में मशहूर पार्श्वगायक रवि त्रिपाठी ने भी महोत्सव को अपने गीतों से चार चांद लगाया। रवि के गीत अरे दीवानो जरा पहचानो .. तथा बम भोले बम व इण्डिया से आया मेरा दोस्त का जलवा भी दर्शकों में जादुई करिश्मा लिये दिखा। महोत्सव में इण्डियन परफार्मिंग ग्रुप लखनऊ के कलाकार गोल्डी ग्रुप के शील द्विवेदी तथा संजय सिंह के शिव ताण्डव मंचन से भी महोत्सव स्थली हर हर महादेव के शंखनाद में गूंज उठी। मुम्बई के हास्य कलाकार अशोक मिश्र ने हास्य की फुलझड़ियां इस कदर छोडी कि बड़े बुजुर्ग तक ठहाका लगाने से अपने को रोक न सके। सांस्कृतिक संध्या का मनोहारी संचालन राजेन्द्र विश्वकर्मा ने किया। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी एवं विधायक आराधना मिश्रा मोना तथा प्रो. डॉ. विजयश्री सोना ने प्रस्तुतियां देने वाले कलाकारों के साथ अक्षरा सिंह व रवि त्रिपाठी को प्रशस्ति पत्र तथा शॉल व स्मृति-चिन्ह प्रदान किया। सांसद प्रमोद तिवारी व एमएलए मोना के साथ कलाकारों को सम्मान के साथ हौसला आफजाई मे एसडीएम प्रवीण द्विवेदी, सीओ रामसूरत सोनकर की भी मौजूदगी दिखी।

## मोना के पुत्र राघव के देश गान पर बंधी समां



प्रतापगढ़। उन्तीसवें राष्ट्रीय एकता महोत्सव में विधायक मोना के पुत्र राघव मिश्र भी कला और संगीत की अनुपम छाप छोड़ते दिखे। राघव ने मंच पर देशभक्ति का गीत- तेरी मिटटी में मिल जावां की शानदार प्रस्तुति दी तो भोजपुरी सिनेस्टार अक्षरा सिंह तथा पार्श्वगायक रवि त्रिपाठी भी राघव की संगत देने लगे। राघव का सुमधुर देश गान सुनकर मंच पर मौजूद उनकी मां आराधना मिश्रा मोना भावुक भी हो उठीं। राघव की प्रस्तुति पर राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा प्रो. डॉ. विजयश्री सोना भी हौसला आफजाई करते दिखे। राघव ने भोजपुरी को जब सामाजिक एवं राष्ट्रीय परिवेश से जोड़ा तो अति विशिष्ट अतिथि लॉबी भी करतल ध्वनि में दिखी। वहीं राघव की शानदार प्रस्तुति पर आयोजन समिति ने भी माल्यार्पण कर उनकी कला का सम्मान किया।

## डीएम व एसपी ने गंगा सागर में किया दीप दान



प्रतापगढ़। उन्तीसवें राष्ट्रीय एकता महोत्सव में पहुंचे डीएम संजीव रंजन तथा एसपी सतपाल अंतिल ने राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी तथा विधायक मोना के साथ बाबा धाम के पवित्र गंगा सागर में दीप दान कर सुमंगल की कामना की। डीएम व एसपी गंगा सागर के तट पर दीप दान के साथ गंगा सागर का विधिविधान से पूजन अर्चन भी किया। इसके पहले जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने बाबा का भी दर्शन पूजन कर जिले के लोकमंगल की कामना की। दीपदान में जिले के अपर पुलिस अधीक्षक संजय राय व एसडीएम प्रवीण द्विवेदी, सीओ रामसूरत सोनकर भी मौजूद दिखे।

## महोत्सव में भीड़ का उमड़ा सैलाब, खाकी के छूटे पसीने



प्रतापगढ़। बाबा घुइसरनाथ धाम में उन्तीसवें महोत्सव में शुक्रवार की शाम भीड़ इस कदर उमड़ी कि भारी तादात में पुलिस बल को पसीने से तर बतर हो उठा देखा गया। भोजपुरी सिनेस्टार अक्षरा सिंह ने राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी तथा विधायक मोना से भीड़ का जोश देख उन्हें नृत्य करने की इच्छा जतायी तो भीड़ का उत्साह और बढ़ गया। अक्षरा की प्रस्तुति के दौरान बाबा धाम में तिल रखने की जगह नही दिखी। दर्शकों ने भी जब मंच से अक्षरा के साथ दर्शक दीर्घा में नृत्य का आनन्द लिया तो पुलिस अधिकारियों को भी दर्शक दीर्घा में खड़े रहने की स्थिति में देखा गया। वहीं इस दौरान दर्शकों के उत्साह को संभालने में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा विधायक मोना को भी मंच पर प्रस्तुतियों के बीच देखा गया।

## डीएम व एसपी को मिला एकता सम्मान



प्रतापगढ़। बाबा धाम मे उन्तीसवें राष्ट्रीय एकता महोत्सव मे शुक्रवार की शाम आयोजन समिति द्वारा लोक प्रशासन के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ योगदान के लिए जिलाधिकारी संजीव रंजन व एसपी सतपाल अंतिल को महोत्सव आयोजन समिति की ओर से संयोजिका एवं क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना द्वारा मोमेण्टो तथा शॉल व बुकें प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## दो शराब तस्कर पकड़े गये

इटावा। अंग्रेजी शराब की तस्करी करने वाले 2 अंतर्राज्यीय वांछित शराब तस्करों को पुलिस ने किया गिरफ्तार। कब्जे से फर्जी नम्बर प्लेट, फर्जी आरसी की गयी बरामद की गयी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा बताया कि जनपदीय पुलिस द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। 4 मार्च की रात्रि को एसओजी, सर्विलान्स टीम व थाना लवेदी पुलिस ने 4 व्यक्ति हिम्मत सिंह पुत्र जतन सिंह, विनय पुत्र संजीव सिंह, नन्दकिशोर उर्फ नन्दू पुत्र रघुराज व मोनू तोमर उर्फ राघवेन्द्र उर्फ बजरंगी पुत्र रामसजीवन को ट्रक कंटेनर, कार टाटा टिआगो व कार होंडा सिटी सहित गिरफ्तार किया था, कन्टेनर एवं दोनों कार की तलाशी लेने पर उनमें से 203 पेटी विभिन्न कम्पनी की अंग्रेजी शराब कुल अनुमानित कीमत 1 करोड़ रुपए बरामद की गयी थी तथा शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम प्रयासरत थी इसी क्रम में शनिवार को एसओजी, सर्विलान्स टीम व थाना लवेदी पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी इसी दौरान प्राप्त आपराधिक अभिसूचना के आधार पर 2 अभियुक्तों को टकरूपुर पैट्रोल पम्प के पास से गिरफ्तार किया। पकड़े गये अभियुक्तों से पुलिस टीम द्वारा पूछताछ की गयी तो उनके द्वारा बताया कि हम लोग अवैध अंग्रेजी शराब की तस्करी करते हैं तथा फर्जी आरसी व नम्बर प्लेट का प्रयोग अलग-अलग राज्यों में पुलिस से बचने के लिये करते हैं। आरोपितों ने अपने नाम नितिन तिवारी पुत्र अशोक कुमार तिवारी निवासी महौली की पौर नई कोतवाली जनपद मथुरा, पंकज बघेल पुत्र मदन गोपाल निवासी देवीरोड़ रामबिहार कालौनी फेस-2 थाना सदर जनपद आगरा बताया। प्रथम टीम में जयप्रकाश सिंह प्रभारी एसओजी, एसआई नागेन्द्र चौधरी प्रभारी सर्विलांस, सनत कुमार थानाध्यक्ष लवेदी, उ.नि. संजय कुमार रहे।

## युवक की हत्या में शामिल चार अभियुक्त गिरफ्तार

इटावा। पुलिस ने एक राय होकर युवक की हत्या करने वाले 4 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार। 1 मार्च वादी मोहित कुमार कठेरिया पुत्र रामरतन निवासी ग्राम फूलापुर पोस्ट थाना वैदपुरा द्वारा थाने में तहरीरी सूचना दी गयी कि घर में शादी होने के कारण उसका भाई राजीव उर्फ सिन्टू मोटर साइकिल से सामान लेने बिचपुरी खेड़ा बाजार गया था तभी बाजार से वापस आते समय रास्ते में ग्राम महोला निवासी रॉकी यादव आदि 5 व्यक्तियों द्वारा मोटर साइकिल के सामने ऑटो लगाकर उसके भाई को जाति सूचक गालियां देते हुये एक राय होकर उसकी हत्या कर दी गयी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने बताया कि शनिवार को थाना वैदपुरा पुलिस थाना क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि ग्राम महोला में राजीव उर्फ सिन्टू की हत्या करने वाले अभियुक्त महोला ओवरब्रिज के पास कहीं जाने की फिराक में खड़े हैं, सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये थाना वैदपुरा पुलिस ने 4 व्यक्तियों को घटना में प्रयुक्त ऑटो सहित महोला रेलवे ओवरब्रिज के पास से गिरफ्तार किया। पकड़े गये व्यक्तियों से पुलिस टीम द्वारा पूछताछ की गयी तो उनके द्वारा बताया कि लिफ्ट माँगने को लेकर हमारा राजीव उर्फ सिन्टू से विवाद हो गया था जिस कारण हम लोगों ने उसके साथ मारपीट की थी।

# किसान और गांव के बिना विकास असंभव

## आज छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में किसान महाकुंभ में आए किसानों को संबोधित कर रहे

एजेंसी

रायपुर। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि किसान और गांव के विकास के बगैर भारत के विकास की कल्पना नहीं की जा सकती है। वह आज छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में किसान महाकुंभ में आए किसानों को संबोधित कर रहे थे।



उन्होंने अपने संबोधन में राज्य की पिछली कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने और विकास को पटरी से उतारने का भी आरोप लगाया। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित में किए गए कार्यों को जनता के सामने रखा और कहा, जब 2014 में (केंद्र में) जब हमारी सरकार आई, तब हम कहते थे कि गांव, गरीब, किसान, झोपड़ी का इंसान, बेरोजगार नौजवान और माता-बहनों का सम्मान भारतीय जनता पार्टी की प्रतिबद्धता है, इनका उत्थान होना चाहिए। आपने देखा कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार बनते ही इस दिशा में हमने तेजी से कदम बढ़ाया है। आज हालात पूरी तरह से बदलते जा रहे हैं। सिंह ने कहा कि आज हिंदुस्तान की 25 करोड़ जनता गरीब रेखा से बाहर आ चुकी है। उन्होंने कहा, यह नीति आयोग कह रहा है। मैं विश्वास दिलाता हूं कि इस बार मोदी जी के नेतृत्व में सरकार बनाइए, हिंदुस्तान को हम पूरी तरह से गरीबी से मुक्त करेंगे। उन्होंने कहा, देश में मिट्टी के स्वास्थ्य से संबंधित कार्ड किसानों को देना शुरू किया गया है ताकि वे समझ सकें कि मिट्टी का स्वास्थ्य कैसा है, मिट्टी में किस चीज की कमी है, उसमें क्या मिलाया जाए जिससे उसकी उत्पादकता बढ़ जाए। देश में 23 करोड़ से ज्यादा किसानों को यह कार्ड दिया गया है। किसानों को किसान सम्मान निधि भी मिल रहा है। सिंह ने कहा, पूरी दुनिया में खाद की कीमत बढ़ रही है। अमेरिका जैसे देश में खाद तीन हजार रूपए प्रति बोरा मिलता है।

लेकिन हमारे देश में इसकी कीमत तीन सौ रूपये प्रति बोरा है। रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण सारी दुनिया में महंगाई बढ़ गई है। लेकिन मोदी जी की सरकार ने महंगाई को नियंत्रित करने का काम किया। सरकार ने खाद की कीमत को नहीं बढ़ने दिया। आप भरोसा रखिए कि मोदी जी किसी भी सूरत में किसानों की परेशानी नहीं बढ़ने देंगे। यह प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी है। उन्होंने श्री अन्न को लेकर कहा, छत्तीसगढ़ में मोटा अनाज भी पैदा होता है। इसे प्रधानमंत्री ने श्री अन्न कहा है। वह स्वयं भी इसे खाते हैं। देश का रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मोटा अनाज खाता है, देश में जी 20 का सम्मेलन हुआ। दुनिया के बड़े-बड़े देशों के राष्ट्राध्यक्ष आए थे। प्रधानमंत्री ने आपके पसीने का सम्मान करते हुए कहा कि किसान यदि मोटा अनाज खाता है तो बड़े देशों के जो राष्ट्राध्यक्ष आए हैं उनको भी हम मोटा अनाज खिलाएंगे।

# बोफोर्स मामला : हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ याचिका पर अर्जी दाखिल

नयी दिल्ली। राजनीतिक रूप से संवेदनशील 64 करोड़ रुपये के बोफोर्स घूस कांड में हिंदुजा बंधुओं के खिलाफ लगाए गए आरोप समेत सभी आरोपों को रद्द करने वाले दिल्ली उच्च न्यायालय के 2005 के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर जल्द सुनवाई की मांग को लेकर उच्चतम न्यायालय में एक अर्जी दाखिल की गई है।



अधिवक्ता अजय अग्रवाल की ओर से दाखिल अर्जी में कहा गया है कि शीर्ष अदालत ने दो नवंबर, 2018 को उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की अर्जी खारिज कर दी थी। इसमें यह भी कहा गया है कि जांच एजेंसी उस फैसले के खिलाफ उनके द्वारा दायर अपील में सभी आधार उठा सकती है। अग्रवाल ने कहा कि उन्होंने 2005 में ही उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ शीर्ष अदालत में याचिका दायर की थी और मामला सामने आने के बाद तीन दशक से अधिक समय बीत चुका है।

अर्जी में कहा गया है, आवेदक द्वारा इस मामले को दायर करने के लगभग 16 साल बीत चुके हैं और इस घोटाले को हुए 35 साल बीत चुके हैं। हिंदुजा बंधुओं को छोड़कर इस बीच सभी आरोपी व्यक्तियों की मौत हो चुकी है। याचिका में कहा गया है, रक्षा क्षेत्र में घोटालों की पुनरावृत्ति हुई है, क्योंकि इस पहले घोटाले यानी बोफोर्स घोटाले के आरोपियों को सजा नहीं दी गई। न्याय के हित में यह उचित होगा कि मामले की जल्द सुनवाई की जाए। शीर्ष अदालत ने दो नवंबर, 2018 के अपने आदेश में उच्च न्यायालय के 31 मई, 2005 के फैसले के खिलाफ अपील दायर करने में 13 साल की देरी को माफ करने की मांग करने वाली सीबीआई की याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया था कि वह एजेंसी की ओर से प्रस्तुत किये गये आधारों से संतुष्ट नहीं है। उच्च न्यायालय ने 2005 के अपने फैसले में तीन हिंदुजा बंधुओं- एसपी हिंदुजा, जीपी हिंदुजा और पीपी हिंदुजा तथा बोफोर्स कंपनी के खिलाफ सभी आरोपों को खारिज कर दिया था। वर्ष 2005 के फैसले से पहले उच्च न्यायालय ने चार फरवरी, 2004 को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी को इस मामले में दोषमुक्त कर दिया था।

संक्षेप

## अनियंत्रित कार ढाबे में घुसी, तीन की मौत

लातूर। महाराष्ट्र के लातूर जिले में शनिवार को एक कार चालक वाहन पर से अपना नियंत्रण खो बैठा जिससे वह राजमार्ग पर स्थित एक ढाबे में जा घुसी। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। सहायक पुलिस निरीक्षक प्रशांत लोंढे ने बताया कि यह दुर्घटना सुबह औसा में नागपुर-रत्नागिरी राजमार्ग पर हुई। अधिकारी ने बताया कि छह लोग एक कार में सवार होकर हैदराबाद से लातूर की ओर जा रहे थे। उन्होंने बताया कि इस दौरान सामने आई एक ऑटोरिक्शा से कार को टकराने से बचाने की कोशिश में कार चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा। सोशल मीडिया पर सामने आए दुर्घटना के सीसीटीवी फुटेज में कार एक ढाबे में घुसती हुई दिख रही है। अधिकारी ने बताया कि कार से यात्रा कर रहे वाजिद खान पठान और सोहेल शेख तथा ढाबे पर मौजूद एक नाबालिग की मौके पर ही मौत हो गई जबकि वाहन में सवार अन्य तीन लोग घायल हो गये। उन्होंने बताया कि मृतक लातूर के रहने वाले थे।

## टेक्सास में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में, तीन की मौत

ला ग्रुला (अमेरिका)। टेक्सास में अमेरिका-मेक्सिको सीमा पर एक हेलीकॉप्टर शुक्रवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिससे नेशनल गार्ड के दो सैनिक और सीमा गश्त के एक एजेंट की मौत हो गयी। सेना ने बताया कि हेलीकॉप्टर में सवार एक अन्य सैनिक घायल हो गया। संयुक्त कार्यबल उत्तर द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, यूएच-72 लकोटा हेलीकॉप्टर संघीय सरकार के सीमा सुरक्षा अभियान पर था तभी वह शुक्रवार दोपहर को रियो ग्रांडे सिटी के समीप दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे की वजह का पता लगाया जा रहा है। स्टार काउंटी के शीर्ष अधिकारी एलॉय वेरा ने बताया कि हेलीकॉप्टर में एक महिला और तीन पुरुष सवार थे। उन्होंने बताया कि घायल व्यक्ति की हालत गंभीर है। मृतकों की पहचान उजागर नहीं की गई है।

## भाजपा के कार्यक्रम में भगदड़, महिला की मौत

नागपुर (महाराष्ट्र)। महाराष्ट्र के नागपुर शहर में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में भगदड़ में 50 वर्षीय महिला की मौत हो गयी और चार अन्य घायल हो गए। सक्करदरा पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना सुबह करीब साढ़े 10 बजे रेशिमबाग में भाजपा की नागपुर इकाई द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में हुई। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में निर्माण श्रमिकों को बर्तन बांटे जा रहे थे और आयोजन स्थल पर बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि भगदड़ में मनु तुलसीराम राजपूत गिर गयी, उसे एक सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि चार अन्य महिलाओं को मामूली चोटें आयी हैं। उन्होंने बताया कि दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज कर लिया गया है और घटना की जांच शुरू कर दी गयी है।

# लोकसभा चुनाव के लिए महायुति गठबंधन पर सकारात्मक बातचीत

एजेंसी

नागपुर। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने शनिवार को कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए महायुति गठबंधन को लेकर दिल्ली में सकारात्मक चर्चा हुई और 80 प्रतिशत मुद्दे सुलझा लिए गए हैं।

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को महाराष्ट्र में गठबंधन के सहयोगी दल शिवसेना के प्रमुख एकनाथ शिंदे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के अध्यक्ष अजित पवार के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत की थी। इस बैठक में फडणवीस भी मौजूद थे। महायुति गठबंधन में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), शिवसेना और राकांपा शामिल हैं।

फडणवीस ने यहां संवाददाताओं से कहा, शुक्रवार की बैठक में बहुत ही सकारात्मक चर्चा हुई। मैं यह कह सकता हूं कि हमारे 80 फीसदी मुद्दे सुलझ चुके हैं और बाकी 20 फीसदी मुद्दों पर बातचीत जारी है। और मेरा मानना है कि बाकी मुद्दे भी सुलझा लिये जाएंगे और एक बेहतर गठजोड़ बनेगा। शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना, अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा, और भाजपा महाराष्ट्र में गठबंधन में लोकसभा चुनाव लड़ेंगी। महाराष्ट्र में लोकसभा की कुल 48 सीट है।

# केजरीवाल ने भाजपा पर साधा निशाना

## महिला मतदाताओं से आप को वोट देने का किया आग्रह

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि 18 साल से अधिक उम्र की सभी महिलाओं को एक हजार रुपये देने की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार की मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना उन्हें आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाएगी। केजरीवाल ने महिला मतदाताओं से आगामी लोकसभा चुनाव में बड़ी संख्या में आप को वोट देने का आग्रह किया। दिल्ली में आप सरकार के 2024-25 बजट में प्रस्तुत योजना पर महिलाओं के साथ बातचीत के लिए आयोजित एक टाउनहॉल कार्यक्रम को संबोधित करते हुए



केजरीवाल ने महिलाओं से यह आग्रह किया। मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए केजरीवाल ने कहा कि यह योजना महिलाओं को सही मायने में सशक्त बनाएगी। केजरीवाल ने कहा कि एक ही परिवार की हर पात्र महिला इस योजना का लाभ उठा सकती है। विपक्ष पर निशाना साधते हुए केजरीवाल ने कहा, वे (भाजपा) कहते हैं कि यह योजना महिलाओं को बर्बाद कर देगी। वे कहते हैं कि केजरीवाल शहर की प्रत्येक महिला को एक हजार रुपये देकर पैसा बर्बाद कर रहे हैं। मैं उनसे पूछता हूं कि जब आपने बहुत सारे लोगों के बड़े-बड़े कर्ज माफ किए, तो क्या उनसे पैसा बर्बाद नहीं हुआ?

मुख्यमंत्री ने महिला मतदाताओं से आगामी आम चुनाव में आप को वोट देने का आग्रह किया। केजरीवाल ने कहा, अब यह आपकी जिम्मेदारी है कि आप अपने पतियों, भाइयों, पिता और इलाके के अन्य लोगों को उस व्यक्ति को वोट देने के लिए मनाएं, जो उनके लाभ के लिए काम कर रहा है।

# कोटा में आत्महत्या करने वाले छात्र के पिता ने जताया गड़बड़ी का संदेह

एजेंसी

कोटा। राजस्थान के कोटा में जेईई (संयुक्त प्रवेश परीक्षा) की तैयारी कर रहे छात्र के कथित तौर पर आत्महत्या करने के एक दिन बाद उसके पिता ने शनिवार को इसमें गड़बड़ी का संदेह जताते हुए इसकी निष्पक्ष जांच की मांग की। पापा, मेरे से जेईई नहीं हो पाएगा।

क्षमा करियेगा, मैं जा रहा हूं। यह अंतिम शब्द कोटा में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले अभिषेक मंडल (16) के थे, जो उसने संभवतः जहर खाकर आत्महत्या करने से पहले पहले अपने पिता से कहे थे। अभिषेक ने बृहस्पतिवार रात को अपने पेइंग गेस्ट आवास में कथित तौर पर जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। अभिषेक के पिता प्रदीप मंडल ने शनिवार को शवगृह के बाहर संवाददाताओं से कहा कि जिस दिन अभिषेक को ट्रेन से बिहार के भागलपुर स्थित अपने घर के लिए निकलना था, उसी दिन उन्हें उसका शव सौंप दिया गया था।

पुलिस उपाधीक्षक धर्मवीर सिंह ने कहा कि बिहार के भागलपुर के रहने वाले अभिषेक मंडल का शव शुक्रवार की सुबह यहां विज्ञान नगर इलाके में स्थित एक पेइंग गेस्ट आवास से बरामद किया गया। ऐसा संदेह है कि बृहस्पतिवार की देर रात उसकी मृत्यु हो गई।

# आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा खत्म करेंगे : राहुल

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि अगर आगामी लोकसभा चुनाव के बाद उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो जातिगत जनगणना के साथ आर्थिक मैपिंग कराई जाएगी जिसके आधार पर आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा को खत्म किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कदम सही आरक्षण, हक और हिस्सेदारी दिलाएगा।

राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया, क्या हमने कभी सोचा है कि गरीब कौन हैं? कितने हैं और किस स्थिति में हैं? क्या इन सभी की गिनती जरूरी नहीं? उन्होंने कहा कि बिहार में हुई जातिगत गिनती से पता चला कि गरीब आबादी के 88 प्रतिशत लोग दलित, आदिवासी, पिछड़े और अल्पसंख्यक समाज से आते हैं। कांग्रेस नेता ने कहा, बिहार से आए आंकड़े देश की असली तस्वीर की एक छोटी सी झलक मात्र हैं, हमें अंदाजा तक नहीं है कि देश की गरीब आबादी किस हाल में जी रही है। उन्होंने कहा, इसीलिए हम दो



ऐतिहासिक कदम उठाने जा रहे हैं- जातिगत गिनती, आर्थिक मैपिंग, जिसके आधार पर हम 50 प्रतिशत की आरक्षण सीमा को खत्म करेंगे। राहुल ने कहा, यह कदम देश का एक्स-रे कर सभी को सही आरक्षण, हक और हिस्सेदारी दिलाएगा। इससे न सिर्फ गरीब के लिए सही नीतियां और योजनाएं बनाई जा सकेंगी बल्कि उन्हें पढ़ाई, कमाई और दवाई के संघर्ष से उबार कर विकास की मुख्य धारा से जोड़ा भी जा सकेगा। कांग्रेस नेता ने पोस्ट में लोगों से आह्वान किया, इसलिए उठो, जागो और अपनी आवाज उठाओ, जातिगत गिनती तुम्हारा हक है और यही तुम्हें मुश्किलों के अंधेरों से निकाल कर उजालों की ओर ले जाएगी।

गिनती करो हमारा नारा है, क्योंकि गिनती न्याय की पहली सीढ़ी है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने राहुल गांधी के पोस्ट को रिपोस्ट करते हुए कहा, एक व्यापक सामाजिक आर्थिक जाति जनगणना से सरकार को जनता से जुड़े पहलुओं को समझने में मदद मिलेगी। इससे हर परिवार की आर्थिक स्थिति सामने आ सकेगी। संपत्ति, कर्ज का बोझ, जमीन और आय से संबंधित जानकारी मिलेगी। रमेश ने कहा कि इससे देश के मौजूदा जाति संरचना का पता चलेगा तथा कौन सा समूह समृद्ध है और कौन अभावों से जूझ रहा है, यह पता चलेगा।

# भाजपा, तेदेपा व जनसेना पार्टी के बीच गठबंधन पर सहमति

एजेंसी

नयी दिल्ली। तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) अध्यक्ष एन.चंद्रबाबू नायडू ने शनिवार को कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव और आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए उनकी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और जनसेना पार्टी के बीच एक गठबंधन करने पर सहमति बन गई है।

आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री नायडू ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, आंध्र प्रदेश को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया गया हैअ भाजपा और तेदेपा का साथ आना देश एवं राज्य के लिए लाभदायक है। उन्होंने यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की भी प्रशंसा की। नायडू ने दावा किया कि लोकसभा और आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव में



तेदेपा-भाजपा-जनसेना गठबंधन विपक्षी दलों का सूपड़ा साफ कर देगा। उन्होंने आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस पर भी निशाना साधा। सूत्रों ने बताया कि शनिवार को दूसरे दौर की बातचीत के बाद तीनों दलों ने गठबंधन पर मुहर लगा दी। उन्होंने कहा कि भाजपा और जन सेना मिलकर आंध्र प्रदेश में लगभग आठ लोकसभा और 30 विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक, तेदेपा शेष 17 लोकसभा सीट और 145 विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ेगी।

उन्होंने बताया कि गठबंधन की आधिकारिक घोषणा जल्द की जाएगी। सूत्रों ने बताया कि भाजपा आंध्र प्रदेश की करीब छह लोकसभा सीट और इतनी ही संख्या में विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ सकती है। उन्होंने बताया कि गठबंधन पर सहमति नायडू, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और जनसेना पार्टी के प्रमुख पवन कल्याण के बीच दूसरे दौर की बातचीत के दौरान बनी। आंध्र प्रदेश में लोकसभा के साथ ही विधानसभा के चुनाव भी होने हैं।

## पेज एक का शेष

### चुनाव आयुक्त

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वीकार कर लिया जो आज से ही प्रभावित हो गया। हालांकि, तत्काल यह पता नहीं चल पाया है कि गोयल ने इस्तीफा क्यों दिया। सेवानिवृत्त नौकरशाह गोयल पंजाब कैडर के 1985-बैच के आईएएस अधिकारी थे। वह नवंबर 2022 में निर्वाचन आयोग में शामिल हुए थे।

### पश्चिम बंगाल में

अलुआबाड़ी खंड, और सिलीगुड़ी-सिवोक-अलीपुरद्वार जंक्शन-समुक्तला खंड शामिल हैं। बयान के अनुसार इन परियोजनाओं से रेल संपर्क में सुधार होगा, माल ढुलाई की सुविधा मिलेगी और क्षेत्र में रोजगार सृजन और आर्थिक विकास में योगदान मिलेगा। प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल में 3,100 करोड़ रुपये की दो राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया। ये चार-लेन घोषपुकुर-धूपगुड़ी खंड और राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर चार-लेन का इस्लामपुर बाईपास हैं। घोषपुकुर-धूपगुड़ी खंड उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे का हिस्सा है, जो पूर्वी भारत को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ता है। इस महीने अपनी पहली दो यात्राओं के दौरान, प्रधानमंत्री ने दक्षिणी पश्चिम बंगाल के विभिन्न जिलों - हुगली, नदिया और उत्तर 24 परगना का दौरा किया था और इन जिलों को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) का गढ़ माना जाता है।

### प्रधानमंत्री ने की

एक चमत्कार है। यह अरुणाचल प्रदेश में बालीपारा-चारीद्वार-तवांग रोड पर सेला दर्रे से गुजरते हुए तवांग तक हर मौसम में संपर्क उपलब्ध कराएगी। प्रधानमंत्री राज्य के दो दिवसीय दौरे पर शुक्रवार शाम को काजीरंगा पहुंचे थे। मोदी दोपहर में जोरहाट लौटेंगे और महान अहोम सेनापति लचित बोरफुकन की 125 फुट ऊंची प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ वेलर (बहादुरी की प्रतिमा) का उद्घाटन करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि इसके बाद मोदी जोरहाट के मेलेंग मेतेली पोथार जाएंगे, जहां वह लगभग 18,000 करोड़ रुपये की केंद्रीय और राज्य परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री जनसभा को भी संबोधित करेंगे और बाद वह पश्चिम बंगाल रवाना होंगे।

### लंदन में चलो

कहा, आइए इस मौके पर अतुल्य भारत को याद करे। भारतीयों की उस भूमिका को भी याद करे, जिसने भारत और ब्रिटेन के संबंधों को मजबूत बनाने में योगदान दिया है। आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर भारतीय उच्चायोग ने लिविंग ब्रिज के विषय महिलाओं पर केंद्रित रखा। दुरईस्वामी ने कहा, ये (महिलाएं) ब्रिटेन-भारत संबंधों की नायिकाएं हैं, जिन्होंने साहसिक खेल, शतरंज, फिल्म, व्यवसाय आदि क्षेत्र में योगदान दिया है। लिविंग ब्रिज अभियान के पहले चरण में पर्वतारोही प्रीत कौर चंडी, शतरंज चैंपियन बोधना शिवानंदन, प्रसिद्ध शेफ अस्मा खान, अभिनेत्री आयशा धारकर और आर्थिक विशेषज्ञ बैरोनेस श्रीति वेडेरा आदि शामिल हुए। पिछले साल दिसंबर में यूरोपीय ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप में इतिहास रचने वाली शिवानंदन ने कहा, मैं दुनिया की सबसे युवा ग्रैंडमास्टर बनना चाहती हूं और विश्व चैंपियन भी बनना चाहती हूं। पर्वतारोही प्रीत कौर ने कहा, मैं सिख हूं। मेरे पिता उत्तर प्रदेश में पैदा हुए थे। वह अपनी किशोरावस्था में इंग्लैंड आए थे।

### योगी ने चंदौली

बन चुकी थी, लेकिन, आज आप जिस भारत का दर्शन कर रहे हैं, वह एक नया भारत है। उन्होंने कहा कि यहां सुरक्षा की गारंटी है, संस्कृति का संवर्धन किया जा रहा है और देश आर्थिक समृद्धि का कीर्तिमान गढ़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल में देश तीसरी बड़ी ताकत बनने जा रहा है, इसमें कहीं कोई संशय नहीं है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार नौजवानों की आजीविका और जनता की आस्था का सम्मान करती है। उन्होंने कहा कि सरकार की ताकत का ही परिणाम है कि चंदौली में मेडिकल कॉलेज बनकर तैयार है।

उन्होंने पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि 1997 में चंदौली जनपद बनाया गया था, मगर 27 साल बीतने के बाद भी यहां न पुलिस लाइन दी गई, न तहसील में आवासीय भवन और गैर आवासीय भवन। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज यहां पुलिस लाइन में आवासीय और गैर आवासीय भवनों के निर्माण शिलान्यास किया जा रहा है। अब चंदौली के पास अपना पुलिस लाइन होगा। इसके अलावा नौगढ़ तहसील के आवासीय और गैर आवासीय भवनों का भी उद्घाटन हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब चंदौली आकांक्षात्मक जनपद नहीं होगा, बल्कि इसकी गिनती राज्य के विकसित जिलों में होगी। उन्होंने कहा कि चंदौली उद्योग का बड़ा केंद्र बनने जा रहा है। ये विकसित उत्तर प्रदेश का विकसित जनपद बनने जा रहा है। आगामी लोकसभा चुनाव में चंदौली सीट से भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री डॉ. महेन्द्र नाथ पांडेय के लिए वोट की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि के मन में हौसला होता है तभी विकास होता है।

वहीं, जौनपुर जिले के बी.आर.पी इन्टर कॉलेज में आयोजित जनसभा के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 899 करोड़ की 256 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इससे पहले उन्होंने कलीचाबाद तिराहे पर नवनिर्मित वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण भी किया। विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में सभी की आस्था का सम्मान किया जा रहा है। गरीब कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक गरीब परिवार को बिना भेदभाव के दिया जा रहा है।

### सही मार्ग पर

एक अधिनियम से गठित एनसीसी युवाओं को एकता और अनुशासन के लिए प्रेरित करने वाला दुनिया का सबसे बड़ा वर्दीधारी संगठन है। एनसीसी को आज के युवाओं के जीवन का हिस्सा बनाना पीएम मोदी का विजन है। पीएम के इस विजन को मिशन मोड पर आगे बढ़ाने के लिए गोरखपुर में एनसीसी ट्रेनिंग एकेडमी की स्थापना की जा रही है। यह एकेडमी एकता और अनुशासन की वह पाठशाला बनेगी जहां से सामाजिक एकता के माध्यम से राष्ट्रीय एकात्मकता को मजबूत किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति या संस्था की तरफ से प्रयास किया जाता है तो सरकार दो कदम आगे बढ़कर सहयोग करती है। एनसीसी ट्रेनिंग एकेडमी के लिए गोरखपुर मुख्यालय ने ऐसा ही प्रयास किया। देश की आबादी का सबसे बड़ा राज्य होने के चलते यूपी के लिए इस एकेडमी का अपना महत्व होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि एनसीसी ग्रुप मुख्यालय गोरखपुर में आने वाले 11 जिलों में से 4 जिले सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती और बहराइच आकांक्षी जनपद हैं। एनसीसी एकेडमी में प्रशिक्षित युवा इन जिलों को विकसित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। सीएम ने कहा कि यूपी की 56 प्रतिशत आबादी कामकाजी है। एनसीसी की ट्रेनिंग एकेडमी यहां की युवा कार्यशील पूंजी को राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा कि व्यक्ति का स्वयं कोई अस्तित्व नहीं होता है। खुद के लिए जीना, कोई जीवन नहीं होता बल्कि हमारे लिए देश सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। देश के लिए समर्पण की भावना से ही एकता और अनुशासन का भाव आगे बढ़ता है।

सीएम योगी ने कहा कि आज पूरी दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है। रक्षा आवश्यकताओं के मामले में रक्षा उपकरणों के उत्पादन तथा डिफेंस कॉरिडोर के निर्माण से देश इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आगे बढ़ रहा है। अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर भारत के हार्ड और सॉफ्ट पावर को दुनिया महसूस कर रही है। भूमि पूजन के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एनसीसी के ट्रेनिंग एकेडमी के मॉडल का भी अवलोकन किया। इसका निर्माण कंस्ट्रक्शन एंड डिजाइन सर्विसेज, जल निगम, यूनिट-42, गोरखपुर द्वारा कराया जाएगा। एकेडमी में प्रशासनिक भवन, 150 छात्रों की क्षमता के बालक छात्रावास, 100 छात्राओं की क्षमता के बालिका छात्रावास, डायनिंग हाल, टायलेट ब्लाक, विद्युत स्टेशन, आउटडोर मल्टीएक्टिविटिज एरिया, 50 मीटर के आउटडोर शूटिंग रेंज, ड्रिल प्रैक्टिस पथ, फुटबाल फील्ड, आप्टिकल कोर्स एवं पुशप बीम आदि की सुविधा होगी।

### वाराणसी में

आए। बाबतपुर स्थित लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत भाजपा के गणमान्य नेताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। शंख ध्वनि और ढोल नगाड़े के बीच भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री का तहेदिल से स्वागत किया। पीएम के दौरे को लेकर लोग काफी उत्साहित दिखे। प्रधानमंत्री ने सबसे पहले बाबा विश्वनाथ के दरबार में हाजिरी लगाई। मत्था टेका और दर्शन-पूजन कर उनसे आशीर्वाद लिया। मंदिर के महंत ने श्रंगार मुकुट भेंट कर उन्हें विजयी भव का आशीर्वाद दिया।

मंदिर से बाहर निकलते हुए प्रधानमंत्री ने त्रिशूल हाथ में लेकर हर-हर महादेव के नारे लगाये और देश-दुनिया को बड़ा संदेश दिया। इससे पूर्व पीएम मोदी को विश्वनाथ मंदिर के अर्चक ने त्रिपुंड लगाया। ढोल-नगाड़ों की थाप के बीच पूरी काशी मोदी-मोदी के नारों से गूंज उठी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह 44 वां काशी दौरा है। पीएम के मंदिर पहुंचते ही लोगों में गजब का उत्साह देखने को मिला। महिलाओं ने झूमकर नृत्य किया। मोदी- मोदी की ध्वनि से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। पीएम मोदी ने लोगों का उत्साह देख मुस्कुराते हुए हाथ उठाकर लोगों का अभिवादन किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं समेत अन्य लोगों ने मोदी-मोदी और हर- हर महादेव के नारे भी लगाए।

### किसान आंदोलन

मेट्रो और दूसरे सार्वजनिक परिवहन के साधन, पुलिस के रडार पर हैं। हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, यूपी और राजस्थान पुलिस, अतिरिक्त सतर्कता बरत रही है। इस बार पुलिस के लिए किसानों को संभालना एक बड़ा टॉस्क है। वजह, वे ट्रैक्टर से दिल्ली नहीं आ रहे हैं। हरियाणा-पंजाब के हजारों किसान शंभू और खनौरी बॉर्डर पर डटे हुए हैं। वहां से किसानों की एक बड़ी संख्या, दिल्ली के लिए रवाना हो चुकी है। राजस्थान व मध्यप्रदेश से भी किसानों के दिल्ली पहुंचने की बात कही जा रही है।

### एमएलसी चुनाव

(एस) के आशीष पटेल, बसपा के भीमराव आंबेडकर और सपा के नरेश उत्तम पटेल का कार्यकाल पांच मई को समाप्त हो रहा है।

### होली पर

की डिलीवरी की गई। द्वितीय चरण में अब होली पर्व के अवसर पर लाभार्थियों को निशुल्क सिलेंडर वितरित कराए जाने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत दो जनवरी 2024 से अब तक लगभग 50.87 लाख लाभार्थियों को सिलेंडर रिफिल की डिलीवरी की जा चुकी है। इस प्रकार योजना के अंतर्गत अब तक कुल 131.17 लाख (1.31 करोड़ से ज्यादा) सिलेंडर रिफिल की डिलीवरी की गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 10 नवंबर 2023 को योजना का शुभारंभ करते हुए एक साथ लाखों उज्जवला लाभार्थियों के खातों में सब्सिडी की धनराशि का अतंरण किया था।

# धर्मशाला में भारत की धमाकेदार जीत

## पारी और 64 रन से जीता पांचवां टेस्ट, 4-1 से कब्जाई सीरीज, इंग्लैंड की बैजबॉल शैली पर लगाया प्रश्नचिन्ह

**धर्मशाला** । रविचंद्रन अश्विन ने अपने 100वें टेस्ट मैच में पारी में पांच विकेट लेने का कारनामा किया जिससे भारत ने इंग्लैंड को पांचवें और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन ही शनिवार को यहां पारी और 64 रन से करारी शिकस्त देकर उसकी आक्रामक अंदाज ने खेलने की बैजबॉल शैली पर भी प्रश्न चिन्ह लगा दिया। भारत ने इस तरह से पांच मैच की श्रृंखला 4- । से जीती। यह बैजबॉल शैली अपनाने के बाद इंग्लैंड की सबसे बड़ी हार है। इंग्लैंड की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 218 रन पर आउट हो गई थी जिसके जवाब में भारत ने 477 रन बनाकर 259 रन की बढ़त हासिल की। इंग्लैंड की टीम अपनी दूसरी पारी में तीसरे दिन दूसरे सत्र में ही 195 रन पर सिमट गई। उसके अधिकतर बल्लेबाजों ने गैर जिम्मेदाराना शॉट खेल कर अपने विकेट इनाम में दिए। पहली पारी में चार विकेट लेने वाले अश्विन ने दूसरी पारी में 77 रन देकर पांच विकेट लिए। इंग्लैंड की तरफ से जो रूट ने सर्वाधिक 84 रन बनाए। भारत श्रृंखला पहले ही अपने नाम कर चुका था लेकिन वह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के महत्वपूर्ण अंक हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध था। भारत के लिए यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि उसने यह विराट कोहली और मोहम्मद शमी जैसे सीनियर खिलाड़ियों की गैर मौजूदगी में हासिल की। ऐसे में यशस्वी जयसवाल जैसे खिलाड़ियों ने मौके का पूरा फायदा उठाया। अश्विन ने सुबह के सत्र में चार विकेट लेकर भारत की जीत सुनिश्चित कर दी थी। इंग्लैंड ने लंच तक पांच विकेट पर 103 रन बनाए थे। भारतीय गेंदबाजों ने बाकी बचे पांच विकेट दूसरे सत्र में हासिल किये। भारत ने अपनी पहली पारी में सुबह केवल चार रन जोड़कर अपने बाकी बचे दो विकेट गंवाए। जेम्स एंडरसन इस बीच टेस्ट क्रिकेट में 700 विकेट लेने वाले दुनिया के पहले तेज गेंदबाज बने। उन्होंने कुलदीप (30) को विकेट के पीछे कैच करा कर यह उपलब्धि हासिल की जबकि ऑफ स्पिनर शोएब बशीर (173 रन देकर 5 विकेट) ने जसप्रीत बुमराह (20) को आउट करके पारी में अपना पांचवा विकेट लिया।

इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने इसके बाद आक्रामक रूख अपनाया और इस प्रयास में अपने विकेट गंवाए। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स (02) को लंच से ठीक पहले अश्विन ने पवेलियन की राह दिखाई। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा पीठ में जकड़न के कारण मैदान पर नहीं उतरे और ऐसे में बुमराह ने टीम की अगुवाई करते हुए अश्विन के साथ नई गेंद संभाली। अश्विन ने शुरू से ही इंग्लैंड पर कर बरपाया।



रविचंद्रन अश्विन ने अपने 100वें टेस्ट मैच में पारी में पांच विकेट लेने का कारनामा। अश्विन के टेस्ट करियर का यह 36वीं बार पांच विकेट लिए

### उपलब्धियां

- 700 टेस्ट विकेट हासिल करने वाले दुनिया के पहले तेज गेंदबाज बने जेम्स एंडरसन
- भारत में किसी भी विदेशी तेज गेंदबाज द्वारा सर्वाधिक विकेट लेने का भी रिकॉर्ड बनाया जेम्स एंडरसन ने
- सर्वाधिक टेस्ट जीतने के मामले में तीसरे स्थान पर पहुंचा भारत
- यह तीसरी बार है जब भारत ने किसी टेस्ट श्रृंखला में चार मैच जीते हैं। इससे पहले भारत ने 2016 में इंग्लैंड को ही पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में 4-0 से हराया था जबकि उन्होंने 2013 में घर पर ऑस्ट्रेलिया का 4-0 से सूपड़ा साफ किया था।
- घरेलू टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ अश्विन ने अब कुल 100 विकेट लिए हैं।
- किसी गेंदबाज द्वारा घर पर टेस्ट में किसी एक टीम के खिलाफ सर्वाधिक विकेट लेने के मामले में अश्विन तीसरे स्थान पर हैं।
- स्टुअर्ट ब्रॉड ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घर पर 106 विकेट ले चुके हैं जबकि घर पर भारत के खिलाफ एंडरसन के नाम 105 विकेट हैं।

# बीसीसीआई ने शुरू की टेस्ट क्रिकेट प्रोत्साहन योजना




नयी दिल्ली । टेस्ट क्रिकेट को प्राथमिकता देने के वादे पर खरे उतरते हुए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने उन खिलाड़ियों के लिए प्रत्येक मैच 45 लाख रुपये का प्रोत्साहन देने का फैसला किया जो हर सत्र में निर्धारित 75 प्रतिशत या इससे ज्यादा मैच खेलते हैं। सचिव जय शाह ने शनिवार को इसकी घोषणा की। एक टेस्ट खिलाड़ी जो एक सत्र में लगभग 10 टेस्ट मैच में हिस्सा लेता है, उसे बतौर प्रोत्साहन 4.50 करोड़ रुपये की मोटी धनराशि मिलेगी जो उसकी संभावित 1.5 करोड़ रुपये की मैच फीस (प्रत्येक मैच 15 लाख रुपये) से इतर होगी। साथ ही शीर्ष क्रिकेटरों को सालाना केंद्रीय अनुबंध के अंतर्गत रिटेनर फीस भी मिलेगी। शाह ने एक्स पर लिखा कि मुझे सीनियर पुरुष टीम के लिए टेस्ट क्रिकेट प्रोत्साहन योजना की शुरूआत करने की घोषणा करके खुशी हो रही है क्योंकि यह कदम हमारे खिलाड़ियों को वित्तीय विकास और स्थिरता मुहैया कराने के उद्देश्य से उठाया गया है। उन्होंने कहा कि 2022-23 सत्र से टेस्ट क्रिकेट प्रोत्साहन योजना टेस्ट मैच के लिए मौजूदा 15 लाख रुपये की मैच फीस के लिए अतिरिक्त पुरस्कार के तौर पर काम करेगी। यह प्रोत्साहन पूर्वप्रभावी होगा जिसका असर 2022-23 सत्र के दौरान टेस्ट क्रिकेट में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों पर भी होगा। उदाहरण के तौर पर भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने 2023-24 सत्र के दौरान सभी 10 टेस्ट (विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल, वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो दो, इंग्लैंड के खिलाफ पांच) खेले हैं तो उन्हें टेस्ट क्रिकेट को प्राथमिकता देने के लिए 1.5 करोड़ रुपये (15 लाख गुणा 10) की मैच फीस मिलेगी।

# देवेंद्र झाझरिया बने पीसीआई अध्यक्ष



**नयी दिल्ली** । पैरालंपिक में दो स्वर्ण पदक जीतने वाले देवेंद्र झाझरिया शनिवार को निर्विरोध भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के अध्यक्ष चुने गये। वह एक और मशहूर पैरा एथलीट दीपा मलिक की जगह लेंगे। 2004 एथेंस और 2016 रियो पैरालंपिक में एफ 46 श्रेणी में स्वर्ण पदक जीतने वाले 42 वर्षीय झाझरिया इस शीर्ष पद के लिए एकमात्र उम्मीदवार थे। बल्कि सभी नये पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए। पीसीआई के चुनाव अध्यक्ष, दो उपाध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष, दो संयुक्त सचिव और पांच कार्यकारी समिति सदस्यों के पदों के लिए हुए। शुरू में आठ उम्मीदवारों ने पांच कार्यकारी समिति सदस्यों के पद के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया, लेकिन बाद में उनमें से तीन ने नाम वापस ले लिया। यह औपचारिकताओं को पूरा करना था और निर्वाचन अधिकारी उमेश सिन्हा ने झाझरिया के नेतृत्व में सभी नये पदाधिकारियों को चुनाव प्रमाण पत्र सौंपे। गोवा के अंतरराष्ट्रीय कोच और रेफरी जयवंत हम्मनवर को निर्विरोध महासचिव चुना गया। आर चन्द्रशेखर और सत्य प्रकाश सांगवान दो उपाध्यक्ष होंगे जबकि सुनील प्रधान कोषाध्यक्ष पद के लिए अकेले उम्मीदवार थे। ललित ठाकुर और टी दिवाकर दो संयुक्त सचिव हैं। समय पर चुनाव नहीं कराने के बाद पिछले महीने खेल मंत्रालय ने पीसीआई को निलंबित कर दिया था। लेकिन पांच मार्च को पीसीआई द्वारा चुनाव प्रक्रिया शुरू करने के बाद मंत्रालय ने निलंबन रद्द कर दिया। राजस्थान के झाझरिया ने 2021 में तोक्यो पैरालंपिक में रजत पदक भी जीता। उन्होंने 2013 में विश्व चैम्पियनशिप में स्वर्ण और 2015 में रजत (दोनों एफ 46 में) और साथ ही 2014 में एशियाई पैरा खेलों में रजत पदक जीता। वह पैरा खिलाड़ियों में एकमात्र पद्म भूषण पुरस्कार विजेता (2022) हैं, इसके अलावा वह भारत के लिए दो पैरालंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाले पैरा एथलीट हैं।

# पहले भारतीय बने परवेज खान

**नयी दिल्ली**। राष्ट्रीय खेलों के स्वर्ण पदक विजेता परवेज खान शनिवार को अमेरिका की एनसीएए चैम्पियनशिप की ट्रैक स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय एथलीट बने। एनसीईए दुनिया की सबसे प्रतिस्पर्धी कॉलेज प्रतियोगिता है जिसमें परवेज खान ने बोस्टन में पुरुष वर्ग की एक मील की स्पर्धा के फाइनल में जगह बनायी। खान ने तीन मिनट 57.126 सेकेंड के समय से एक मील की शुरूआती रेस में तीसरे स्थान पर रहकर एनसीएए इंडोर ट्रैक एवं फील्ड चैम्पियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया। यह 19 साल का भारतीय फ्लोरिडा यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधित्व कर रहा था जिन्हें पिछले साल वहा कॉलेज स्कॉलरशिप मिली थी। खान ने गांधीनगर में तीन मिनट 40.89 सेकेंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से 2022 राष्ट्रीय खेलों में 1500 मीटर में स्वर्ण पदक जीता था।

# विलियमसन ने 100वें टेस्ट में जड़ा अर्धशतक

- न्यूजीलैंड के स्टंप तक दो विकेट पर 134 रन

**क्राइस्टचर्च (न्यूजीलैंड)**। केन विलियमसन ने अपने 100वें टेस्ट में 51 रन की अर्धशतकीय पारी खेली जिससे न्यूजीलैंड ने शनिवार को यहां दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन आस्ट्रेलिया के खिलाफ स्टंप तक दूसरी पारी में दो विकेट पर 134 रन बनाकर 40 रन की बढ़त हासिल की। पहली पारी में विलियमसन का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था लेकिन दूसरी पारी में उन्होंने 105 गेंद में 34वां टेस्ट अर्धशतक जड़ा और टॉम लाथम के साथ दूसरे विकेट के लिए 105 रन की भागीदारी निभायी। इस भागीदारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने एक विकेट पर छह रन के स्कोर से उबरते हुए दो विकेट पर 111 रन बनाये और आस्ट्रेलिया की पहली पारी की 94 रन की बढ़त को खत्म किया। स्टंप तक लाथम आस्ट्रेलिया के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ 65 रन का टेस्ट स्कोर बनाकर क्रीज पर जुटे हैं और दूसरे छोर पर रचिन रविंद्र 11 रन बनाकर खेल रहे हैं। शुक्रवार को विलियमसन जब 100वें टेस्ट के लिए न्यूजीलैंड की पहली पारी के लिए क्रीज पर उतरे थे तो दर्शकों ने खड़े होकर तालियां बजाकर उनका स्वागत किया था लेकिन वह 17 रन ही बना सके थे। न्यूजीलैंड पहली पारी में 162 रन पर सिमट गयी थी। आस्ट्रेलिया से सुबह चार विकेट पर 124 रन से आगे खेलना शुरू किया। मार्नस लाबुशेन ने रात की 45 रन की पारी को 90 रन में तब्दील किया जिससे टीम ने पहली पारी में 256 रन बनाकर पहली पारी के हिसाब से 94 रन की बढ़त हासिल की। मैट हैनरी ने 67 रन देकर सात विकेट झटके। उन्होंने अपने करियर में दूसरी बार सात विकेट हासिल किये। यह उनका इस श्रृंखला में दूसरा पांच विकेट झटकने वाला प्रदर्शन रहा। न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में छह रन पर पहला विकेट गंवा दिया था, तब विलियमसन क्रीज पर उतरे और उनका पहली पारी जैसा ही स्वागत किया गया। विलियमसन ने इस स्वागत पर खरा उतरते हुए अर्धशतक जड़कर न्यूजीलैंड को बढ़त हासिल करने में मदद की।




# मोना ने स्वर्ण और पेरिस पैरालम्पिक का कोटा जीता

**नयी दिल्ली** । भारत की मोना अग्रवाल ने डब्ल्यूएसपीएस पैरा निशानेबाजी विश्व कप में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल एसएच। स्पर्धा में स्वर्ण पदक के साथ पेरिस पैरालम्पिक का कोटा हासिल कर लिया। मोना का यह चौथा अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट था। वहीं 2020 तोक्यो पैरालम्पिक की स्वर्ण पदक विजेता अवनि लेखरा ने कांस्य पदक जीता। सैतीस वर्ष की मोना ने दिसंबर 2021 से ही निशानेबाजी शुरू की। इससे पहले वह शॉटपुट और पावरलिफ्टिंग में प्रदेश स्तर पर खेल चुकी है। वह पेरिस पैरालम्पिक का कोटा हासिल करने वाली भारत की नौवीं पैरा निशानेबाज हैं। दो बच्चों की मां अवनि ने क्वालीफिकेशन दौर में 618 का स्कोर किया। उन्होंने सातवें स्थान पर रहकर आठ निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाई।

संक्षेप

## पंजाब मंत्रिमंडल ने नयी आबकारी नीति को मंजूरी दी

**चंडीगढ़** । पंजाब मंत्रिमंडल ने शनिवार को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए नई आबकारी नीति को मंजूरी दे दी। इसका मकसद शराब की बिक्री से 10,000 करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व जुटाना है। इस संबंध में यहां मुख्यमंत्री भगवंत मान की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में फैसला किया गया। राज्य के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने बैठक के बाद पत्रकारों से कहा कि मंत्रिमंडल ने नई आबकारी नीति को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि पहली बार इससे 10,000 करोड़ रुपये से अधिक की आय होगी। चीमा ने कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार के दौरान शराब की बिक्री से राजस्व महज 6,151 करोड़ रुपये था। मंत्री ने कहा कि नई आबकारी नीति में ड्रा के जरिए शराब की दुकानों के आवंटन की बात कही गई है।

## बिजली सब्सिडी बढ़ाने को उपराज्यपाल से मांगी मंजूरी

**नयी दिल्ली**। दिल्ली सरकार ने बिजली सब्सिडी योजना को 2024-25 में जारी रखने के मंत्रिमंडल के फैसले की फाइल उपराज्यपाल वी के सक्सेना की मंजूरी के लिए भेजी है। सरकारी अधिकारियों ने शनिवार को यह बात कही। दिल्ली मंत्रिमंडल ने पिछले बृहस्पतिवार को हर महीने 200 यूनिट तक बिजली खर्च करने वाले उपभोक्ताओं को मुफ्त आपूर्ति और 201-400 यूनिट प्रति माह खपत वाले उपभोक्ताओं को 50 प्रतिशत सब्सिडी देने की योजना को मंजूरी दी थी। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने हालांकि शनिवार को विधानसभा में आरोप लगाया कि भाजपा उन्हें जेल भेजना चाहती है और मुफ्त बिजली योजना तथा मोहल्ला क्लीनिक जैसे उनकी सरकार के अच्छे कामों को बंद करना चाहती है। वित्त मंत्री आतिशी ने सोमवार को दिल्ली विधानसभा में केजरीवाल सरकार का कुल 76,000 करोड़ रुपये का बजट पेश किया था। दिल्ली में 200 यूनिट तक बिजली खपत करने वाले करीब 22 लाख परिवारों का बिजली का बिल शून्य आता है।

# आरएंडडी को बढ़ावा देते हैं आईपीआर कानून : सीतारमण

**नयी दिल्ली** । वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) कानून से देश में अनुसंधान और विकास को तेजी से बढ़ावा मिला है। उन्होंने कहा, हम आईपीआर कानूनों को सुविधा तथा प्रोत्साहन देने वाला बनाने की कोशिश कर रहे हैं, और निश्चित रूप से ये कानून अनुसंधान एवं विकास की प्रक्रिया में बाधा नहीं है।

हमने कई कदम उठाए हैं और मैं इस विशेष नीति के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि इस नीति को 2016 में काफी विचार-विमर्श के बाद लाया गया। वित्त मंत्री ने पेटेंट कानून पर न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह की पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में कहा कि जो लोग नवाचार करना चाहते हैं, उन्हें यह कानून सुरक्षा देता है। सीतारमण ने कानून का विवरण साझा करते हुए कहा कि आठ अलग-अलग वस्तुएं, जिनका बौद्धिक संपदा से कुछ संबंध हैं, उन सभी को एक छतरी के नीचे एक साथ लाया गया है। उन्होंने कहा कि बौद्धिक संपदा अधिकारों पर नीति प्रबंधन से जुड़ी हर चीज अब एक ढांचे के तहत है।

इनमें पेटेंट ट्रेडमार्क, औद्योगिक डिजाइन, कॉपीराइट, भौगोलिक संकेतक, सेमीकंडक्टर एकीकृत सर्किट लेआउट डिजाइन और व्यावसायिक राज शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह कानूनी ढांचा बौद्धिक संपदा अधिकारों के व्यापार-संबंधी पहलुओं (ट्रिप्स) के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि आईपीआर में पेटेंट संरक्षण के साथ ही विकास संबंधी चिंताओं के बीच संतुलन बनाने की कोशिश की गई है। पेटेंट कराने को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदमों के बारे में सीतारमण ने कहा कि सरकार ने स्टार्टअप, एमएसएमई और शिक्षा संस्थानों के लिए शुल्क कम कर दिया है।



# खाद्य पदार्थों की कीमतें नियंत्रित करने के लिए केंद्र सभी उपाय करेगा : गोयल

**नयी दिल्ली**। नई दिल्लीः केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि केंद्र सरकार प्याज से लेकर टमाटर और दालों जैसे आवश्यक खाद्य पदार्थों की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। उन्होंने किसी भी अस्थायी बढ़ोतरी के कुछ दिनों के भीतर दरों को नियंत्रित करने के मोदी सरकार के पिछले रिकॉर्ड का हवाला दिया। गोयल के पास खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों का मंत्रालय भी है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए उपाय करना जारी रखेगी कि ₹हमारी नारी-शक्ति₹ के घरेलू बजट पर कोई तनाव न हो।

केंद्रीय मंत्री ने आम चुनावों से पहले खाद्य पदार्थों की कीमतों पर नियंत्रण को लेकर सरकार की रणनीति के संबंध में एक सवाल के जवाब में कहा, ₹हम इस पर काबू पाने में सफल रहेंगे और मैं लोगों को आश्वस्त कर सकता हूं कि यह सरकार भारत की महिलाओं की परवाह करती है।₹ उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में खाद्य मुद्रास्फीति से लड़ने के प्रयासों का समर्थन करने के लिए मूल्य स्थिरीकरण कोष में लगभग 28,000 करोड़ रुपए खर्च किए हैं।

गोयल ने कहा, हम अपनी बहनों और माताओं के साथ आगे भी खड़े रहेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि हम उन्हें तनाव न दें... हम यह सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं कि हम अपनी नारी-शक्ति का सम्मान करते हैं और इस बात का सम्मान करते हैं कि उन्हें अच्छा घरेलू बजट मिलना चाहिए।₹ चुनाव आयोग जल्द ही आम चुनाव की घोषणा कर सकता है। लोकसभा चुनाव अप्रैल-मई में होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि जब पूरी दुनिया गंभीर मुद्रास्फीति का सामना कर रही थी, दुनिया के विकसित देशों में 40 साल की उच्च मुद्रास्फीति थी, तब भारत मुद्रास्फीति के मामले में काफी बेहतर स्थिति में था।



## रेल मंत्री ने वंदे भारत शयनयान श्रेणी के कोच का अनावरण किया

**बेंगलुरु**। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को यहां भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीईएमएल) संयंत्र में वंदे भारत शयनयान श्रेणी के कोच का अनावरण किया। बीईएमएल रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत आता है और रक्षा, अंतरिक्ष, खनन, निर्माण, रेल और मेट्रो जैसे विभिन्न क्षेत्रों के लिए उत्पाद बनाता है।

इसे वंदे भारत शयनयान के 10 ट्रेनसेट (160 डब्बे) बनाने का ठेका मिला है। वैष्णव ने कहा कि वंदे भारत ट्रेन के तीन संस्करण हैं - चेयर कार (कुर्सी यान), स्लीपर (शयनयान) और मेट्रो। जहां कुर्सीयान खंड पहले ही पेश हो चुका है और काफी लोकप्रिय है, वहीं वंदे भारत शयनयान की पहली संरचना तैयार है। वैष्णव ने संवाददाताओं से कहा कि अब इसकी साज-सज्जा का काम होगा। संरचना बनाना सबसे मुश्किल काम है। आज हम इस पर चर्चा करेंगे कि इसे बेहतर कैसे बनाया जाए। उन्होंने कहा कि हम पांच से छह महीने तक पहले ट्रेनसेट का परीक्षण करेंगे और उसके बाद ही इसे परिचालन में शामिल किया जाएगा। चूंकि शयनयान कोच उसी तकनीक पर आधारित है, जिस पर कुर्सीयान काम कर रही है, इसलिए इससे झटका-मुक्त यात्रा का अनुभव मिलेगा। रेल मंत्री ने कहा कि शयनयान वाली ट्रेन में यात्रियों की सुविधा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

# भारत, ईएफटीए मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर आज

**नयी दिल्ली**। भारत और यूरोपीय समूह ईएफटीए आपस में वस्तुओं और सेवाओं के व्यापार तथा निवेश को बढ़ावा देने के लिए रविवार को एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर करेंगे। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के चार सदस्य- आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इस समझौते को सात मार्च को केंद्रीय मंत्रिमंडल से मंजूरी मिल गई। समझौते को आधिकारिक तौर पर व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौता (टीईपीए) कहा गया। उन्होंने कहा कि एफटीए के इतिहास में पहली बार ईएफटीए से भारत में लक्ष्य-उन्मुख निवेश को बढ़ावा देने और रोजगार सृजन के बारे में एक कानूनी प्रतिबद्धता को समझौते में शामिल किए जाने की उम्मीद है। भारत ने समझौते के कार्यान्वयन के बाद पहले 10 साल के दौरान 50 अरब डॉलर की निवेश प्रतिबद्धता और उसके बाद अगले पांच वर्षों में ब्लॉक के सदस्य देशों से 50 अरब डॉलर की निवेश प्रतिबद्धता मांगी है। समझौते के तहत यह प्रतिबद्धता शुल्क कटौती से जुड़ी होगी। इस निवेश से देश में करीब 10 लाख लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलने की उम्मीद है। समझौते से भारत से इन देशों को निर्यात होने वाले लगभग सभी औद्योगिक वस्तुओं से संबंधित क्षेत्रों को लाभ होने की संभावना है। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि भारतीय प्रसंस्कृत कृषि उत्पादों को भी ईएफटीए देशों में अधिक बाजार पहुंच मिल सकती है। इसके अलावा, उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के अंतर्गत आने वाले फार्मा, चिकित्सा उपकरण और प्रसंस्कृत खाद्य जैसे क्षेत्रों को भी समझौते में शामिल किया जा सकता है। सोया, डेयरी और संवेदनशील कृषि उत्पादों जैसी वस्तुओं को बहिष्करण सूची में रखा जाएगा। इसका अर्थ है कि इन वस्तुओं के लिए समझौते में कोई शुल्क रियायतें प्रदान नहीं की जाएंगी। भारत और ईएफटीए आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए जनवरी, 2008 से आधिकारिक तौर पर व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। अभी तक 10 मार्च को समझौते पर हस्ताक्षर की कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। समझौते में 14 अध्याय हैं। इनमें माल में व्यापार, उत्पत्ति के नियम, बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर), सेवाओं में व्यापार, निवेश प्रोत्साहन और सहयोग, सरकारी खरीद, व्यापार में तकनीकी बाधाएं और व्यापार सुविधा शामिल हैं। ईएफटीए ब्लॉक से चार मंत्री हस्ताक्षर में भाग ले सकते हैं। इन मंत्रियों में स्विस फेडरल काउंसलर और आर्थिक मामलों, शिक्षा और अनुसंधान विभाग प्रमुख गाइ पार्मेलिन, आइसलैंड के विदेश मंत्री बजरनी बेनेडिक्टसन, लिकटेंस्टीन के विदेश मंत्री डोमिनिक हस्लर, और नॉर्वे के व्यापार और उद्योग मंत्री जान क्रिश्चियन वेस्ट्रे हैं। भारत और ईएफटीए आर्थिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए जनवरी 2008 से समझौते पर बातचीत कर रहे हैं। ईएफटीए के कनाडा, चिली, चीन, मैक्सिको और कोरिया सहित 40 भागीदार देशों के साथ 29 एफटीए हैं।




## अश्विनी वैष्णव ने निवेटी सिस्टम्स की सराहना की

बेंगलुरु । केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को स्वदेशी रूप से विकसित 2.4 टीबीपीएस राउटर के लिए निवेटी सिस्टम्स की सराहना की। उन्होंने इसे देश के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। वैष्णव के पास इलेक्ट्रॉनिक्स, संचार, सूचना प्रौद्योगिकी और रेलवे विभाग हैं। उन्होंने यहां एक कार्यक्रम में कहा, मैं एक बहुत ही विशेष उद्देश्य के लिए बेंगलुरु आया हूं। स्वदेश में विकसित पहला 2.4 टीबीपीएस राउटर। यह कोई छोटी बात नहीं है। यह वास्तव में हमारे देश के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। वैष्णव ने कहा कि यह वास्तव में एक बहुत बड़ा मील का पत्थर है, जिसे हमने हासिल किया है। उन्होंने इच्छा जताई कि आने वाले महीनों में देश में ऐसे हजारों उत्पाद तैयार होंगे और निवेटी 2.4 टीबीपीएस एक ऐसा उत्पाद बने जो दुनिया भर में निर्यात किया जाए। वैष्णव ने रेखांकित किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का प्रौद्योगिकियों को विकसित करने और उन्हें बढ़ाने पर स्पष्ट ध्यान है। मंत्री ने कहा कि विनिर्माण अब पुराने जमाने का नहीं रहा, जहां यह व्यावहारिक रूप से एक यांत्रिक प्रकार की गतिविधि थी। उन्होंने बताया कि आज विनिर्माण एक ऐसा कार्य है, जहां हार्डवेयर में बहुत सारे सॉफ्टवेयर, नवाचार और मस्तिष्क की शक्ति का संयोजन है।

# कांग्रेस ने हमेशा किया पिछड़ों का विरोध

## सोनिया और लालू का एकमात्र लक्ष्य अपने बेटों को पीएम, सीएम बनाना : शाह

एजेंसी

पटना। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस की नेता सोनिया गांधी और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद का एकमात्र लक्ष्य अपने-अपने बेटों को क्रमशः प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री बनाना है।



शाह ने पटना के पालीगंज प्रखंड में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के ओबीसी मोर्चा द्वारा आयोजित पिछड़ा-अतिपिछडा महासम्मेलन में अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हालिया बिहार दौरे का जिक्र करते हुए कहा, अभी-अभी मोदी जी आए थे, उन्होंने देश भर में दो लाख करोड़ रुपये से ज्यादा विकास योजनाओं का उद्घाटन एवं लोकार्पण किया है। मगर मोदी जी को बिहार की जनता की ओर से एक विशेष बात के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। इतने सालों से कांग्रेस पार्टी और लालू प्रसाद यादव जी सत्ता में रहे, लेकिन उन्होंने कर्पूरी ठाकुर जी का सम्मान नहीं किया। बिहार के पिछड़ा वर्ग के हितैषी और बिहार के जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने का काम हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी ने किया है।

उन्होंने आरोप लगाया, कांग्रेस पार्टी ने हमेशा अपने परिवार का सम्मान किया। लालू जी ने भी पूरा जीवन पिछड़ों के नाम पर अपने परिवार के लिए जीया। शाह ने आरोप लगाया, कांग्रेस की नेता सोनिया गांधी का एकमात्र लक्ष्य राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना है। लालू जी का एकमात्र लक्ष्य अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना है। मुझे बताइए, जो अपने बेटे-बेटियों को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री बनाना चाहते हों, वे आपके बेटे का भला कर सकते हैं क्या। उन्होंने कहा, पिछड़ा, अति पिछडा वर्ग, गरीब और दलित का अगर कोई भला कर सकता है तो केवल और केवल नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी कर सकती है, इसलिए हमने कई प्रकार के काम गरीबों के लिए किया है। नरेन्द्र मोदी ने 10 साल के अंदर पिछड़ा, अति पिछडा वर्ग के लिए ढ़ेर सारे काम किए हैं।

लालू जी जिसकी गोदी में बैठे हैं, उस कांग्रेस पार्टी ने हमेशा पिछड़ा, अति पिछडा वर्ग का अपमान किया। शाह ने आरोप लगाया, मंडल आयोग की रिपोर्ट को इंदिरा गांधी ने दबा दिया और जब संसद में पेश हुआ तब राजीव गांधी ने दो घंटे भाषण देकर ओबीसी आरक्षण का विरोध किया और भारतीय जनता पार्टी ने इसका समर्थन किया। आज लालू प्रसाद उसी कांग्रेस पार्टी की गोदी में जाकर बैठे हैं, जिसने हमेशा ओबीसी का विरोध किया। उन्होंने आरोप लगाया, कांग्रेस पार्टी ने इतने वर्षों तक पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक मान्यता नहीं दी।

# देश में समानता बनाये रखने के लिए आपसी बंधुता जरूरी

एजेंसी



जयपुर। भारत के प्रधान न्यायाधीश डॉ. डी वाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि देश में समानता को बनाए रखने के लिए आपसी बंधुता जरूरी है।

उन्होंने सवाल किया कि अगर लोग एक दूसरे से लड़ेंगे तो देश आगे कैसे बढ़ेगा? न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि हमें संविधान की भावना के अनुरूप एक दूसरे के प्रति आदर का भाव रखना चाहिए। बीकानेर के महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय में हमारा संविधान हमारा सम्मान अभियान समारोह को संबोधित करते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा, हमारे संविधान निर्माताओं के मन में मानवीय गरिमा का सर्वोच्च महत्व था। उन्होंने कहा, डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर ने संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष के रूप में यह सुनिश्चित किया कि न्याय, स्वतंत्रता और समानता के मूल्यों के साथ साथ बंधुता और व्यक्ति की गरिमा की भावना को भी संविधान बढ़ावा दे। उन्होंने स्वतंत्रता व समानता के हनन के खिलाफ बंधुता को वास्तविक सुरक्षा कवच माना व उसे सबसे ऊंचा स्थान दिया। प्रधान न्यायाधीश के मुताबिक, कहने का मतलब यह है कि देश में समानता को बनाए रखने के लिए आपसी बंधुता जरूरी है। अगर लोग एक दूसरे से लड़ेंगे तो देश आगे कैसे बढ़ेगा। उन्होंने कहा, इसलिए जब हम हमारा संविधान, हमारा सम्मान कहते हैं तो हमें इस बात पर भी जोर देना होगा कि हम देश में बंधुता व भाईचारे को भी बढ़ावा दें। इन भावनाओं को अपने निजी जीवन में आत्मसात करें।

### संक्षेप

## इंडोनेशिया में बाढ़ और भूस्खलन से 10 की मौत

पडंग (इंडोनेशिया)। इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप पर मूसलाधार बारिश के कारण आई बाढ़ तथा भूस्खलन की वजह से कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई तथा 10 अन्य लापता हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रवक्ता डोनी यूसरीज़ल ने कहा कि पश्चिमी सुमात्रा प्रांत के पेसिसीर सेलेटन जिले में शुक्रवार देर शाम एक पहाड़ से कई मीट्रिक टन कीचड़, पत्थर और उखड़े हुए पेड़ नीचे आकर गिरे जिससे एक नदी का जल स्तर बढ़ा और पानी आसपास के गांवों में घुस गया। उन्होंने कहा कि बचावकर्मियों ने बुरी तरह से प्रभावित कोटो तरुसान गांव से सात शव और आसपास के अन्य गांवों से दो शव बरामद किए। 10 लोग लापता हैं। यूसरीज़ल ने कहा कि भूस्खलन के कारण 14 घरों के मिट्टी में दफन होने और 20 हजार घरों के बाढ़ की चपेट में आने के बाद करीब 46 हज़ार लोगों को अस्थायी सरकारी आश्रय स्थलों में स्थानांतरित किया गया है। उन्होंने कहा कि कीचड़ और मलबे के कारण राहत एवं बचाव कार्य में बाधा आई है। इंडोनेशिया में भारी बारिश की वजह से अक्सर बाढ़ आती है और भूस्खलन होता है।

# कांग्रेस के विकास का श्रेय ले रही भाजपा : खरगे

एजेंसी

मुंबई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को कहा कि देश के बुनियादी ढांचे को विकसित करने में उनकी पार्टी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, लेकिन सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इसका श्रेय लेने की कोशिश कर रही है।



खरगे ने यह भी कहा कि कांग्रेस राष्ट्रीय स्तर पर तभी मजबूत हो सकती है जब इसे मुंबई में मजबूत किया जाए। उन्होंने कहा कि पार्टी की शहर इकाई के पास संगठन के पुनर्निर्माण का एक बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने मुंबई में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के एक दिवसीय सम्मेलन का वीडियो लिंक के माध्यम से उद्घाटन करने के बाद कहा, कांग्रेस को मजबूत करना मुंबई में प्रत्येक पार्टी कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है। मुंबई और कांग्रेस का पुराना रिश्ता है क्योंकि पार्टी की स्थापना 28 दिसंबर, 1885 को यहीं हुई थी। रोजगार गारंटी योजना (ईजीएस) जैसे कई निर्णयों को कानून के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर अपनाए जाने से पहले कांग्रेस ने इनकी कल्पना राज्य में ही की थी। खरगे ने कहा, यदि आप इतिहास भूल गए तो आप भविष्य में कुछ नहीं कर सकते। नयी पीढ़ी को यह बताना कांग्रेस की जिम्मेदारी है कि उसने देश के लिए क्या किया है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत विलासराव देशमुख और पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल के दौरान मुंबई में शुरू की गई विभिन्न परियोजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पार्टी ने बुनियादी ढांचे एवं दूरसंचार क्षेत्र सहित कई क्षेत्रों में देश की प्रगति और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। खरगे ने देश की प्रगति का श्रेय लेने की कोशिश के लिए भाजपा की आलोचना की। उन्होंने कहा, भाजपा कांग्रेस और गांधी परिवार को केवल अपशब्द कहने का काम कर सकती है। इस परिवार का कोई भी सदस्य 1989 के बाद से मंत्री, मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री के रूप में सत्ता में नहीं रहा है। कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि बेरोजगारी देश के सामने सबसे बड़ी चुनौती है लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोचते हैं कि वह समृद्धि लाए हैं।

# राष्ट्र-विरोधी प्रवृत्तियों को खत्म करे युवा

एजेंसी



नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि मौजूदा दौर में भारतीय विधायिका में भी राष्ट्र-विरोधी बातें की जाती हैं और युवाओं पर देश के हितों के खिलाफ काम कर रही इन प्रवृत्तियों को खत्म करने की जिम्मेदारी है। श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (एसआरसीसी) के बहुउद्देशीय स्टेडियम का नाम पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली के नाम पर रखने के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए धनखड़ ने कहा, आज लोकतंत्र के सबसे पवित्र स्थल भारतीय विधायिका में भी कुछ राष्ट्र-विरोधी बातें की जाती हैं। कुछ ऐसे वर्ग हैं, जो हमें चिंता में डालते हैं। हमें यह समझना चाहिए कि राष्ट्रवाद कोई विकल्प नहीं है। इसके लिये 100 प्रतिशत प्रतिबद्धता की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, युवाओं को देश हित के खिलाफ काम कर रहीं इन प्रवृत्तियों को खत्म करना होगा।

# जापान की यात्रा ने द्विपक्षीय संबंधों को किया मजबूत : जयशंकर

एजेंसी



तोक्यो। विदेश मंत्री एस जयशंकर की जापान यात्रा के जरिये द्विपक्षीय सहयोग की समीक्षा करने और विशेष रणनीतिक साझेदारी को और आगे बढ़ाने के तरीकों का पता लगाने का मौका प्रदान किया। एक आधिकारिक बयान में शनिवार को यह जानकारी दी गई। जयशंकर तीन दिवसीय यात्रा पर जापान में थे।









Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com

C M Y K